राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-293
लखनऊ, बुधवार 12 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





ग्रामीण पर्यटन से मिलेगी स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति : जयवीर 03

विकसित भारत के लिए मिलकर करेंगे काम : शिवराज 12


# यूपी : नई तबादला नीति को मंजूरी

## जनपद में तीन वर्ष और मंडल में सात वर्ष पूर्ण कर चुके समूह क और ख के अधिकारियों का होगा स्थानांतरण

### सीएम योगी ने कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी मंजूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने मंगलवार को 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जनपद में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। वहीं समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। समूह क और ख के अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है।

इस स्थानांतरण नीति के तहत सभी स्थानांतरण आगामी 30 जून तक किए जाने हैं। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट बैठक में पारित प्रस्तावों के विषय में जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति में पिछले वर्ष की नीति के प्राविधानों का अनुसरण किया गया है। इसके तहत समूह क और ख के वो अधिकारी जिन्होंने अपने सेवाकाल में मंडल में 7 वर्ष और जनपद में 3 वर्ष पूरे कर लिए हों वो स्थानांतरण नीति के अंतर्गत आएंगे। इसके साथ ही समूह क और ख में स्थानांतरण संवर्ग वार अधिकारियों की संख्या अधिकतम 20 प्रतिशत होगी और समूह ग और घ के लिए अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत रखी गई है। उन्होंने बताया कि समूह ग और घ के लिए जो व्यवस्था की गई है उसके अनुसार सबसे पुराने अधिकारियों का पहले स्थानांतरण किया जाएगा। यदि 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी।



### एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले कर्मियों को वेतन वृद्धि का लाभ

कैबिनेट ने प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। इसके अनुसार अब 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो व्यवस्था थी उसके अनुसार 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। हालांकि अब कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के बाद ज्यूडिशियल कर्मचारियों को पहले ही इसका लाभ दिया जा चुका है और अब सरकारी कर्मचारी भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे।

### पांच विश्वविद्यालयों के नामों में होगा संशोधन

योगी सरकार ने प्रदेश के 5 विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया गया है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। महाराज सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का नाम अब महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ होगा। इसी तरह मां शाकुम्भरी देवी राज्य विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर से भी राज्य शब्द को हटाने को मंजूरी दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद का नाम गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रदेश के छात्र अपने ही प्रदेश में उच्च शिक्षा गृहण कर सकें। इसके लिए सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ ही प्राइवेट विश्वविद्यालय को भी प्रमोट किया जा रहा है। इसी क्रम में दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। इन दोनों ने अपने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

## लापरवाही बरतने वाले 124 राजस्व अफसरों को नोटिस

समृद्धि न्यूज

### स्वामित्व योजना के तहत यूपी के 13 जिलों की स्थिति पाई गई खराब

**लखनऊ।** राजस्व परिषद ने विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले 124 राजस्व अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। रियल टाइम खतौनी की निराशाजनक उपलब्धि, स्वामित्व योजना (घरौनी) दयनीय स्थिति, राजस्व वादों के निपटारे में हीलाहवाली समेत अन्य लंबित मामलों में राजस्व परिषद अध्यक्ष रजनीश दुबे के निर्देश पर इन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

राजस्व परिषद की बैठक में सोमवार को 30 जून तक पूरे राज्य में में ई-खतौनी (रियल टाइम खतौनी) का कार्य पूरा करने की अवधि तय की गई। उद्योगों से जुड़े भू-परिवर्तन के मामले भी इसी समयसीमा तक निपटाए जाएंगे। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड के जिलों की समीक्षा के दौरान स्वामित्व योजना (घरौनी) में 13 जिलों की स्थिति खराब पाई गई है। इस प्रकरण में संबंधित जिलों के नोडल अपर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।रियल टाइम खतौनी में असंतोषजनक प्रगति के कारण 62 अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया। राजस्व वादों के निपटारे में लापरवाही बरतने वाले सी श्रेणी के 26 अपर जिलाधिकारियों, सात उप जिलाधिकारियों, सात तहसीलदारों और नौ नायब तहसीलदारों को भी अध्यक्ष रजनीश दुबे के निर्देश पर आयुक्त और सचिव राजस्व परिषद द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, मध्य एवं पूर्वी उप्र. के 36 जिलों के अपर जिलाधिकारियों व मुख्य राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक में राजस्व परिषद अध्यक्ष ने 30 जून तक सभी जिलों में ई-खतौनी का कार्य पूरा करने की हिदायत दी। समीक्षा में प्रयागराज और वाराणसी जिले की स्थिति भी असंतोषजनक पाई गई। उद्योगों से जुड़े भू-परिवर्तन के लंबित मामलों की समीक्षा के क्रम में लखनऊ, प्रयागराज और बाराबंकी जिले की स्थिति खराब पाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### चार बच्चे बागमती नदी में डूबे, तीन के शव बरामद

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां पर बागमती नदी में नहाने गए चार बच्चों की डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने तीन बच्चों का शव बरामद कर लिया है, जबकि एक बच्चे की तलाश अभी भी जारी है। इस घटना के बाद गांव में मातम का माहौल पसर गया है। घटना जिले के सुप्पी थाना क्षेत्र के अख्ता गांव के समीप सतार घाट की है। मंगलवार को चारों बच्चे सतार घाट पर नहाने गए हुए थे। इसी दौरान चारों गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफकी टीम ने 3 तीन बच्चों का शव बरामद कर लिया है, वहीं एक बच्चे की तलाश जारी है।

### अरुणाचल के लिए रविशंकर और चुघ होंगे केंद्रीय पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने अरुणाचल प्रदेश में विधायक दल के नेता के चयन के लिए वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। राज्य की 60 विधानसभा सीट में से भाजपा ने 46 पर जीत दर्ज की। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने 05 सीट हासिल की हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 03, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने 02, कांग्रेस ने 01 और निर्दलीयों ने 03 सीट पर जीत हासिल की है।

### माझी होंगे ओडिशा के सीएम परिडा व केवी उप मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** केन्दुझर से विधायक तथा राज्य के जनजातीय नेता मोहन माझी ओडिशा के नये मुख्यमंत्री होंगे। उनके साथ-साथ पटनागढ़ से विधायक कनक वर्धन सिंह देव और निमापडा से विधायक प्रवाति परिडा उप मुख्यमंत्री बनेंगी। भुवनेश्वर में आज भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। केन्द्रीय पर्यवेक्षक केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व भूपेन्द्र यादव की उपस्थिति में विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में बीजद को सत्ता से बाहर किया है।

### चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के सीएम पद की शपथ

**अमरावती।** विजयवाड़ा के गणनावरम हवाई अड्डे के निकट शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। चंद्रबाबू नायडू बुधवार सुबह 11.27 बजे केसरपल्ली के आईटी टॉवर में सीएम पद की शपथ लेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कई एनडीए गठबंधन के नेता उपस्थित रहेंगे। विजयवाड़ा पुलिस आयुक्त ने बताया कि सात हजार पुलिसकर्मियों के साथ भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। पुलिस का कहना है कि केवल पास वाले वाहनों को ही विधानसभा परिसर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। एनटीआर जिला सीपी पीएचडी रामकृष्ण ने कहा कि शहर में जिन होटलों में वीआईपी रुकते हैं, वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। तेलुगु देशम, बीजेपी, जनसेना के नेता और राज्य के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता पहले से ही शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने विजयवाड़ा पहुंच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रात विजयवाड़ा पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 10.45 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक विजयवाड़ा में रहेंगे। राज्य के मुख्य सचिव नीरभ कुमार ने पीएम के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की।

### पीएलएफआई के दो उग्रवादियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**रांची।** एनआईए ने मंगलवार को पीएलएफआई के दो उग्रवादियों के खिलाफ रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत में मंगलवार को आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोपितों की पहचान निवेश कुमार उर्फ निवेश पोद्दार और रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित के रूप में की गई है। एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में इन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न अपराधों के लिए आरोप पत्र दाखिल किया गया है। निवेश पर आईपीसी और यूए(पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### सलमान खान आवास फायरिंग मामले में बिश्नोई गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर फायरिंग मामले में पनवेल पुलिस ने बिश्नोई गैंग के गुर्गे मोहम्मद उर्फ वसीम चिकना को संभाजीनगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम वसीम चिकना से गहन पूछताछ कर रही है। सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले में पुलिस अब तक 5 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनकी निशानदेही पर पनवेल पुलिस की टीम ने आज सुबह छत्रपति संभाजीनगर शहर के जलानगर इलाके के अलंकार अपार्टमेंट में छापा मार कर मोहम्मद उर्फ वसीम चिकना को गिरफ्तार किया। पुलिस वसीम चिकन से गहन पूछताछ कर रही है।

## पुलिस ने मल्लावां बॉर्डर से करणी सेना के अध्यक्ष को हिरासत में लिया

समृद्धि न्यूज

### पाली हत्याकांड पर फिर बवाल, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई के पाली में युवराज सिंह हत्याकांड पर एक बार फिर से राजनीति शुरू हुई जिसके बाद हंगामा और बवाल हो गया। पाली में पुलिस पर पत्थरबाजी की गई तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर हंगामा करने वालों को खदेड़ा। पुलिस ने करणी सेना के अध्यक्ष को मल्लावां बॉर्डर से हिरासत में लिया।

वहीं बसपा नेता राजवर्धन सिंह को भी पाली में हिरासत में लिया गया है। दरअसल, पाली में 30 मई को युवराज सिंह युवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के मामले में एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ था बाकी अन्य गिरफ्तार होकर जेल चले गए हैं और पूरे मामले में विधिक प्रक्रिया चालू है।

ऐसे में फिर एक बार राजनीति गर्म हो गई जब करणी सेना के अध्यक्ष वीर प्रताप उर्फ वीरू पाली का घेराव करने आने के लिए ऐलान कर दिए थे, ऐसे में पुलिस प्रशासन वहां पर मुस्तैदी से लगा हुआ था। पाली में बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू भी पहुंचे इसके बाद माहौल गर्म हो गया।

### मशहूर एक्टर-प्रोड्यूसर मर्डर केस में गिरफ्तार पत्नी भी हिरासत में

**बेंगलुरु।** लोकप्रिय अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को बेंगलुरु में एक व्यक्ति की हत्या में कथित भूमिका के लिए हिरासत में लिया गया। दर्शन की पत्नी पवित्रा गौड़ा और 10 अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। 47 वर्षीय अभिनेता को मैसूर में उनके फार्महाउस से उठाया गया और पूछताछ के लिए बेंगलुरु वापस लाया गया। पीड़िता, रेणुका स्वामी (33), बेंगलुरु के सुमनहल्ली ब्रिज पर मृत पाई गई थी। वह चित्रदुर्ग में अपोलो फार्मेसी शाखा में काम करता था और उसने कथित तौर पर दर्शन की पत्नी को अपमानजनक संदेश भेजे थे। तीन लोगों ने हत्या की बात कबूल की और कहा कि उन्होंने कथित तौर पर अभिनेता दर्शन के निर्देश पर अपराध किया था।

## सुविधा : 18 से शुरु होगी जम्मू से माता वैष्णो देवी भवन तक सीधी हेलिकॉप्टर की सेवा

### श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की घोषणा

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू से रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी के भवन गुफा मंदिर तक आने-जाने के लिए 18 जून से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीबी) ने सोमवार को यह घोषणा की। यह कदम तीर्थयात्रा को सुव्यवस्थित करने और दुनिया भर से गुफा मंदिर में पूजा करने के लिए आने वाले भक्तों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयासों के तहत उठाया गया है।



एसएमवीडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने कहा, बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए बोर्ड ने 18 जून से जम्मू से भवन तक सीधे हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। गर्ग ने कहा कि पैकेज के तहत भक्तों को बैटरी कार सेवा, प्राथमिकता पर दर्शन, प्रसाद और रोपवे सेवा सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा, ये सभी सुविधाएं एक पैकेज के रूप में दी जा रही हैं। लोग हमारी वेबसाइट के माध्यम से हेलीकॉप्टर सेवा की बुकिंग कर सकते हैं और सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, श्रद्धालुओं को मंदिर के पास पंछी हेलीपैड पर उतरने के बाद भवन ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों को एक विशेष दर्शन पर्ची, प्रसाद, भैरव मंदिर में पूजा करने के लिए प्राथमिकता टिकट, केबल कार और पंछी हेलीपैड पर पहुंचने और जम्मू हवाई अड्डे के लिए हेलीकॉप्टर में सवार होने के लिए बैटरी कार सेवा प्रदान की जाएगी।

## नीट काउंसलिंग पर नहीं लगेगी रोक : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा।





न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा, यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। पीठ ने कहा, श्श्आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी।

### एटीएस ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले चार बांग्लादेशी किए गिरफ्तार

**मुंबई।** एंटी टेररिस्ट स्कॉड टीम ने मुंबई में फर्जी दस्तावेज की मदद से लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले चार बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस इन चारों को फर्जी दस्तावेज बनवाने में मदद करने वाले शख्स की तलाश कर रही है। इसी सूचना के आधार पर एटीएस टीम ने रियाज़ हुसैन शेख (33 वर्ष) को अंधेरी से, सुल्तान सिद्दिकी शेख (54 वर्ष) को मालाड मालवणी से, इब्राहिम शफीउल्लाह शेख (46 वर्ष) को माहुल गांव और फारूक उस्मान गनी शेख (39 वर्ष) को जोगेश्वरी से गिरफ्तार किया है।

## टैक्स डिवोल्यूशन पाने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश को मिला पहला स्थान

एजेंसी

### जून के लिए राज्यों को 1,39,750 करोड़ का कर हस्तांतरण

**नई दिल्ली।** केंद्र ने जून के लिए राज्यों को 1,39,750 करोड़ का टैक्स डिवोल्यूशन (कर हस्तांतरण) जारी करने की मंजूरी दे दी।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि डिवोल्यूशन अमाउंट की नियमित रिलीज के अलावा, अतिरिक्त किस्त जारी करने का भी फैसला लिया है। टैक्स डिवोल्यूशन यानी, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच टैक्स रेवेन्यू का डिस्ट्रीब्यूशन। यह केंद्र और राज्यों के बीच कुछ टैक्सों से होने वाली कमाई को उचित व न्यायसंगत तरीके से अलॉकेट करने के लिए स्थापित एक कॉन्स्टिट्यूशनल मैक्निज्म है। अभी केंद्र सरकार जो भी टैक्स कलेक्ट करती है उसका 41 प्रतिशत राज्यों को एक वित्त वर्ष में 14 किश्तों में वितरित करती है। 2024-25 में जून महीने के लिए इस राशि के साथ कुल 2 लाख 79 हजार 500 करोड़ रुपए राज्यों को दिए गए हैं। सबसे ज्यादा टैक्स डिवोल्यूशन पाने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश (25069 करोड़) पहले नंबर पर है।

### सपा विधायक सोलंकी पर सजा बढ़वाने के लिए हाईकोर्ट में अपील करेगी पुलिस

**कानपुर।** आगजनी मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच आरोपितों को कोर्ट ने भले ही सजा सात साल की सुना दी हो, लेकिन कमिश्नरेट पुलिस के मुताबिक सजा कम है। इसको लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने फैसला लिया है कि सपा विधायक समेत सभी आरोपितों की सजा बढ़वाने के लिए हाईकोर्ट में अपील की जाएगी। जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा के घर पर आगजनी मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपितों के खिलाफ एमपीएमलए कोर्ट ने सात जून को सात साल की सजा सुनाई थी।

## चीन सीमा मुद्दे व आतंक खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करेगा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत, चीन के साथ सीमा पर शेष मुद्दों को हल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से जारी सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में काफी तनाव आया है।

विदेश मंत्री के रूप में कामकाज संभालने के कुछ ही समय बाद जयशंकर ने पाकिस्तान से होने वाले सीमापार आतंकवाद का जिक्र किया और कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए प्रयास किये जाएंगे।राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और निर्मला सीतारमण सहित भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं को पिछली सरकार में संभाले गए मंत्रालयों की जिम्मेदारी पुनरू सौंपी गई है और उनमें जयशंकर (69) भी हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि 'भारत प्रथमश् और 'वसुधैव कुटुम्बकम भारतीय विदेश



नीति के दो दिशानिर्देशक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''चीन को लेकर हमारा ध्यान इस बात पर होगा कि बाकी मुद्दों को कैसे सुलझाया जाए। भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध जारी है और सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि, दोनों पक्ष कई टकराव वाले बिंदुओं से पीछे हट गए हैं। इस्लामाबाद को लेकर नई सरकार के रुख के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने प्रमुख मुद्दे के रूप में सीमापार आतंकवाद के लिए पाकिस्तान के समर्थन को चिह्नित किया।

नई व्यवस्था

### यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने प्रक्रिया शुरू करने की दी मंजूरी

## विश्वविद्यालयों में अब साल में दो बार होंगे एडमिशन

### जुलाई के बाद जनवरी में भी मिलेंगे दाखिले प्लेसमेंट ड्राइव भी दो बार होगी आयोजित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अब यूनिवर्सिटी और कॉलेज में साल में 2 बार एडमिशन लेने का मौका मिलेगा। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यानी यूजीसी ने यूनिवर्सिटीज और हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स में साल में दो बार एडमिशन की प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी दे दी है।

यूजीसी चेयरमैन जगदीश एम कुमार का कहना है कि इससे स्टूडेंट्स के लिए मौके बढ़ेंगे और इंडियन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस ग्लोबल स्टैंडर्ड के बनेंगे। यूजीसी चीफ ने ये भी जानकारी दी कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव भी साल में दो बार आयोजित की जाएगी। ऐसे में स्टूडेंट्स को साल में दो बार रोजगार पाने का मौका मिलेगा। दो बार एडमिशन की व्यवस्था होने से बोर्ड रिजल्ट में देरी, हेल्थ इश्यूज या निजी कारणों के चलते शुरुआती एडमिशन साइकल से चूक गए स्टूडेंट्स को दोबारा एडमिशन लेने का मौका मिलेगा। इस व्यवस्था के चलते स्टूडेंट्स मोटिवट होंगे और उनमें साल बर्बाद होने का भय भी खत्म हो जाएगा। साल में दो बार एडमिशन की प्रक्रिया को अपनाना अनिवार्य नहीं। साल में दो बार एडमिशन की प्रक्रिया को अपनाना अनिवार्य नहीं है। इंस्टीट्यूशंस बाईएनुअल एडमिशन की प्रक्रिया को तभी शुरू कर सकते हैं, जब वे फैकल्टी मेंबर्स, एम्प्लॉईज और स्टूडेंट्स को मैनेज करने के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव रूप से तैयार हों। जो हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस ये फैसला लेंगे, उनके पास जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर होना अनिवार्य है। वे इस अवसर का लाभ उठाकर स्टूडेंट्स के दाखिले को बढ़ा सकते हैं और इस इनोवेटिव प्रोग्राम को शुरू कर सकते हैं।



### 2024-25 एकेडमिक सेशन से लागू होगा नियम

साल में 2 बार यानी बाईएनुअल एडमिशन का प्रोसेस 2024-25 एकेडमिक सेशन से ही लागू होगा। पहली एडमिशन साइकल जुलाई-अगस्त में जबकि दूसरी जनवरी-फरवरी में आयोजित की जाएगी। इस फैसले पर यूजीसी चेयरमैन ने कहा, अगर इंडियन यूनिवर्सिटीज साल में दो बार एडमिशन देंगी, तो ये बहुत से ऐसे स्टूडेंट्स के लिए फायदेमंद होगा, जो बोर्ड रिजल्ट में देरी या किन्हीं अन्य कारणों से जुलाई-अगस्त सेशन में एडमिशन लेने से चूक जाते हैं।

### इसी साल बदला है पीएचडी एडमिशन का नियम

यूजीसी ने 2 अप्रैल को पीएचडी एडमिशन के नियमों में भी बदलाव किया है। 2024-25 सेशन से पीएचडी एडमिशन के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी नेट के स्कोर स्वीकार किए जाएंगे। अभी पीएचडी कोर्सेज में दाखिले के लिए यूनिवर्सिटीज अलग-अलग एडमिशन टेस्ट आयोजित करती थीं। ऐसे में नई व्यवस्था से अब पीएचडी कैंडिडेट्स को एडमिशन के लिए एक से ज्यादा एग्जाम्स नहीं देने होंगे। ये फैसला एनईपी 2020 के तहत लिया गया है। 13 मार्च को आयोजित यूजीसी की 578वीं बैठक में ये फैसला लिया गया। इसका सुझाव एक एक्सपर्ट कमेटी द्वारा दिया गया था। यूजीसी नेट साल में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित किया जाता है। नेट स्कोर कार्ड की मदद से कैंडिडेट्स जूनियर रिसर्च फेलोशिप और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्तियों के लिए एलिजिबिल होते हैं।

# खाद में निकले पत्थर के टुकड़े, हुई शिकायत

- जांच करने आए अधिकारी ने कहा 40 प्रतिशत तो बेस्ट होता है इस पर जब किसानों ने कहा क्या बेस्ट मेटेरियल में पत्थर होते है, यदि ऐसा है तो लिखित दीजिए



**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

एन पी के खाद में कंकड़ पत्थर निकलने का मामला प्रकाश में आया है जिसके बाद किसान ने खाद खेत में न डालकर बोरी को सुरक्षित रख लिया हालांकि किसान ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। यह मामला सहकारी समिति से क्रय की गयी इफको कंपनी द्वारा निर्मित एन पी के खाद का है।

किसान द्वारा दूरभाष के जरिए जानकारी दी गई। संवाददाता द्वारा उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई। जानकारी पाकर पहुंचे अधिकारियों ने जांच कर सैंपल भर लिए है। जानकारी के अनुसार विकास क्षेत्र के गांव संडिलवा निवासी किसान शालू सिंह अपने गन्ने के खेत में एन पी के खाद बुवाई करने के लिए गांव में ही स्थित साधन सहकारी समिति संडिलवा से एक बोरी एन पी के खाद क्रय की थी। किसान उस खाद को देखकर तब दंग रह गया जब उसने खाद बुवाई के लिए बोरी खोली। एन पी के खाद में छोटे छोटे कंकड़ पत्थर मिलने शुरू हुए। तब किसान ने पूरी बोरी में गौर से देखा तो उसमे और अधिक कंकड़ मिलने शुरू हो गए। किसान शालू सिंह ने उस बोरी को सुरक्षित रखते हुए मीडिया को खबर की जैसे ही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए गांव आकर किसान से संपर्क कर स्थिति जानी उसके बाद सहकारी समिति जाकर बोरियां खुलवाकर जांच की तो जितनी बोरी खोली गई सभी बोरियो का वही हाल था। जांच करने वाले विभागीय अधिकारियों ने खाद के सैंपल लेकर दूसरी समिति पर जांच करने पहुंच गए। सहायक निबंधक सहकारी समितियां, इफको अधिकारी, गांव आकर किसान से संपर्क कर स्थिति जानी उसके बाद सहकारी समिति जाकर बोरियां खुलवाकर जांच की तो जितनी बोरी खोली गई सभी वही हाल था। इस पर जांच करने आए अधिकारी ने कहा चालीस प्रतिशत तो बेस्ट होता ही है इस पर जब किसानों ने कहा क्या बेस्ट मेटेरियल में पत्थर होते है, यदि ऐसा है तो लिखित दीजिए, तब जांच करने आए अधिकारी बिल्कुल शांत हो गए। जो बोरी किसान समिति से ले गया था अधिकारियों ने लिखित देकर कि बोरी में पत्थर जैसे टुकड़े मिले है। किसान को चौदह सौ रुपए वापस कर बोरी अपने साथ ले गए।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए तीन मैचों में एक लीग मैच व दो मैच सुपर लीग खेले गए

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**



कस्बे में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में रायपुर ने सुपर लीग, राज इलेवन मितौली व सिद्दीकी इलेवन ने जीत दर्ज कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया है।

कस्बे में खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को तीन मैच खेले गए। जिसमे एक लीग मैच व दो मैच सुपर लीग खेले गए। तीनो मैच 12-12 ओवर के खेले गए। पहला सुपर लीग मैच गहिया व राज इलेवन मितौली के मध्य खेला गया। राज इलेवन मितौली की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाज करने उतरी गहिया की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर 7 विकेट खोकर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राज इलेवन मितौली ने 11 ओवर में 6 विकेट से मैच जीत लिया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए विमल राज बटलर ने 77 रन बनाकर नाबाद रहे। राज इलेवन के विमल राज बटलर को मैच ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच लीग मैच बंजारा इलेवन व रायपुर के मध्य खेला गया। बंजारा इलेवन की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बंजारा इलेवन 12 ओवर में 151 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर की टीम ने 11.5 ओवर में 4 विकेट से मैच जीत लिया। रायपुर की टीम की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए ब्रम्हा ने 65 रन बनाकर 3 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

## बड़े मंगल पर भण्डारों की होड़, हनुमान भक्तों ने स्टाल लगाकर बांटी पूरी-सब्जी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमत भक्तों द्वारा जगह-जगह पर स्टाल लगाकर पूरी सब्जी छोले चावल हलवा बूंदी आदि का वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में आज जितेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट नितेश कुमार सिंह द्वारा भटखेड़ा बाईं स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर सुंदरकांड के पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर में हाईवे पर स्थित आर आर मोबाइल शॉप पर सुधीर जायसवाल विकास पांडे विक्की डॉक्टर विवेक गुप्ता अनूप सिंह द्वारा नगर में ऊंजी ऑटो सेल्स के निकट आकाश वर्मा एवं उनके साथियों द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के निकट अशोक गुप्ता द्वारा एसडीएम आवास के सामने अमन पांडे एवं उनके साथियों द्वारा ग्राम पंचायत गौतीना में प्रधान निलेश कुमार पाल द्वारा स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

# तीसरे बड़े मंगल पर बांकेगंज में रही भंडारों की धूम

- पूरा दिन बांकेगंज कस्बे में बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे



**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**

लखीमपुर खीरी जिले में जगह-जगह शबीलें लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर जिले भर में भंडारों की धूम रही।

मंदिरों के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया।

जेष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर बांकेगंज कस्बे में जगह-जगह पर भंडारे एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। बांकेगंज कस्बे में मुख्य चौराहे बाजार पर राजीव कौशल के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने श्री बालाजी महाराज का प्रसाद ग्रहण किया। कस्बा स्थित हनुमान मंदिर पर भी भक्तों ने बूंदी लड्डू का प्रसाद वितरण किया। गोला कुकरा मार्ग पर तथा सरकारी हॉस्पिटल सहित अन्य कई जगहों पर जेस्ठ माह के बड़े मंगल को लेकर प्याऊ लगाए गए। भक्तों ने आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। बांकेगंज में स्थानीय श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं शिवजी मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया बड़े मंगल पर कस्बा बांकेगंज में हनुमान मंदिर पर सैकड़ो भक्तों ने दर्शन कर पूजा पाठ किया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरा दिन बांकेगंज कस्बे में बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे।

# राशन कार्ड होने पर भी कार्ड धारकों को नहीं मिल रहा राशन

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

राशन कार्ड बना होने के बावजूद भी कोटेदार के द्वारा दर्जनों ग्रामीणों को राशन ना देने का मामला प्रकाश में आया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार द्वारा अंगूठा लगवा लिया जाता है और राशन देने की बात जब आती है तो राशन देने से मना कर दिया जाता है और अगले महीने देने की बात कह कर वहां से भगा दिया जाता है। इस संबंध मे धौरहरा तहसील की ग्राम पंचायत अदलीश पुर की माया देवी, अनूप कुमार, सुरेश, संतराम, संजीत एल, राकेश, दीपक, जमुना प्रसाद, श्याम किशोर, कुलदीप, सोनू, मोहनलाल समेत कई ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी धौरहरा को प्रार्थना पत्र देकर कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। दिए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने कोटेदार पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए बताया है कि जब हम लोग महीने का राशन लेने के लिए कोटे पर जाते हैं तो कोटेदार सुहासिनी द्वारा हम लोगों का अंगूठा लगवा लिया जाता है और राशन नहीं दिया जाता है तथा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है जिससे हम सभी परेशान रहते हैं तथा हम लोगों को अगले महीने राशन देने की बात बताकर वहां से भगा दिया जाता हैं। पिछले कई महीनो से कोटेदार द्वारा यही कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कार्यवाही की मांग की है।

# 75 किलो के लड्डू का लगाया भोग, कफारा से शारदा नगर बालाजी मंदिर पहुंची हनुमत पदयात्रा

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**



कफारा के प्रसिद्ध श्री लीला नाथ मंदिर से बालाजी मंदिर शारदा नगर के लिए पंचम श्री हनुमत पदयात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने 75 किलो के लड्डू का बालाजी को भोग लगाया। यात्रा का शुभारंभ शिक्षा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर ने किया। धौरहरा तहसील क्षेत्र के ग्राम कफारा के प्रसिद्ध श्री लीला नाथ मंदिर से पंचम श्री हनुमत पद यात्रा श्री बालाजी मंदिर शारदा नगर के लिए निकाली गई।

यात्रा का शुभारंभ धौरहरा पूर्व भाजपा जिला मंत्री अनुराग मिश्रा एवं शिक्षा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर ने श्री लीला नाथ की पूजा के साथ किया। इस पदयात्रा में कामिल भारी संख्या में श्रद्धालु 15 किलोमीटर पैदल चलकर शारदा नगर के प्रसिद्ध बालाजी मंदिर पहुंचे, जहां बालाजी जी को 75 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। इस मौके पर मुख्य आयोजक कौशल तिवारी, गोपाल शंकर अवस्थी, राजीव जायसवाल पूर्व चेयरमैन, धौरहरा महेश गंभीर, , शशांक शुक्ला, प्रेम जायसवाल, राकेश मिश्रा, हरीश अवस्थी कृष्ण कुमार शुक्ला, विवेक सिंह,राशीष अवस्थी,अशोक निगम राम बहादुर गिरी,संजय दीक्षित, सरयू प्रकाश पान्डेय,विकास जायसवाल, अनूप तिवारी, अनूप तिवारी,उत्तम राज, बीरन सिंह, रमाशंकर निगम, शुनील निगम आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कार्यों मे अनियमितता बरतने को लेकर लेखपाल निलंबित

**धौरहरा खीरी।** तहसील क्षेत्र के एक लेखपाल को भ्रष्टाचार,कार्यों मे अनियमितता बरतने को लेकर एसडीएम धौरहरा ने डीएम के निर्देश पर निलंबित कर दिया। लेखपाल के निलंबन की खबर से लेखपालों मे हड़कंप मच गया। तहसील धौरहरा के सदर मे तैनात लेखपाल अरविन्द कुमार को किए जा रहे भ्रष्टाचार, सरकारी कार्यों मे अनियमितता के चलते डीएम खीरी के निर्देश पर एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया की सदर लेखपाल अरविन्द के द्वारा सरकारी कार्य मे अनियमितता व सदर एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर बनाने के मामले मे निलंबित किया गया है।

### तीन दम्पत्ति गिले शिकवे भुलाकर हुए एक साथ

**बाराबंकी।** महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से पारिवारिक/वैचारिक मतभेद भुलाकर 03 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक/वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्राप्त प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप मंगलवार को हेल्प डेस्क व शिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त 06 प्रकरण में दोनों दम्पतियों को बुलाकर सुना गया जिसमें 03 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातों को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा समझौते के पुनरावलोक हेतु दम्पति को 15 दिवस बाद पुनः बुलाया गया है, जिससे समझौता दम्पति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी रहे।

### ट्रैफिक पुलिस के कार्यालय का हुआ लोकार्पण




**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय का जीर्णोद्धार के उपरांत लोकार्पण किया गया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बाराबंकी में यातायात कार्यालय का जीर्णोद्धार के उपरांत लोकार्पण किया गया। यातायात कार्यालय से नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु के प्रमुख चोराहों, मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मानीटरिंग की जा रही है। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यातायात कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया, यातायात प्रभारी रामयतन यादव अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# जगह-जगह बाला जी के भक्तों ने किया विशाल भंडारा आयोजित



**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में जेष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को जगह-जगह बाला जी के भक्तो ने बड़ी श्रद्धा भाव के साथ बालाजी महाराज की आरती भोग लगाकर प्रसाद वितरण के साथ जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कस्बे में अटल एवं वेद प्रकाश राठौर किराना स्टोर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली के सामने स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्त के द्वारा छोले चावल हलुआ, सरदार इकबाल सिंह बग्गा, लखबीर सिंह राजू के प्रतिष्ठान पर छोले चावल, शिवकुमार कटियार के प्रतिष्ठान पर मीठा शरबत, सोहनलाल राठौर साइकिल स्टोर के आवास पर छोले चावल पूड़ी सब्जी। पत्रकार सर्वेश कटियार अपने कार्यालय पर मीठा शरबत, रामसागर पाल अपने आवास बाजार रोड पर पूड़ी सब्जी हलुवा, विवेक गौतम नहर की पुलिया के निकट अपने आवास पर, पंचमुखी हनुमान मंदिर पर बूंदी हलुवा शरवत और कस्बे में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर आशीष गुप्ता, अमित कुमार गुप्त, जितेंद्र सिंह बग्गा, रमेश मिश्र सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक माताएं बहने और बालाजी के भक्त मौजूद रहकर सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बने।

### पकरिया में हनुमान भक्तों ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

खमरिया पंडित खीरी क्षेत्र में जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर भक्तों द्वारा जगह जगह स्टांल लगाकर राहगीरो को शरबत पिलाया गया साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया।
तीसरे बड़े मंगल को सुबह से ही हनुमान भक्तों की भीड़ होने लगी भक्तों ने प्रसाद चढ़ाने के बाद आशीर्वाद मांगा तथा परिवार के सुख समृद्धि की कामना की इसके बाद हनुमान भक्तों ने कस्बा खमरिया पंडित स्थित तमाम जगहों पर स्टाल लगाकर राहगीरों को शर्बत पानी पिलाया।
श्रद्धालुओं द्वारा ग्राम पंचायत पकरिया में भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान भक्तों द्वारा पकरिया शिव मंदिर पर भण्डारे का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन करने वालों में मुख्य रुप से रजनीकांत मिश्र अनिल मिश्र अटल राजपूत राहुल मिश्र अमित मिश्र निर्देश मिश्र विपिन दीक्षित। सचिन दीक्षित कमलेश पाल आदि लोगों ने सहयोग किया।



### गैस सिलेंडर फटने से दो घर जलकर राख

**बिजुआ खीरी।** कोतवाली भीरा क्षेत्र के डिमरौल में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गयी, आग से दो घर जलकर राख हो गए ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया, सूचना पर भीरा पुलिस मौके पर पहुँच गयी। हादसा ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के डिमरौल गांव में हुआ जहा नसरुद्दीन के घर सोमवार देर रात गैस सिलेंडर फटने की वजह से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया और पड़ोस में रहने वाले कौशल के घर को भी आग ने अपने आगोश में ले लिया जिससे घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी भीरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे भीरा थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी व चौकी इंचार्ज बिजुआ चेतन तोमर मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाते मकान व घर का सारा सामान जलकर राख हो गया मौके पर किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई।

# लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट लोक सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, चकबंदी , व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी नें लक्षित राजस्व देयों की वसूली में सुधार लाते हुये समय सीमा के अन्दर शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए राजस्व वसूली में वृद्धि करना सुनिश्चित करें।

डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण के प्रति उनकी संतुष्टि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# गोप ने भण्डारों में पहुंचकर किया पूजा अर्चना



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

महाबली हनुमान जी के भक्तों की सेवा करने से जो पुण्य मिलता है उस पुण्य से जीवन के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं महाबली की सेवा करने वाला मनुष्य कभी भी दुखी नहीं रहता। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आज जेष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर महाबली बजरंगबली महाराज के भक्तों की सेवा के लिए नगर के नाका पैसार मौर्या मार्केट में भूपेंद्र सिंह बबलू एवं राजेश मौर्य द्वारा, देवा रोड पर पंकज गुप्ता पंकी के आवास अमर विला पर, राजकमल रोड पर अमरेंद्र वर्मा द्वारा, आवास विकास टेलीफोन एक्सचेंज पर सपा महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती पूनम यादव एवं उनकी टीम द्वारा, गायत्री मंदिर पर चौहान गेस्ट हाउस के प्रबंधक सुरेश चौहान द्वारा, असेनी मोड संतोष झुनझुनवाला के प्रतिष्ठान साथ शहर के कई स्थानों पर आयोजित भंडारों मे संकट हर्ता पवन पुत्र महाबली महाराज का दर्शन पूजन कर महाबली को भोग अर्पण करने के उपरांत भंडारों का शुभारंभ करते हुए भंडारों में उपस्थित भक्तों मे प्रसाद वितरित करते हुए कहीं।

राष्ट्रीय सचिव ने भक्तों के साथ प्रसाद ग्रहण करते हुए कहा हनुमान जी के सेवक को कभी संकट का सामना नहीं करना पड़ता पवनसुत अपने सभी भक्तों के संकटों का निवारण क्षण भर में कर देते हैं अगर कभी पवन पुत्र के भक्तों पर विपदा पड़ भी जाती हैं तो उसका निवारण करने में बजरंगबली जी महाराज रत्ती भर भी देर नहीं करते इसीलिए सभी को जरूरतमंद की सेवा किसी ना किसी रूप में करते रहना चाहिए जरूरतमंदों की सेवा करने से पूण्य के साथ तन और मन को भी संतुष्टि प्राप्त होती है।

## 16 लाख की मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सफदरगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 लाख रुपये कीमत की मारफीन बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई मे पुलिस टीम ने रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रजनापुर मजरे महादेवा निवासी मेराज उर्फ़ मुन्ना पुत्र मो0 हसन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 165 ग्राम मारफीन बरामद की अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

# पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदारों को किया प्रशिक्षित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में तहसील सिरौली गौसपुर के पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह द्वारा तहसील क्षेत्र के सभी समस्त उचित दर विक्रेताओं को सोमवार व मंगलवार को भिन्न भिन्न पालियों में ई केवाईसी के सम्बन्ध में प्रशिक्षित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये। पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह द्वारा उचित दर विक्रेताओं को अवगत कराया गया कि ई केवाईसी प्रक्रिया में राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति को नजदीकी कोटे की दुकान पर जाकर ई केवाईसी करानी होगी। इस प्रक्रिया में व्यक्ति कार्ड धारक के स्वयं उपस्थित होने के साथ ही साथ आधार कार्ड व मोबाईल नम्बर की आवश्यकता रहेगी।

ई केवाईसी के माध्यम से मृतक, विवाहित पुत्री अथवा पलायन यूनिट का सत्यापन किया जा सकेगा सत्यापन के बाद उक्त यूनिट को विलोपित कर नये राशन कार्ड अथवा यूनिट वृद्धि सम्बन्धी कार्य को गति मिलने की सम्भावना है। इस सम्बद्ध में पूर्ति निरीक्षक अनुज सिंह ने बताया कि सभी लाभार्थियों को ई केवाईसी करवाना अनिवार्य है।




### गांवो में खुले आरोग्य बने शोपीस, अव्यवस्था का शिकार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते गांवों में खोले गए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है इन मंदिरों के खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित नहीं होने पर मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत हुसैनाबाद एवं मकनपुर में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का है जहां पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को आज ताला बंद मिला। गौरतलब हो कि मरीजों को सामान्य बीमारियों का इलाज मिलने के साथ ही गंभीर रोगों का परामर्श दिए जाने के लिए ही इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की तैनाती की गई है सेंटरों पर मलेरिया, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, बलगम आदि की जांच की सुविधा से लैस भी किया गया है। परंतु उनकी मनमानी के चलते मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा लाखों खर्च किए गए परंतु ग्रामीण अभी भी सुविधाओं से वंचित है।

# नौ कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ में व्यास ने सुनायी अष्टावक्र की कथा

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**



क्षेत्र के पिपरिया गांव के उच्च प्रार्थमिक विद्यालय प्रांगण में चल रहे विराट 9 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन अपने नियत समय से यज्ञ आरम्भ हुई , जिसमें विद्यारम्भ संस्कार, नामकरण संस्कार, पुंशवन संस्कार , अन्नप्राशन संस्कार, शान्ति कुंज के प्रशिक्षित आचार्यो द्वारा कराये गए ।

कार्यक्रम के चौथे दिन सुबह से कई पारियों में श्रद्धालु भक्तों ने यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की गईं। नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम बन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण व ऋषि तंत्र के मार्गदर्शन में मानव मात्र को विश्वव्यापी संकटों से उबारने एवं सही रास्ते पर चलने का सन्मार्ग मिल सके। इसी मंगलमय उद्देश को लेकर पिपरिया गांव।में नव कुंडीय गायत्री महा यज्ञ का आयोजन किया गया। भक्तों ने अपनी अपनी श्रद्धा ,भावना व निष्ठा जोड़ते हुए यज्ञ भगवान से मंगलमय प्रार्थना के साथ आहुतियां समर्पित की गईं। शांति कुंज के प्रशिक्षित आचार्य टोली नायक सत्य नारायण सिंह,सहायक टोली नायक आचार्य अमर पाल अपने साथयों के साथ सायं कालीन बेला में विभिन्न प्रकार के संस्कारों के बारे में बताते हुये अष्टावक्र की कथा इस प्रकार सुनाया।कार्यक्रम का कुसल संचालन परम् विद्वान आचार्य अमर पाल जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार पिपरिया - मितौली के तहसील प्रभारी मास्टर कामता प्रसाद मौर्य ,लालजी प्रसाद वर्मा ,सुसील कुमार वर्मा ने सभी कार्य कर्ताओं को धन्यवाद देते हुए चौथे दिन का कार्यक्रम समापन किया गया।

# तीसरे बड़े मंगल पर जगह-जगह लगे विशाल भंडारे, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भक्तों को वितरित किया प्रसाद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के अवसर पर आयोजित भंडारों की कड़ी में आलमबाग क्षेत्र स्थित सुजानपुरा में विनय सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित होकर खुद से भक्तों को भंडारे के प्रसाद का वितरण किया। जिसकी सुजानपुरा क्षेत्र के निवासियों ने काफी सराहना की। सुबह 11.00 से रात्रि 8.00 तक चले भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विनय सिंह जो क्षेत्र में विनय पतंग के नाम से प्रसिद्ध है ने बताया की वह विगत कई वर्षों से ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं जिसमें सुबह से रात तक बजरंगबली को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है और उसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है।आज चवालिस डिग्री के तापमान के बाद भी दोपहर में सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भंडारे में उपस्थित होकर अपने हाथों से भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया। जिसकी स्थानीय निवासियों ने काफी सराहना की। इस

## केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर भंडारा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर जिला हैंडबॉल संघ लखनऊ की ओर से हैंडबॉल के समस्त सीनियर एवम जूनियर खिलाड़ियों के सहयोग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के गेट नंबर 19 पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। खेल निदेशक डा. आरपी सिंह व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा. आनंदेश्वर पाण्डेय ने पूजा अर्चना की जिसके बाद प्रसाद वितरण की शुरुआत हुई। वहीं देर शाम तक चले भंडारे में भारी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ लखनऊ के पदाधिकारीगण व केडी सिंह बाबू स्टेडियम के हैंडबॉल कोच मोहम्मद तौहीद (इंटरनेशनल हैंडबॉल कोच) भी मौजूद थे।

## सीएमएस स्कूल में तीसरे बड़े मंगल पर लगा भंडारा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में स्टेशन रोड स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल के बाहर ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद लिया। भंडारे के संबंध में जानकारी देते हुए सीएमएस स्कूल के कर्मचारी ऋषि खन्ना ने बताया, भंडारे का आयोजन सिटी मोंटेसरी स्कूल के सभी कर्मचारियों की ओर से किया जाता है। जिसमें लगभग 5000 लोगों को भंडारा खिलाने का लक्ष्य होता है। ऋषि खन्ना ने बताया कि बीते कई सालों से इस भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, छोले चावल, बूंदी का रायता समेत कई प्रकार के पकवान रहते हैं। ऋषि ने कहा, यह हमारे लिए बेहद सौभाग्य की बात है कि हम भंडारे जैसा शुभ कार्य कर पा रहे हैं। बड़ा मंगल पर भंडारा आयोजित करना हमारे लखनऊ का साझी विरासत का हिस्सा है।

## कृषि मंत्री ने हनुमान मंदिर में करवाया भंडारा

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही बड़े मंगल के अवसर पर आज हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भंडारा करवाया। इस दौरान उन्होंने भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया। इस दौरान मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, स्वतंत्र देव सिंह, धर्मवीर प्रजापति राकेश सचान नंद गोपाल नंदी अनिल राजभर, कपिल देव अग्रवाल, रजनी तिवारी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ईपीएस-95 पेंशनर समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**लखनऊ।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को प्रांतीय कार्यालय विभूति खण्ड गोमती नगर में भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे का आयोजन मुख्य समन्वयक उमाकांत सिंह बिसेन के नेतृत्व में किया गया जिसमें राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, पंकज सिंह, एस के त्यागी एवं दीपक सिंह ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। अवसर पर आनंद द्विवेदी, संतोष त्रिपाठी व स्थानीय सभासद बबलू अनेक ने उपस्थित होकर भंडारा ग्रहण किया।

## खबरें एक नजर में

### आक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 9 स्वर्ण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऑक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने कानपुर में आयोजित 27वीं राष्ट्रीय आमंत्रण ताइक्कांडो प्रतियोगिता-2024 में उत्तर प्रदेश की ताइक्कांडो टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 9 स्वर्ण 3 रजत सहित कुल 12 पदक जीतते हुए अपनी धाक जमाई। कानपुर के बार एसोसिशन हाल सिविल लाइंस में गत 7 से 9 जून 2024 तक आयोजित प्रतियोगिता में दिव्य राज वंश व अनुभव तिवारी ने क्योरगी व पूमसे में धमाल मचाते हुए दोहरे स्वर्ण पदक जीते।दिव्य राज वंश ने क्योरगी के पीवी श्रेणी के अंडर-17 किग्रा भार वर्ग के साथ पूमसे में भी स्वर्ण जीता। अनुभव तिवारी ने भी सब जूनियर के अंडर-28 किग्रा भार वर्ग के साथ पूमसे में भी स्वर्णिम सफलता हासिल की। पदक विजेता खिलाड़ियों को अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव व समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी। मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव ने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय आमंत्रण ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मेजबान उत्तर प्रदेश, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड महाराष्ट्र व दिल्ली की टीमों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को डिप्टी कमिश्नर पुलिस पूर्वी कानपुर श्रवण कुमार सिंह ने पुरस्कार प्रदान किए।

### पर्यटन मंत्री 12, 13 व 14 जून को करेंगे कार्यों की समीक्षा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 12, 13 व 14 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से पर्यटन निदेशालय गोमती नगर में अपने अधीनस्थ विभागों, संस्थानों में संचालित निर्माण कार्यों एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे। समीक्षा के तहत 12 व 13 जून को संस्कृति विभाग तथा 14 जून को पर्यटन विभाग की समीक्षा करेंगे। इसके दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति, स्वीकृत परियोजनाओं के तहत जारी टेण्डर की स्थिति के अलावा संस्कृति विभाग में रिक्त पदों पर आयोग के माध्यम से भर्ती किये जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे। पर्यटन मंत्री पर्यटन विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किये जाने वाले ट्रेवल मार्टस में विभाग की प्रतियोगिता की कार्ययोजना, हेलीकाप्टर संचालन की समीक्षा तथा पर्यटन नीति के क्रियान्वयन की स्थिति आदि के बारे में भी गहन समीक्षा करेंगे। इन तीन दिनों की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समस्त सूचनाओं के साथ समय से बैठक मे उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

### सड़क किनारे मिली युवती की लाश, हत्या की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के दुबग्गा इलाके में 28 साल की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवती रात को खाना खाने के बाद सोने चली गई थी लेकिन सुबह उसकी लाश घर से 100 मीटर दूर मिली। परिवारवालों को हत्या की आशंका है। फिलहाल पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, जेहटा की रहने वाली पूनम रावत (28) पुत्री राजेंद्र प्रसाद रावत की मौत हुई है। घर के पास ही लाश मिली है और पूनम के गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस को सुबह 6 बजे यह सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की छोटी बहन नमिता ने बताया कि पिताजी जेहटा चौराहे पर ठेला लगाते हैं। हम कुल तीन बहनें हैं। मैं अस्पताल में काम करती हूं और रात करीब 9 बजे हॉस्पिटल चली गई थी। घर वाले भी रात 11 बजे तक भोजन करके सोने चले गए। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे एक व्यक्ति ने हमारे जीजा (बुआ के दामाद) को बताया कि पूनम सड़क पर लेटी है। जीजा जब देखने पहुंचे तो उसकी सांस नहीं चल रही थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। नमिता ने बहन की हत्या की आशंका जाहिर की है। बताया कि जमीन को लेकर हमारा अपने पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। पड़ोसी अक्सर जान से मारने की धमकी देते थे।

### सड़क पर चारपाई डालकर लेटा नशे में धुत सिपाही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में पुलिस के सिपाही का एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हैरान रह जाएंगे। शराब ने नशे में टुन्न सिपाही बीच सड़क पर चारपाई बिछाकर लेटा हुआ है और गाड़ियां इधर-उधर से गुजर रही हैं। उसे फर्क नहीं पड़ रहा कि आसपास क्या चल रहा है। वायरल वीडियो अवागढ़ थाना क्षेत्र के जलेसर रोड स्थित गांव भजनपुरा का बताया जा रहा है। वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि किस प्रकार सिपाही रात में बीच सड़क पर चारपाई बिछाकर लेटा हुआ है। इस दौरान सिपाही चारपाई से उठता तक नहीं है। इस दौरान वाहनों की सड़क पर कतार भी लग गई। सिपाही की इस हरकत का किसी ने वीडियो बना लिया, जो अब वायरल हो रहा है।

### बहू ने सोते समय सास को लगाई आग, अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गम्भीर बीमारी से जूझ रही महिला को नींद की दवाई खाकर सोते समय आपसी तकरार के चलते बहू ने सास को आग लगा दी। जब महिला की नींद खुली तो शोर मचाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए और आग को बुझाया लेकिन तब तक महिला बुरी तरह झुलस चुकी थी। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसामऊ गांव निवासी सलमान के मुताबिक डेढ़ वर्ष पहले बाराबंकी जनपद के बड़डूपुर निवासी शाहीन से उनका निकाह हुआ था।लेकिन निकाह के बाद से ही शाहीन परिवार से अलग रहने का दबाव बनाने लगी।जिसको लेकर उनकी अम्मी शन्नो (सास) और शाहीन (बहू) में आपसी कहासुनी हुआ करती थी। सलमान ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने काम पर चले गए थे और नौ बजे के करीब उनकी बहन अंजुम बानो घर से थोड़ी दूर पर ही अपने दूसरे घर में बकरियों को घास डालने चली गई थी, और अम्मी शन्नो दवाई खाकर सोफा पर सो रही थी। सलमान का आरोप है कि उनकी पत्नी शाहीन ने सोफे में आग लगा दी।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण की शादी अनुदान योजना में आवेदकों की आय सीमा में हुआ बदलाव

**शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदकों की वार्षिक आय सीमा हुई एक लाख रुपए**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण की शादी अनुदान योजना के तहत आवेदकों की आय सीमा में बड़ा बदलाव किया है। अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदकों की वार्षिक आय सीमा रुपये 1,00,000 (एक लाख रुपये) तक बढ़ा दी गई है। प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि इस बदलाव से अधिक पिछड़े वर्ग के परिवारों को अपनी पुत्रियों की शादी के लिए सरकारी सहायता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

पहले शहरी क्षेत्रों में आवेदकों की आय सीमा रुपये 56,460 और ग्रामीण क्षेत्रों में रुपये 46,080 थी। अब इसे एक समान रूप से रुपये 1,00,000 कर दिया गया है, जिससे अधिक परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। आय सीमा बढ़ने से अधिक संख्या में पिछड़े वर्ग के परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे और उनकी पुत्रियों की शादी में आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री मंगलवार को विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि विभागों के रिक्त पदों को भरे जाने की आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जाय। जिन रिक्तियों की तैनाती अन्य विभागों के माध्यम से होनी है, वहां पर पत्राचार कर तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विभागों में रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरे जाने के निर्देश दिये है और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों के भरे जाने से विभागों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और लाभार्थियों को बेहतर सेवाएं प्रदान हो सकेंगी। इससे न केवल विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बैठक में बताया गया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में 154 पद रिक्त है तथा 289 पद भरे हुये है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं का चयन किया जाए। इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं द्वारा स्वरोजगार या रोजगार प्राप्त करने के आकड़े तैयार किये जाय। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण की वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्राप्त आवेदनों और भुगतान की जनपदवार स्थिति की समीक्षा की।

**दिव्यांगों को हुनरमंद बनाने के लिए दिया जाए कौशल विकास प्रशिक्षण : मंत्री**

उन्होंने जगतगुरू रामभद्राचार्य राज्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के संकायों में दिव्यांग और सामान्य छात्रों के प्रवेश और संकाय संचालन के लिए रिक्तियों और नियुक्तियों की स्थिति की जानकारी ली है। विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के प्रवेश संख्या में वृद्धि की जाए, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा और सशक्तिकरण के अधिक अवसर प्रदान किए जा सकें। विभागीय निर्माण कार्यों और विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की गई है। दिव्यांगजन को हुनरमंद बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाय। जिससे दिव्यांगजन को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में उच्च शिक्षा विभाग की भूमिका अहम



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने हेतु विधानसभा स्थित कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री के द्वारा असेवित जनपदों में जहाँ कोई विश्वविद्यालय नहीं है, वहां पर नई पॉलिसी तैयार करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने नये विश्वविद्यालय और महाविद्यालय बनाये जाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के टॉप विश्वविद्यालयों तथा विदेशी विश्वविद्यालयों को उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आमंत्रित किया जाय। उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने में प्रदेश सरकार अनेक सुविधाये एवं सहायता प्रदान की जायेंगी। जिससे कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को कहीं और शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर न जाना पड़े।

इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विदेशी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का हब बनेगा, जिससे विदेशी छात्र भी उत्तर प्रदेश में शिक्षा ग्रहण करने आयेंगे। बैठक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव नियोजन पुलिकत खरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी व डेलॉएट के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पर्यटन से मिलेगी स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति : जयवीर

**ग्रामीण पर्यटन और आजीविका बढ़ाने के लिए हुए दो एमओयू**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करके हम न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी आगे बढ़ा रहे हैं। आज हुए दो एमओयू इस बात के प्रमाण हैं। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा। आजीविका के अवसर मिलेंगे। इन पहलों का उद्देश्य पूरे उत्तर प्रदेश में ग्रामीण समुदायों का उत्थान करते हुए पर्यटकों को ग्रामीण जीवन का प्रामाणिक स्वाद प्रदान करना है। पर्यटन विकास के लिए 229 गांवों की पहचान पहले ही की जा चुकी है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन और आजीविका बढ़ाने की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। लखनऊ में विपिनखंड गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में दो समझौता ज्ञापनों एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। पहला एमओयू उत्तर प्रदेश पर्यटन व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच हुआ। पर्यटन विभाग का प्रतिनिधित्व प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन यूपीएसआरएलएम का प्रतिनिधित्व मिशन निदेशक दीपा रंजन ने किया। इस पांच-वर्षीय समझौते का उद्देश्य स्थायी आजीविका विकास और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुंच के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना और पर्यटन बुनियादी ढांचे का विकास करना है। एमओयू के तहत पर्यटन विभाग चयनित गांवों में बुनियादी आवश्यकताओं को चिह्नित तथा सुविधाओं को विकसित करने, पर्यटन गतिविधियों के लिए समुदायों को संगठित करने, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन करने और होमस्टे को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## अकबरनगर में मस्जिद के पास तोड़फोड़, हंगामा

**लखनऊ।** लखनऊ के अकबरनगर में मंगलवार को फिर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। सुबह 9 बजे से 5 बुलडोजर से मकानों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। यह उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान है। दोपहर में जब यहां मस्जिद के पास टीम तोड़फोड़ करने पहुंची तो स्थानीय लोग विरोध पर उतर आए। फिर हंगामा होने लगा और पुलिस फोर्स ने लाठियां भांजकर लोगों को वहां से हटाया। 12 बजे के बाद 3 घंटे के लिए अभियान रोका गया है। 3 बजे से फिर दूसरे शिफ्ट में कार्रवाई शुरू की जाएगी। लोगों को नगर निगम की गाड़ियों से वसंत कुंज में बने प्रधानमंत्री आवास भेजा जा रहा है। हालांकि स्थानीय रहवासियों का कहना है कि हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में यहां से जाना हमारी मजबूरी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी खुद पूरे मुहिम का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस के आलाधिकारी मौजूद हैं। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का कहना है कि स्व। यहां 13 सेक्टर में कार्रवाई करेगा। सोमवार को पहले सेक्टर में 45 मकानों को गिराया गया है।

# तदर्थ शिक्षकों की सेवा बहाली को लेकर शिक्षा निदेशक माध्यमिक को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह और महामंत्री सुशील शुक्ला के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव से मुलाकात करके जौनपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी द्वारा सात तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान तत्काल करवाने और उच्च न्यायालय इलाहाबाद और उच्च न्यायालय लखनऊ की याचिका संख्या-4912/2024 सुरेंद्र सिंह बनाम उत्तर प्रदेश व चार अन्य, याचिका संख्या 7559/2024 राजकुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व 3 अन्य, याचिका संख्या 5544/2024 डॉ कौशलेंद्र नाथ श्रीवास्तव बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व 3 अन्य, याचिका संख्या 1614/2024 पृथ्वीपाल सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार और 19 अन्य के पारित आदेश के अनुपालन वर्ष 2000 के बाद नियुक्त तदर्थ शिक्षकों की सेवा बहाली का ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह का कहना है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद और उच्च न्यायालय लखनऊ में विभिन्न याचिकाओं में पारित आदेशो के अनुसार वर्ष 2000 के पश्चात सभी तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं नियमित रखते हुए वेतन भुगतान किए जाने का आदेश पारित हुआ है। हम सभी तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं बहाल करते हुए वेतन भुगतान तत्काल रूप से जारी किया जाए ताकि हम सभी तदर्थ शिक्षक पूर्ण मनोयोग से जुलाई से विद्यालय में जा सके। प्रदेश महामंत्री सुशील शुक्ला का कहना है, इन्हीं अधिकारियों के चलते भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में 37 सीटों पर ही सिमट गई। यदि यही रवैया रहा तो आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुत ही बुरी तरह हार का सामना करना पड़ेगा। संघर्ष समिति ने निर्णय लिया है यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो बहुत ही जल्द इस प्रकरण को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## चालक दिवस पर उठा पुरानी पेंशन, भर्ती का मुद्दा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय वाहन चालक महासंघ ने चालक दिवस के अवसर पर पूरे उत्तर प्रदेश में चालक एकता दिवस के रूप में मनाया। महासंघ कार्यालय दारूलशफा में प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में केक काटा गया। इस दौरारन चालक महासंघ की मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। महासंघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली, भर्ती एवं ग्रेड पे बढ़ाये जाने का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। बैठक में आलइण्डिया ड्राईवर फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सलाहकार रामफेर पाण्डेय की उपस्थिति में महासंघ के घटक संघो की तरफ से पुरानी पेंशन बहाली, लगभग सभी विभागों में 50 प्रतिशत से अधिक चालक के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग की गई। बैठक में चालक संवर्ग का ग्रेड पे 2000 किये जाने सहित आउट सोर्सिंग भर्ती पर तत्काल रोक लगाते हुए नियमित चालकों ी भर्ती किए जाने की मांग की गइ। कार्यक्रम को महासंघ के महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी एवं पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार नेगी, वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, मोहम्मद अकरम, शहीद अली, इन्द्रदेव सिंह, अमित सैनी, कैलाश साहू, रमेश कुमार, महेन्द्र सिंह राणा, अजय कुमार ने अपने विचार रखे।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने देखी लखनऊ की सफाई व्यवस्था, जताई नाराजगी

समृद्धि न्यूज

**सफाई कर्मियों का तीन दिन का वेतन काटने का फरमान**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राजधानी लखनऊ में सफाई व्यवस्था को देखने के लिए आज प्रातः 7 बजे औचक निरीक्षण किया। वह निरीक्षण के दौरान नगर निगम लखनऊ के चार वार्डो में पहुंचे और वहां पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

प्रभारी मंत्री सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की और नगर आयुक्त को संबंधित सफाई कर्मियों के तीन दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आज बाबू बनारसी दास वार्ड, लाल कुआं वार्ड, जेसी वार्ड एवं यदुनाथ सान्याल नजर बाग वार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था विशेषकर नाली सफाई पर नाराजगी जाहिर व्यक्त किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करें। ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावित करने वाले स्थाई या अस्थाई अवरोध को हटाया जाए। ऐसे अवरोध जिनकी वजह से नालियां अवरूद्ध होती हैं और जल जमाव की समस्या पैदा होती है उनको तत्काल हटाया जाए। हैदर कैनाल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि उसपर स्लैप डाले जाने की कार्ययोजना बनाई जाए। इस नाले की वजह से जल भराव की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाए।

## 17 जून को ईदगाह में सुबह दस बजे होगी ईद-उल-अज्हा की नमाज

**लखनऊ।** ईदगाह लखनऊ में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तत्वाधान में ईदुल अज़्हा की तैय्यारियों के सिलसिले में एक अहम बैठक ईदगाह कमेटी, जिला प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट और नगर निगम की हुई जिस में उलामाऱाम और सम्मानित शहरियों ने शिरकत की। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया ने मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस साल बकरईद 17 जून 2024 को मनाई जायेगी इस मौके पर मुसलमान बड़ी संख्या में ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा करते है। इसलिए इस अवसर पर जिला प्रशासन व नगर निगम की जिम्मेदारी है कि ईदगाह और तमाम मस्जिदों के आस पास उचित सफाई कराए और बिजली व पानी की सप्लाई यक़ीनी बनाए।

**चिंताजनक** — लोकसभा पहुंचे कई माननीयों के खिलाफ अदालतों में विचाराधीन मुकदमों में आरोप हो चुके हैं तय

# कई माननीयों की राह में रोड़ा बन सकता है कोर्ट

**दो साल तक की सजा मिली तो जाएगी कई की सदस्यता**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश से कई माननीय इस बार ऐसे जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं जिनके खिलाफ अदालतों में विचाराधीन मुकदमों में आरोप तय हो चुके हैं। अगर अगले पांच साल के दौरान कोर्ट का फैसला उनके खिलाफ आता है और दो साल तक की सजा हुई तो उनके सियासी करियर पर ब्रेक लगना तय है। इनमे पक्ष और विपक्ष सभी दलों के सांसद शामिल हैं जिनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और कई मामलों में चार्जशीट दाखिल हो गई। इस लिस्ट में पहला नाम आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद का है, जो कि पहली बार नगीना सुरक्षित सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। उनपर 36 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमे से जयादातर गंभीर अपराध के है। इनमें चार अलग-अलग मामलों में कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं, अगर सजा हुई तो सांसदी नहीं बचेगी। इस लिस्ट में दूसरा नाम बाबू सिंह कुशवाहा का है जो इस बार जौनपुर सीट से सपा के टिकट पर जीते हैं। इनके खिलाफ भी 25 मामले दर्ज हैं, जिनमे से आठ में आरोप तय हैं। बाबू सिंह कुशवाहा एनआरएचएम घोटाले और आय से अधिक संपत्ति मामले में भी आरोपी हैं। सुल्तानपुर सीट से मेनका गांधी को हारने वाले समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद रामभुआल निषाद पर भी आठ मामले दर्ज हैं। इनमे गैंगस्टर हत्या के प्रयास के मामले में आरोप तय हो चुके हैं। सजा मिलने पर उनकी भी सांसदी खतरे में पड़ सकती है। अगला नाम सपा के वीरेंद्र सिंह का है जिन्होंने चदौली से बीजेपी के महेंद्रनाथ पांडेय को हराया, जिनके ऊपर गंभीर धाराओं में तीन मामले दर्ज हैं। एक में तो पिछले साल कोर्ट में आरोप तय हो गया । सहारनपुर से कांग्रेस के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे इमरान मसूद पर आठ मामले दर्ज हैं। ईडी ने मनी लॉन्डरिंग का मामला दर्ज किया है। उनके खिलाफ दर्ज दो मामलों में आरोप तय हो चुके हैं। अफजाल अंसारी का नाम भी है जो इस बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर गाजीपुर से जीते हैं। उन्हें गैंगस्टर के एक मामले में चार साल की सजा मिली थी और सदस्यता चली गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सदस्यता वापस मिल गई।मामला हाईकोर्ट में लंबित है और 30 जून से पहले फैसलाआना है। सजा बरकरार रही तो सदस्यता नही बचेगी। आजमगढ़ से जीते धर्मेंद्र यादव के खिलाफ भी एक मामले में आरोप तय हैं। फतेहपुर सिकरी से बीजेपी सांसद राजकुमार चाहर, मोहनलालगंज से सपा संसद आरके चौधरी, बस्ती से सपा के टिकट पर जीते राम प्रसाद चौधरी, रालोद के बागपत से सांसद राजकुमार सांगवान, हाथरस से जीते बीजेपी के अनूप प्रधान और बिजनौर से रालोद के टिकट पर जीते चन्दन चौहान के खिलाफ दर्ज मुकदमों में आरोप तय हो चुके हैं। दो साल तक की सजा हुई तो सांसदी जा सकती है।

# ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को एसपी ने किया प्रसाद वितरित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार के दिन पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक आवास स्थित कैम्प कार्यालय पर हनुमान जी की पूजा-अर्चना करते हुए आम जनमानस के कुशल-मंगल की कामना की। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें उपस्थित व आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस अधीक्षक ने अपने हाथ से प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन भुवनेश्वर सिहं व कैम्प कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीएचसी विशेश्वरगंज में भंडारा आयोजित

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बड़ा मंगल का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए विशेष माना जाता है। हनुमान जी को संकटमोचक कहा जाता है और उनकी पूजा से सभी कष्टों का निवारण होता है। इस दिन भक्तजन हनुमान मंदिरों में जाकर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रसाद वितरण किया जाता है। भक्तजन इस दिन अपने सामर्थ्य के अनुसार अन्न-दान और वस्त्र-दान भी करते हैं। तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज द्वारा भंडारे का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डा धीरेंद्र तिवारी द्वारा हनुमान ज़ी की पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण कराया गया।विशेश्वरगंज के चंदामऊ निवासी रामबाबू तिवारी द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया। विश्वामित्र धाम ,पुरैना, सहित कई नुक्कड़ों पर भंडारे का आयोजन करवाकर लोगों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना की।

## होमगार्ड एसोसिएशन ने आयोजित किया भंडारा

जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को जनकल्याण के लिए होमगार्ड जवानों की सुख समृद्धि की कामना के साथ जिला होमगार्ड अवैतनिक अधिकारी एवं कर्मचारी एसोसिएशन के बैनर तले श्री सुंदरकांड का पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन डीएम तिराहा पर किया गया। जिसमें श्री सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ यातायात प्रभारी आनेद्र यादव तथा वैतनिक प्लाटून कमांडर सुभाष चन्द्र पटेल संरक्षक रामसरन शुक्ला व मीडिया प्रभारी रामाकांत श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर व जनपद के तमाम जवानों द्वारा पूजन अर्चन कर किया गया। श्री सुंदरकांड पाठ के समापन के पश्चात हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर जिले के तमाम होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

# महिला पत्रकार को आशा बहू की फोटो खींचना पड़ा महंगा, एफआईआर दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद देवीपाटन मंडल का मुख्यालय जरूर है और यहां पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के बावजूद मंडल आयुक्त और डीआईजी देवी पाटन मंडल का भी दफ्तर यही मौजूद है किंतु यदि सबसे ज्यादा शोषण योगी शासन में हो रहा है तो वह पत्रकारों का ही है क्योंकि उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी इस कदर बेलगाम हो गए हैं कि यदि कोई साधारण आदमी हो तो उसके खिलाफ प्राथमिकी भले न दर्ज हो लेकिन यदि किसी पत्रकार का मामला आता है तो पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने में अपनी वाह - वाही समझती है मामला सोमवार का है जहां महिला चिकित्सालय में पत्रकार पुनीता मिश्रा अपनी बहन को दिखाने गई थी और वहां पर उन्होंने देखा महिला चिकित्सालय में आशा बहू बिना यूनिफॉर्म के इधर-उधर घूम रही है जब उन्होंने देखा कि आशा बहू काजोल तिवारी बगैर यूनिफार्म के घूम रही है तो उन्होंने उसका कवरेज करने की नियत से वीडियो बनाना शुरू कर दिया इस पर उसने दबंगई दिखाते हुए महिला पत्रकार से मारपीट किया और मोबाइल छीन लिया जब इस प्रकरण की जानकारी बगल में नगर कोतवाली जाकर पत्रकार पुनीता मिश्रा ने नगर कोतवाल को दिया और अपनी तहरीर दी और कहा हमारा मुकदमा दर्ज करें इस पर उन्होंने कहा तुम अपना मोबाइल ले जाना चाहो तो ले जाओ आशा बहू ने हमारे पास जमा कर दिया है जब पत्रकार ने कहा बगैर लिखा पढ़ी हम अपना मोबाइल नहीं ले जाएंगे तो नगर कोतवाल ने उस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई और पत्रकार पुनीता मिश्रा वापस चली गई किंतु नगर कोतवाल को जैसे ही काजोल तिवारी ने तहरीर दिया नगर कोतवाल को ऐसा लगा कि जैसे कोई लॉटरी निकल आई हो और उन्होंने मुकदमा नंबर 0429 /2024 धारा 354 /323 /504 /506 दर्ज करने में जरा भी देर नहीं लगाई ऐसे में बहुत ही खेद का विषय है कि पत्रकार कैसे करें कवरेज पुलिस तो कहती है कि पहले पूछो फिर फोटो खींचो अब इसमें पुलिस की क्या मंशा है इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

# घर में सो रही युवती की गला रेतकर हत्या

- घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के तुलसीरामपुरवा गांव में एक बीस वर्षीय युवती की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई है।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थाने से चंद कदम की दूरी पर हुई हत्या की इस सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज रावत व सीओ शिल्पा वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस को हत्यारों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया है ।मिली जानकारी के मुताबिक गोंडा जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के तुलसीराम पुरवा गांव के रहने वाले राजेश शुक्ल की बेटी श्वेता शुक्ला उम्र करीब 20 वर्ष सोमवार की रात मे घर की छत पर सो रही थी। आधी रात के बाद अज्ञात? हमलावर उसे छत से खींच ले गए और कमरे में ले जाकर उसका गला रेत दिया हत्या के बाद युवती का शव उसके दरवाजे को सामने फेंक कर फरार हो गए। घर पर सो रहे उसके पिता राजेश ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तो धानेपुर थानाध्यक्ष अपने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।वहीं हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस को हत्यारों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

## 15 जून से शुरू होंगे पंचायत सहायक के लिए आवेदन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** गोण्डा के ग्राम पंचायत में रिक्त पड़े पंचायत सहायक /अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के 93 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 से 30 जून तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय विकासखंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किए जाएंगे। उसके बाद 15 जुलाई से 21 जुलाई के बीच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति की जाएगी। 22 जुलाई से 24 जुलाई के बीच ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी में निर्देश दिए की समस्त प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संपन्न की जाए निर्धारित समय अवधि में आने वाले समय आवेदनों को शामिल किया जाए। पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डेटा एंट्री ऑपरेटर की पंचायतवार वैकेंसी और आवेदन फॉर्म पंचायतीराज विभाग की वेबसाइटपर उपलब्ध है। पंचायत सहायक पद के लिए योग्यता पंचायत सहायक भर्ती के लिए उम्मीदवारों की आयु 18 से 40 साल के बीच होनी चाहिए आवेदकों को उसी ग्राम पंचायत का निवासी होना चाहिए। जिसके लिए आवेदन करना है पंचायतें जिस श्रेणी में आरक्षित हैं, उन पंचायतों में उसी श्रेणी के पंचायत सहायक का चयन किया जाएगा। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम उम्र में छूट मिलेगी। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो उम्मीदवारों को 12वीं पास होना जरूरी है। कैसे करना है आवेदन? पंचायत सहायक भर्ती का फॉर्म यूपी के पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड और प्रिंट करना है इसके बाद फॉर्म को ध्यान से भरकर अपनी ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय या जिल पंचायत राज अधिकारी के पास भेज देना है. ध्यान रहे कि यह फॉर्म 30 जून तक पहुंच जाना चाहिए. फॉर्म के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु व जाति प्रमाण पत्र भी लगाएं।

# दस महीने बीता, शर्मावती के हत्यारे पुलिस की पकड़ से अब भी दूर

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन वारदात के दिन से ही पति का गायब होना कई सवाल पैदा कर रहा है

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मोतीगंज थाना क्षेत्र में विगत 13 सितंबर 2023 को एक 40 वर्षीय महिला घास काटने के लिए निकली थी।लेकिन महिला की गन्ने के खेत में बेरहमी से अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी।इस हत्याकांड को दस महीने बीत बीत चुके हैं, लेकिन मोतीगंज पुलिस अभी हत्यारों के बारे में सुराग नहीं लगा पाई है।

पुलिस ने इस हत्याकांड के खुलासे के लिए तीन टीमों को लगाया गया था।कि महिला की हत्या का खुलासा किया जा सके। वही मृतका के पुत्र ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ शक के आधार पर तहरीर दी थीं जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन वारदात के दिन से ही पति का गायब होना कई सवाल पैदा कर रहा है मोतीगंज थाना क्षेत्र के गरिबाजोत (कपिसा) निवासी विशाल पुत्र बलिराम वर्मा ने थाने पर तहरीर जिसमें कहा कि उसकी मां शर्मावती (40 वर्ष ) पत्नी बलिराम वर्मा 13 सितंबर 2023 की सुबह करीब बजे अपने गन्ने के खेत में घास काटने गयी थी। खेत से वापस न आने पर वह अपने छोटे भाई विकास व बहन सुमन के साथ ढूंढने निकला।तीनों जब अपनी मां को ढूंढते हुए अपराह्न करीब चार बजे अपने गन्ने के खेत में पहुंचे तो वहां पर उनकी मां का लहूलुहान शव गन्ने के खेत में पत्ती व घास से ढका पड़ा हुआ था।इस हत्याकांड को बदमाशों ने तब अंजाम दिया था जब महिला गांव से थोड़ी दूर पर ही गन्ने के खेत पशुओं के लिए चारा काटने के लिए गई थी। इस हत्याकांड को दस महीने बीत चुके लेकिन मोतीगंज पुलिस अभी तक इस हत्याकांड का खुलासा करने में नाकाम रही है। और ना ही शर्मावती के पति को ढूंढ पाई जिससे कि मोतीगंज पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## शर्मावती हत्याकांड के खुलासा करने के बजाय डाल दिया ठंडे बस्ते में

शर्मावती हत्याकांड सुलझने के बजाय अब ठंडे बस्ते में जा रहा है। वही पुलिस जहां मृतका के पुत्र द्वारा दी गई तहरीर में शक के आधार पर नामजद किए गए तीन लोगों की कुंडली खंगालने और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया था।लेकिन वही अब दस महीने बीत चुके शर्मावती हत्याकांड का खुलासा न होना सवालों के घेरे में मोतीगंज पुलिस है। वहीं मृतका के पति बलिराम का भी दस महीने से गायब होना भी संदेह के घेरे में हैं। वही जब शर्मावती की हत्या हुई थीं तब नामजद किया लोगों को पुलिस ने उठाया था और पूछताछ करके छोड़ दिया था। वही जब शर्मावती की हत्या हुई थी दाह संस्कार में भी शर्मावती का पति बलिराम नहीं पहुंचा था। हालांकि पत्नी की हत्या के दिन से ही पति का गायब दस महीने बीत गए कई सवालों को जन्म देता है। वही सवाल यह भी है कि बलिराम सकुशल है भी या नहीं यदि वह सुरक्षित है तो दस महीने बीत गए कहां है। आखिर पुलिस की टीमें उसे क्यों नहीं ढूंढ पाई हैं,बहरहाल,पुलिस के लिए बलिराम की गुमशुदगी पहेली बनी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### समाजसेवी-एलबीएस कॉलेज ने किया भंडारा आयोजित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** समाजसेवी सुशील मिश्रा व रंगुलाल कैरियर इंक के एमडी अमेरिकी बिजनेसमैन नें जेष्ठ माह के बड़े मंगल के शुभ अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शरबतपुर,महोली,सीतापुर में समाजसेवी व अमेरिकी बिजनेसमैन सुशील मिश्रा व संगठन अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में मौजूद लोगो को प्रसाद वितरित किया।वही समाजसेवी सुशील मिश्रा क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले अमेरिका में रहने वाले अमेरिकी बिजनेसमैन के सहयोग से उनके समर्थकों नें बड़े मंगल पर विशाल भंडारा का आयोजन किया।

### मेडीसन हॉस्पिटल पर हुआ भंडारा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को शहर के मालवीय नगर स्थित मेडिसिन हॉस्पिटल पर बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे से पूर्व सुंदरकांड का पाठ भी हुआ। भंडारे के दौरान हॉस्पिटल के प्रबंधक हाकिम सिंह, डॉ एबी सिंह, विपिन सिंह, डॉ इरफान खान ,डॉ अविनाश पांडे, डॉ विशाल मिश्रा ,डॉ अभिषेक पाठक, डॉ इलमा कुरैशी, डॉक्टर शाहबाज नसीम, डॉ उदित सिंह, स्नेहा गुप्ता सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ सहित काफी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किया।

### अनंत हास्पिटल में निःशुल्क टेस्ट ट्यूब बेबी कैंप आयोजित

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले में बीते जून दिन रविवार को अनंत हॉस्पिटल निकट मिश्रौलिया पुलिस चौकी गल्ला मंडी रोड जानकी नगर में निःसंतान दंपत्तियों हेतु आयोजित निःशुल्क टेस्ट ट्यूब बेबी कैंम्प सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कैंप में डॉक्टर अर्चना कनौडिया गाइनो स्पेशलिस्ट ने मरीजों को देखा और उपचार किया। वहीं उन्होंने मरीजों को महत्वपूर्ण परामर्श भी दिया। इस मौके पर काफी संख्या मे मरीज उपस्थित रहे।

### बाल श्रमिक पुर्नवसन द्वितीय पारी पारिवारिक व्यवसाय सहायता कार्यक्रम आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** प्रथम संस्था विगत 17 वर्षो से जनपद मे हर बच्चा स्कूल मे व पढ़ा लिखा और हर बच्चें के अधिकार सुरक्षित मुद्दे पर बाल स्नेही वातावरण बनाने व बाल श्रम के खिलाफ जन जागरूकता के लिए कार्य कर रही है। जनपद से बड़े पैमाने पर बच्चे अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब व तेलंगाना आदि मे बाल श्रम मे पाए गये है।पिछले कई वर्षो से इनके रोकथाम व पुनर्वसन के लिए संस्था द्वारा अलग -अलग कई पहल व कार्यक्रम चलाये गये है। इसी कड़ी मे आगे बढ़ते हुए विगत वर्ष 100 बाल श्रमिकों के पुनर्वसन की पहल शुरू कि गयी जिसमे मंगलवार को प्रथम कार्यालय बहराइच में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में 100 बाल श्रमिकों के परिवार वालों को पुनः परचून के सामान का वितरण किया गया। जनपद से बाल श्रम के लिए अन्य राज्यों के लिए बच्चों का पलायन होता है बच्चों के बचपन को सुरक्षित करने व शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रथम संस्था सतत प्रयत्नशील है। साथ ही रोडवेज बस डिपो व रेलवे स्टेशन पर जन जागरूकता किया जा रहा है। संस्था जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करते हुए ऐसे अन्य व इन सभी परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

# तीसरे बड़े मंगल पर एलबीएस कालेज के भंडारे में उमड़ी भीड़

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को एलबीएस पीजी कॉलेज के विज्ञान परिसर के सी.वी. रमन गेट पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। सुंदरकांड पाठ के पश्चात शरबत वितरण व प्रसाद ग्रहण का कार्य देर शाम तक चलता रहा।

मुख्य यजमान विज्ञान परिसर प्रभारी प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने बताया कि भंडारे में एनसीसी बटालियन गोंडा के कर्नल सुनील कपूर, डिप्टी कमिश्नर फूड एस.के. सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे, ए.आर.ओ. रविंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील श्रीवास्तव, पी.डी. चंद्रशेखर, डायट प्रवक्ता डॉ. बीर बहादुर सिंह, भाजपा नेत्री व एलबीएस उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव उमेश शाह, सदस्य महेंद्र छावड़ा, संजू छावड़ा, डॉ. आलोक अग्रवाल, विष्णु मोदी, वरिष्ठ समाजसेवी राम प्रकाश गुप्त, सेवा भारती जिला अध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक, प्रो. शैलेंद्रनाथ मिश्र, प्रो. एस. बी. सिंह, डॉ. जय शंकर तिवारी, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. अंकित मौर्य, डॉ. अनुराधा गुप्ता, डॉ. शोभित मौर्य, विजय सिंह, शरद पाठक बबलू, नंद कुमार शुक्ल, आशीष चौधरी के साथ ही मुख्यालय के पत्रकारों, महाविद्यालय परिवार व छात्र-छात्राओं सहित आमजन ने प्रभु कृपा से प्रसाद ग्रहण किया।

# भंभुआ चौकी इंचार्ज के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की गुहार

## छतौनी में तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य कर रहे मजदूरों के साथ पुलिस ने गाली-गलौज कर पिटाई करने से जुड़ा है मामला

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोनहटा के छतौनी में बीते शनिवार को तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य कर रहे मजदूरों के साथ भंभुआ चौकी इंचार्ज व उनके हमराही सिपाही द्वारा गाली-गलौज करते हुए पिटाई करने व पुलिसिया तांडव मचाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

पीड़ित ग्रामीणों व मनरेगा मजदूरों ने मामले में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर भंभुआ चौकी इंचार्ज व उनके हमराही अशोक कुमार सिंह सहित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विभागीय कार्यवाही किये जाने की मांग की है। प्रकरण कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोनहटा (छतौनी) से जुड़ा है।

यहां के ग्रामवासियों व मनरेगा मजदूरों शिवशंकर, ओमकार, रियाज़, माधुरी, सुरेश कुमार, शुभकरन, मायादीन, कृष्ण मोहन, बिजाली, भाईलाल, मायाराम, आशा, सब्बज सहित अनेकों लोगों ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्रामपंचायत कोनहटा के छतौनी मे जलमग्न की भूमि गाटा सं0 243 स्थित है,जिसके सौन्दर्यीकरण के तहत मनरेगा मजदूरों द्वारा खुदाई की जा रही थी। उक्त भूमि की पैमाइश राजस्व टीम द्वारा दिनांक 03.06.2024 को करके निशानदेही करा दी गई थी। दिनांक 08.06.2024 को ग्रामवासी करीब 100 की संख्या में दिन में कार्य कर रहे थे कि भंभुआ चौकी इन्चार्ज भानु प्रताप सिंह अपने हमराही अशोक कुमार सिंह के साथ सिविल ड्रेस में समय करीब सुबह 09:30 पर पहुंचे तथा कार्य कर रहे मजदूरों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिया। जिसमें मजदूर जो कार्य कर रहे थे उनमें भगदड़ मच गई तथा कई मजदूरों की चोटें आई हैं। उसी भगदड़ में एक लड़का अभिषेक उम्र लगभग 7 वर्ष का एक्सीडेंट हो गया है जिससे शरीर में काफी चोटे आई है। इसी बीच उक्त चौकी इन्चार्ज व सिपाही एक मजदूर विजय कुमार को थाने ले आयें तथा 151, 107,116 की कार्यवाही कर दिये। पीड़ितों ने संपूर्ण प्रकरण की जांच कराकर चौकी इन्चार्ज भंभुआ भानु प्रताप सिंह व हमराही अशोक कुमार सिंह सहित दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही की जाने की गुहार लगाई है।

# आग लगने से तीन का मकान जलकर राख

- हादसे में 17 मवेशियों की भी जलकर मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के कोटवा गांव में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें तीन ग्रामीणों के मकान जलकर राख हो गए। 17 बकरा और बकरियों की भी जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग बुझाया। राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

नानपारा तहसील क्षेत्र के ग्राम कोटवा बशीरगंज रमेश कुमार पुत्र मिश्रीलाल के मकान में अज्ञात कारणों से सोमवार रात 10.30 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। परिवार के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक तेज लपटों ने पड़ोसी रामू और मिश्रीलाल के मकान को आगोश में ले लिया। देखते ही देखते तीनों मकान धू कर जल गए। अग्निकांड में तीनों ग्रामीणों की 17 बकरियां और बकरे जिंदा जलकर मर गए। घर में रखा कपड़ा, अनाज, बर्तन समेत अन्य सामान जल गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग को फैलने से रोका। आग लगने की जानकारी मिलने पर रात में ही राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ने पहुंच कर क्षति रिपोर्ट बनाई। अग्निकांड में चार लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। अपने आंखों के सामने आग में सामान जलता देख परिवार के लोग रो रहे थे। एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि राजस्व टीम की रिपोर्ट के आधार पर सभी को मुआवजा दिया जाएगा।

# मोबाइल व्यवसाई पर बदमाश ने किया चाकू से हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा में स्थित एक माल से मोबाइल की दुकान बंद कर चचेरे भाई वापस अपने घर जा रहे थे। दुकान के बाहर पहुंचते ही नकाबपोश बदमाश ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। बचाने आए भाई पर भी हमला किया।

इसके बाद हमलावर फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के मोहल्ला कानूनगोपुरा दक्षिणी निवासी स्वतंत्र पांडेय (25) पुत्र मैकूलाल पांडेय नाजिरपुरा मोहल्ले में स्थित सुमैया माल में मोबाइल की दुकान का संचालन करते हैं। साथ में चचेरा भाई आलोक पांडेय पुत्र पांडेय रमाकर पांडेय भी दुकान संचालन में सहयोग करते हैं। सोमवार रात 10 बजे स्वतंत्र पांडेय दुकान बंद कर घर के लिए निकले। साथ मे चचेरा भाई भी थी।

**बचाने आए चचेरे भाई पर भी किया वार**

बाइक पर बैठने के दौरान ही एक नकाबपोश आया।उसने स्वतंत्र पांडेय पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर दिया। जिस पर चचेरे भाई आलोक पांडेय ने मुंह ढक कर आए बदमाश को पकड़ना चाहा तो उस पर भी वार किया। जिससे स्वतंत्र का शर्ट फट गया और हल्का खरोच लग गया। आसपास के लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली नगर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल का बयान दर्ज किया। वहीं एक पुलिस टीम घायल के घर पहुंच कर बयान दर्ज किया। कोतवाल ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



दरगाह पुलिस और एसओजी टीम ने मल्हीपुर मार्ग से 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके विरुद्ध कई धाराओं में केस दर्ज है। वह काफी समय से फरार चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामान्द कुशवाहा व क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसौदिया के निर्देशन में एसओजी और दरगाह थाने की पुलिस को इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थानाध्यक्ष दरगाह हरेन्द्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ उप निरीक्षक शिवनाथ गुप्ता, हेड कांस्टेबल अंशुल यादव, राहुल यादव की टीम के दुष्कर्म के मामले में कोर्ट द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के इनामी बदमाश की तलाश शुरू की। पुलिस और एसओजी टीम ने नायाव अहमद उर्फ राजू मौर्या पुत्र स्व. गया प्रसाद मौर्या निवासी ग्राम मरकामऊ थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी को मल्हीपुर रोड जाने वाली सडक के किनारे समय करीब 09.05 बजे गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार चल रहे अपराधी के विरुद्ध 82 की कार्यवाई की जा चुकी है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके विरुद्ध बाराबंकी और बहराइच में कई केस दर्ज हैं। इस दौरान एसओजी प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी समेत अन्य शामिल रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने नवाबगंज थाने में ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जनपद श्रावस्ती के थाना हरदत्त नगर गिंरट अंतर्गत छेड़ा गांव निवासी जुबैर 28 वर्ष पुत्र जाबिर बाइक से नवाबगंज बाजार से अपने गांव जा रहा था। रास्ते में नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत धन्नी गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार जुबैर रात में गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जुबैर के भाई जाहिद ने नवाबगंज थाने में तहरीर दी है ,कि गेहूं से लदी ट्रैक्टर ट्राली जो श्रावस्ती जिले के ग्राम बेगम पुर मजरा बघमरी निवासी गुफरान पुत्र पुत्तन खां चला रहा था। मौके से फरार हो गया। मृतक युवक के भाई जाहिद ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली की एक साइड की ही लाइट जल रही थी वही गेहूं से ओवर लोड थी। जिसकी चपेट में आकर भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

# हत्या के मामले में दो आरोपी को आजीवन कारावास

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने सुनाया फैसला
- अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर अभियुक्तों को दस-दस माह का कारावास भुगतना होगा

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

हत्या के मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी की कोर्ट ने दो अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 15/15 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।थाना विशेश्वरगंज के गंगवल बाजार निवासी महिला शालिनी देवी ने तत्कालीन डीएम को जनसुनवाई के दौरान पति की हत्या करने की शिकायत करते हुए मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। पत्नी डीएम को दिए गए प्रार्थनापत्र में कहा था कि थाना क्षेत्र निवासी राजू सोनी व रामपाल ने बीत 18 सितंबर 2010 की शाम को उनके पति को अपने साथ ले गए थे। उसके बाद उनकी हत्या कर दी। मामले में तत्कालीन एडीएम के आदेश पर विशेश्वरगंज थाने की पुलिस ने छह अक्तूबर 2010 को मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमें में मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार बारह की कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अभियुक्तों पर लगाई गई धाराओं दोषसिद्ध किया।

अभियुक्त के अधिवक्ता की ओर से अभियुक्तों के प्रथम अपराध का हवाला देते हुए कोर्ट से कम से कम सजा देने की मांग की। इसपर अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनील कुमार जायसवाल की ओर से विरोध करते हुए घटना को गंभीर बताते हुए कोर्ट से अधिक से अधिक सजा देने की मांग की।दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अभियुक्तों की सजा पर अपना फैसला सुनाते हुए दोनों अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को 15/15 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर अभियुक्तों को अधिकतम दस-दस माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# लिफ्ट देने के बहाने दो युवकों ने विधवा से किया दुष्कर्म

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जनपद में एक विधवा महिला को मोटरसाइकिल सवारों से लिफ्ट लेना महंगा पड़ गया। लिफ्ट देने वाले बाइक सवार दो युवक महिला को सुनसान इलाके के जंगल में ले गये,वहां दोनों दरिंदों ने विधवा महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बाइक सवार दरिंदे महिला को धमकी देकर फरार हो गये। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मालमे की जांच शुरू कर दी है।

### महिला के गांव के ही युवकों ने की दरिंदगी

जानकारी के मुताबिक ये मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बगहा गांव का है, जहां शहर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक विधवा मुस्लिम महिला अपने भाई के घर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बगहा गांव गई हुई थी, रात हो जाने के कारण विधवा महिला घर लौट रही थी, तभी गांव के दो युवक असलम पुत्र नासिर शाह व जियाउल पुत्र मुश्ताक़ चौराहे पर मिल गये और उन्होने कहा कि हम तुम्हें घर तक छोड़ देंगे। महिला विश्वास करके उन दोनों के साथ मोटरसाइकिल पर बैठ गई, दोनों बाइक सवार उसे घर की तरफ ना ले जाकर जंगल में ले जाने लगे तो महिला ने चिल्लाना शुरू कर दिया। इतने में बाइक पर बैठे युवक ने उसका मुंह दबा दिया और चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी देकर जंगल में ले गये। बाइक सवार दरिंदो ने जंगल में विधवा महिला से बारी-बारी से दुष्कर्म किया, विरोध करने पर महिला के बाल पकड़कर थप्पड़ों से जमकर पिटाई भी कर दी, जिससे महिला की आंख पर चोट लग गई। दुष्कर्म करने के बाद दोनों आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मी महिला को लेकर थाने आई, पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस की मनमानी से आहत दुष्कर्म पीड़िता ने कोतवाली में खाया जहर

**ऊंचाहार -रायबरेली।** दुष्कर्म जैसे संवेदनशील मामले में पुलिस के नकारात्मक रवैए से आहत पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस के सामने जहर खा लिया , जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और कोतवाली में हड़कंप मच गया । पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। यह घटना मंगलवार सुबह करीब नौ बजे की है । कोतवाली पहुंची एक दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस पर आरोपित युवक का साथ देने और मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में सबसे सामने जहर खा लिया।

उसके बाद वहां अफरा तफरी मच गई। जब लोग पुलिस कर्मी कुछ समझ पाते पीड़िता की हालत खराब होने लगी , तत्काल उसको सीएचसी ले जाया गया। जहां उसकी हालत स्थित बनी हुई हैमामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कंदरावा का है । गांव की एक युवती का पति शहर में रोजी रोटी के लिए नौकरी करता था। इस बीच ऊंचाहार के छोटे मियां का पुरवा निवासी एक युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। महिला का कहना है कि युवक ने उसके साथ शादी का वादा करके चार साल तक संबंध बनाए और इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। इस संबंध की जानकारी जब उसके पति को हुई तो उसने संबंध तोड़ते हुए महिला को अपने घर से भगा दिया । युवती जब अपने प्रेमी के पास पहुंची और उससे शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। युवक ने उससे कहा कि यदि कोई कार्रवाई की तो तुम्हारे अश्लील वीडियो सोसल मीडिया में वायरल कर दूंगा।

उसके बाद बीते महीने युवती ने कोतवाली में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। युवती का कहना है कि वह ऊंचाहार के एक निजी दुकान में काम करती है रविवार को दुकान से वह अपने घर जा रही थी तो युवक ने रास्ते में घेरकर उसका मोबाइल फोन तोड़ डाला और उसके साथ मारपीट की । उसने धमकी दी कि यदि कोतवाली से शिकायत वापस नहीं ली तो बहुत बुरा अंजाम होगा। पीड़िता का कहना है कि पुलिस आरोपित की मदद कर रही है। उसकी तहरीर से इतर मामूली मुकदमा दर्ज करके पुलिस युवक का शांति भंग में चालान करने जा रही थी , जिसे देखकर उसके पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं था। पीड़िता का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगी।

# पीड़ित ने लगाई गुहार, पैतृक भूमि पर विपक्षी कर रहे हैं अवैध निर्माण

- मना करने पर अमादा फौजदारी करने पर उतारू हो जाता है प्रतिवादी



**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

बुजुर्ग ने लगाई थाने में गुहार पैतृक भूमि पर विपक्षी कर रहा है अवैध निर्माण ।महादेव पुत्र भुल्लन निवासी ग्राम पुरे हवलदार मजरे ज्योना ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि राधेश्याम पुत्र भुल्लन निवासी ग्राम पुरे हवलदार मजरे ज्योना थाना महराजगंज द्वारा प्रार्थी की पैतृक भूमि पर प्रतिपक्षी अवैध रूप से निर्माण कर रहा है। मना करने पर अमादा फौजदारी करने पर उतारू हो जाता है जब प्रार्थी द्वारा 112 नंबर पर कॉल करके बुलाकर अवैध निर्माण को रोक दिया गया था। महादेव ने तहरीर में बताया प्रार्थी की पैतृक भूमि को प्रतिपक्षी को अवैध निर्माण करने से रोका जाना आवश्यक है। महादेव ने महराजगंज कोतवाल से गुहार लगाते हुए पैतृक भूमि पर अवैध निर्माण रोके जाने का निवेदन किया।

# न्याय के लिए भटक रही पीड़िता नहीं मिल रहा न्याय

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

नारी सुरक्षा को लेकर सरकार लगातार दावे करती है और नारी सुरक्षा को लेकर सरकार जन जागरूकता अभियान के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करने का अभियान चलाती है मगर धरातल पर यह सारे अभियान या दावे तब फेल हो जाते हैं जब ऐसी महिलाओं को न्याय नहीं मिलता है और वो स्थानी चौकी, थानों के चक्कर लगाकर थक जाती है तब वो पुलिस महकमें के सबसे बड़े साहब के पास पहुंचती हैं न्याय की आस लेकर उनका कहना है कि बड़े साहब के पास आए हैं अब हमें न्याय मिल जाए। मामला डीह थाना क्षेत्र का है जहां की रहने वाली खुशबू यादव जो लगभग 8 माह की गर्भवती है वह डीह थाना और स्थानीय महिला थाना के चक्कर लगाकर थक गई है उन्हे न्याय नहीं मिल रहा है जिसको लेकर आज वह पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल की चौखट पर पहुंचती है। जहां पर उसकी मुलाकात अभिषेक अग्रवाल से नहीं हो पाती है मगर वो इस आस में जरूर बैठी रहती है कि हमें न्याय मिलेगा। बड़े साहब मेरी फरियाद जरूर सुनेंगे। मामला डीह थाने की रहने वाली खुशबू यादव का है। जिनका कुछ साल पहले उसकी शादी आलोक से हुई थी। शादी के कुछ साल बाद ही खुशबू को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। उससे दहेज मांगा जाने लगा। जबकि उसका कहना है कि मेरे पास कुछ भी नहीं है मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है और दहेज के लिए मुझे मारा पीटा जा रहा है।

# चेन पुलिंग से 30 मिनट खड़ी रही गंगा गोमती एक्सप्रेस




**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

बछरावां कस्बे में स्थित रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम 7:43 पर बछरावां रेलवे स्टेशन पर गंगा गोमती ट्रेन बछरावां पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही सिग्नल हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रेन में चेन पुलिंग कर दी गई, जिस कारण 8:13 तक कुल 30 मिनट तक गंगा गोमती ट्रेन आउटर पर खड़ी रही। लालगंज रेलवे क्रॉसिंग पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिंग हुई है 20 मिनट बाद पुलिंग हटाकर ट्रेन को रायबरेली की ओर रवाना किया गया है। रेलवे स्टेशन अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चेन पुलिंग की गई है जांच कर कार्रवाई कराई जाएगी।

# तीसरे मंगलवार को बजरंगबली की पूजा संग भंडारा आयोजित

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता भूखे को भोजन प्यासे को पानी आसमान से बरस रही आग में इस समय बजरंगबली अपने भक्तों पर जमकर आशीर्वाद बरसा रहे हैं। राह चलते हुए लोगों को रास्ते में जब ठंडा-ठंडा शरबत पूरी सब्जी एवं खाने पीने का अन्य सामान मिल जाती हैं तो उनकी आत्मा तृप्त हो उठाती है। और यही कारण सनातन को विशेष बनता है। और हम यह जेष्ठ के मंगलवार को देख रहे हैं की जगह-जगह सौ सौ 50-50 मीटर पर गांव-गांव गली-गली मोहल्ले मोहल्ले भंडारों का आयोजन हो रहा है ।10 वर्षों के बाद लोगों का रुझान धर्म की तरफ तरफ फिर से बढ़ा है ।और



परोपकार करने में लोग आगे आ रहे हैं। जेष्ठ के तीसरे मंगलवार को महराजगंज कस्बे के हनुमानगढ़ी में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर पवन साहू अनुराग अग्रहरी( विक्की )पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा आलोक वैश्य प्रेमनाथ गुप्ता राधेश्याम चौरसिया भारतीय जनता पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी घनश्याम चौरसिया संजू साहू जय सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के पहरेमऊ चौराहे पर स्थित दुर्गा मंदिर मे विशाल भंडारे का आयोजन हुआ इस मौके पर माताफेर सिंह डीके सिंह अजय श्रीवास्तव मेजर सिंह राजेंद्र सिंह डॉक्टर सुरेश यादव पवन श्रीवास्तव विनय प्रकाश तिवारी सतीश सिंह हरिशंकर सिंह गुड्डू ख़लीफा सहित हजारों लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के हसनपुर में विशाल भंडारे का आयोजन ग्राम प्रधान केशव चौधरी द्वारा किया गया इस मौके पर जितेंद्र चौधरी शैलेंद्र चौधरी चंद्रमणि चौधरी आशीष श्रीवास्तव विन्देश गुप्ता सुभम पटेल कैलाश पटेल नीरज पटेल सोमेंद्र पटेल सौरभ अवधेश महेंद्र भानु प्रताप सिंह धीरज जायसवाल विवेक तिवारी सहित हजारों लोग मौजूद रहे ।क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओथी में ग्राम प्रधान सुनील मौर्या द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भगवान बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बछरावां,रायबरेली।** कस्बे के लालगंज रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर 175 सी गेट पर सोमवार रात 9:20 पर लुधियाना एक्सप्रेस जोकि लुधियाना से कोलकाता तक चलती है। लखनऊ की ओर से जब रायबरेली की ओर जा रही लुधियाना एक्सप्रेस जैसे ही रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंची की एक 30 वर्षीय युवक अचानक शराब के नशे में ट्रेन के आगे हाथ हिलाने लगा। गेटमैन हनुमंत प्रसाद ने युवक को आवाज दी और हटाने का प्रयास किया, परंतु तब तक ट्रेन में युवक को टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गेटमैन की सूचना पर पहुंचे आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान कराई जा रही है युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष है।

### स्टार स्पोर्ट्स क्लब ताइक्कांडो ट्रेनिंग सेंटर पर समर कैम्प शुरू

**लालगंज,रायबरेली।** खेल युवा पीढ़ी के लिए अति आवश्यक है। इनसे इनका शारीरिक विकास तो होता ही है साथ ही आत्म रक्षा के लिए भी ये खेल बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। इसी उद्देश्य से नगर के बाईपास रोड स्थित स्टार स्पोर्ट्स क्लब ताइक्कांडो ट्रेनिंग सेंटर पर बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए कोच मो. आरिफ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस समय बीते 10 जून से ट्रेनिंग सेंटर पर समर कैम्प भी निशुल्क आयोजित किया गया है। जिसका लाभ प्रशिक्षण पाने वाले बालक बालिकाएं प्राप्त कर रहे हैं। कैम्प आगामी 17 जून तक चलेगा।

### बाइक की टक्कर से किशोर गंभीर रूप से घायल

**डलमऊ रायबरेली।** मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर से साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल किशोर को डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सालोन रोड मुराई बाग के रहने वाले आयुष कुमार पुत्र संतोष कुमार उम्र लगभग 16 वर्ष साइकिल से अपने घर की ओर जा रहा था तभी मुराई बाग तिराहे के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे आयुष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु भर्ती कराया गया, जहां पर घायल किशोर का उपचार किया जा रहा है।

### ई रिक्शा पलटने से चालक घायल

**डलमऊ,रायबरेली।** ई रिक्शा पलटने से ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए लाया गया जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मुराई बाग के रहने वाले नीरज पुत्र राममिलन ई-रिक्शा से सवारी छोड़कर वापस घर आ रहे थे तभी नगरूमऊ गांव के पास ई रिक्शा पलट गया। जिससे नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से नीरज को डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां पर उपचार किया जा रहा है। चिकित्सा प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि उपचार किया जा रहा है।

# नीट परीक्षा परिणाम में हुए भ्रष्टाचार पर डीएम को सौंपा ज्ञापन




**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करते हुए नीट की परीक्षा में किए गए भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन जिला अधिकारी को सोपा गया है और व्यापार पर कार्यवाही की मांग की गई है आपको बता दे कि मंगलवार को जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीएम कार्यालय के सामने नीट की परीक्षा में किए गए।

भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए भ्रष्टाचार को रोके जाने की मांग की है आम आदमी पार्टी के सदस्य राम मोहन श्रीवास्तव उर्फ रामू दादा ने बताया कि नीट परीक्षा जो देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षा में एक है उसका पेपर भी लीक हो गया बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को भ्रष्टाचारी सरकार ने एक और झटका दिया है एक और जहां संवेदनहीन मोदी सरकार में भारतीयों का टूटा है। वहीं दूसरी और भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी के परीक्षाओं का पेपर लिख करवाने की जिम्मेदार है जिसकी वजह से नौजवानों को अपने उज्जवल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा है इन्हीं समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी ने जिला अधिकारी को दिए गए राष्ट्रपति के नाम के ज्ञापन में कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा है क्लीनिक

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा क्लीनिक, अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिक में बिना डिग्री के लोग कर रहे हैं मरीजों का इलाजद्य जी हां विकास क्षेत्र के रामपुर मजरे शेखपुर समोधा में बिना पंजीकरण के एक क्लीनिक जोर-जोर से संचालित किया जा रहा है, और बिना डिग्री के लोग उस क्लीनिक में मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

> बिना डिग्री के लोग कर रहे हैं इलाज

जब संवाददाता ने क्लीनिक की वास्तविकता जाचने के लिए क्लीनिक का निरीक्षण किया तो पता चला कि वहां एक महिला और एक पुरुष जिन के पास कोई डिग्री नहीं है वही इलाज कर रहे हैं जब अधिक जानकारी ली गई तो यह पता चला कि यह क्लीनिक जनता हॉस्पिटल बछरावां में कार्यरत डॉक्टर शाहनवाज आलम का है। जब संवाददाता ने डॉक्टर शाहनवाज आलम से दूरभाष के माध्यम से क्लीनिक के पंजीकरण को लेकर बातचीत की तो उन्होंने कहा कि पंजीकरण तो नहीं है पंजीकरण की प्रक्रिया जल्द ही पूरी की जाएगी। जब संवाददाता ने उनसे पूछा कि अभी तक दो-तीन वर्षों से क्लीनिक चला रहे हैं आप पंजीकरण क्यों नहीं कराया आपने तो वह संवाददाता के प्रश्न का स्पष्ट उत्तर देने में असमर्थ दिखे। इस संबंध में संवाददाता ने जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल को फोन किया तो उनका फोन स्विच ऑफ था।

# पुलिस गस्त की खुल रहीं है पोल चोरियों पर नहीं लग रही है लगाम

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरियों का सिलसिला बढ़ता जा रहा है, चोरी की घटनाओं का पुलिस खुलासा न कर अपनी पीठ थपथपा रही है।

चोरी की घटना के दो मामले सामने आए हैं। जहां बीती रात ग्राम अघौरा निवासी रघुवर के घर में चोरों ने घर के अंदर घुसकर अलमारी व बक्से का ताला तोड़ दिया और अलमारी में रखे 10000 की नगदी सहित करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने सूचना 112 पुलिस को दी। तथा थाने में जाकर तहरीर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। वही दूसरी घटना बीती रात बबुवा खेड़ा मजरे राजामऊ में अब्दुल कादिर पुत्र बाबू के घर को चोरो ने निशाना बनाया। घर के लोग 9 जून को परिवार समेत को कहीं दावत में गए हुए थे। जब 11 जून को सुबह वापस आए तो घर के पीछे से चोरों ने दीवाल में सेंध लगाकर घर के अंदर सोने चांदी के जेवरात कीमत लगभग डेढ़ लाख तथा 12000 नगद चोरों ने पार कर दिया। जानकारी होने पर 112 पुलिस को सूचना दी गई। बाद में थाने में जाकर तहरीर दी गई है।



# काष्ठकला ट्रेड में दस दिवसीय प्रशिक्षण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद में वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट पर आमंत्रित किये जा रहें हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक वुडवर्क के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन उपरांत लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा।

उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में न प्राप्त किया हो। आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य को योजनान्तर्गत केवल एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा। परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है। आवेदक द्वारा पात्रता की शर्तों को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

# यातायात उप निरीक्षक उड़ा रहे यातायात नियमों के धज्जियां

- चालान करने में है माहिर खुद की गाड़ी में नहीं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




स्थानीय थाने में यातायात उप निरीक्षक के पद पर तैनात रमेश सिंह अपने नये नये कारनामों से चर्चा में बने रहते हैं।

उनका एक नया कारनामा फिर चर्चा में आया है जब बीती रात तकरीबन 11:00 के आसपास बांदा से मौरंग लादकर बहराइच जा रहे डंपर चालक रामसनेही पुत्र गंगा प्रसाद ने बताया कि बछरावां थाने में यातायात उप निरीक्षक के पद पर तैनात रमेश सिंह ने मेरी गाड़ी को चुरुवा पश्चिम गांव तिराहे पर रोक ली और मुझे 3000 मांगने लगे जब मैंने कहा कि मेरे पास रुपए नहीं है तो वह मेरी गाड़ी और मेरे लाइसेंस का चालान करने की धमकी देने लगी और उन्होंने मेरी जेब में रखे 2000 निकाल लिए। सूत्रों की मानी जाए तो उप निरीक्षक की ड्यूटी लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रायबरेली से दखिना टोल प्लाजा तक है, परंतु यह अत्यधिक धनउगाही के चक्कर में अपने ड्यूटी रूट से अन्य रूटो के चक्कर लगाया करते हैं, जब इनके विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त की गई तो यह पता चला कि यातायात उप निरीक्षक साहब खुद यातायात नियमों के धज्जिया उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं क्योंकि उनकी गाड़ी में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ही नही हैद्य वहीं क्षेत्रीय ढाबो और होटलो से यह भी पता चला है कि यातायात उप निरीक्षक रमेश सिंह की जिन रूटो पर ड्यूटी नहीं है उन रूटों पर भी वह ड्यूटी कर अवैध चालान एवं धन उगाही किया करते हैं।

**आयोजन**

## प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी जिंदाबाद के लगवाए नारे

# जीत के बाद रायबरेली पहुंचे राहुल व प्रियंका गांधी

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट पर जीत के बाद राहुल गांधी पहली बार प्रियंका गांधी संग अपने लोकसभा क्षेत्र पहुंचे. इस दौरान प्रियंका गांधी ने रायबरेली में राहुल गांधी को जिताने के लिए लोगों का धन्यवाद दिया। इस दौरान प्रियंका गांधी जब मंच पर संबोधन के लिए पहुंचीं तो उन्होंने सबसे पहले राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगवाए.

रायबरेली में धन्यवाद यात्रा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, कि रायबरेली की जनता और मेरे परिवार के सदस्यों को सबसे बड़ा धन्यवाद, जिन्होंने मेरे बड़े भाई को वोट देकर इतने भारी बहुमत से जिताया. हम आपके आभारी हैं।



**उप्र की जनता ने हिंसा और अहंकार के खिलाफ दबाकर वोट किया:** राहुल ने कहा कि पहली बार देश के प्रधानमंत्री हिंसा के बलबूते चुनाव लड़ रहे थे। उप्र की जनता ने हिंसा और अहंकार के खिलाफ दबाकर वोट किया। सबसे पहले कांग्रेस पार्टी के नेता एमएल और एमपी कांग्रेस के कार्यकर्ता अहंकार के शिकार नहीं होंगे। हमारा पारिवारिक रिश्ता है। राजनीति में सबसे पुराना हमारा और रायबरेली का रिश्ता है।

**वाराणसी से अगर प्रियंका लड़ी होती तो..** राहुल ने कहा कि अगर प्रियंका वाराणसी से लड़ गई होती तो यह वाराणसी से पीएम के खिलाफ दो से तीन लाख वोटों से जीत जाती। हिंस्दुस्तान के प्रधानमंत्री ने सिर्फ नफरत की दुकान फैलाई। आने वाले समय में बेरोजगारी, महंगाई का मुद्दा उठाया जाएगा। अब हमारे पास संसद में सेना बैठी हुई है। हम विपक्ष में रहकर अग्निवीर को उठाएंगे। राहुल ने कहा मैं वायदा करता हूं कि जो रायबरेली में होगा वही अमेठी में भी होगा।

**अमेठी और रायबरेली की जनता का प्रियंका ने जताया आभार:** वहीं, कांग्रेस ता सभा में राहुल गांधी के साथ आयीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जीत थी। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि आप सभी ने पूरे देश में एक संदेश दिया कि आप देश में स्वच्छ राजनीति चाहते हैं। उन्होंने रायबरेली और अमेठी की जनता को बधाई दी और कहा आपने हमारे लिए जो उत्साह दिखाया है, उससे दोगुने उत्साह के साथ हम आपके लिए काम करते रहेंगे।

## सवाल शुचिता का

झुलसाती गर्मी के बीच लंबे चले चुनावी अभियान में देश के मतदाताओं ने अपने लोकतांत्रिक दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से किया। देश में 18वीं लोकसभा का स्वरूप शक्ल ले चुका है। गर्व है कि हम दुनिया में रिकॉर्ड संख्या में मतदाताओं वाले सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा हैं। लेकिन इस बीच विचलित करने वाली खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं। यह स्थिति हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम मूल्यों की शुचिता का पारदर्शी समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? इसी दिशा में चिंतन से सिर्फचिंता ही बढ़ती है। चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी ए.डी.आर. की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2109 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं 18वीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। फिलहाल देश के निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सांसदों की यह संख्या पिछले कई दशकों में सर्वाधिक है। वर्ष 2014 में यह संख्या 34 फीसदी, 2009 में 30 फीसदी और 2004 में 23 फीसदी थी। जनप्रतिनिधियों में दागियों की संख्या में उत्तरोतर वृद्धि होना हमारे लोकतंत्र की विसंगति को ही दर्शाता है। जाहिरा तौर पर इनका परोक्ष–अपरोक्ष प्रभाव लोकतंत्र की गुणवत्ता पर पड़ेगा। विडंबना यह है कि इस बार दागी 251 प्रतिनिधियों में से 170 के खिलाफगंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त सांसदों की संख्या में 2009 की लोकसभा के मुकाबले इस बार 124 फीसदी वृद्धि देखी गई है। निश्चय ही यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। बहरहाल, यह सवाल हर एक जागरूक नागरिक को विचलित कर रहा है कि कैसे संसद में दागियों के पहुंचने का द्वार बंद हो। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल के बाद ही वर्ष 2020 में निर्देश दिए गए थे कि सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करें। जाहिरा तौर पर इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो। ऐसा भी नहीं है कि दल विशेष ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हों। हर छोटे–बड़े राजनीतिक दल में दागियों की पर्याप्त संख्या रही है। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। आखिर कैसे देश के युवा व बच्चे अपने लोकतंत्र के प्रतिनिधियों के आचरण का अनुकरण करेंगे? सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून–व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य?

# बाल श्रम पर लगाम लगाना बहुत जरूरी



**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस/12 जून पर विशेष**

**भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। लोगों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण है निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश के नागरिक शिक्षित नहीं होंगे तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी।**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

किसी देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आयेगी। अगर बच्चे ही किताबों को छोड़कर कल-कारखानों में काम करने लगेंगे तो देश और समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। इसीलिए लोगों को देश का भविष्य कहा जाता है। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाए कल-कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं। जहां दो जून पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है।

बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण लोगों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें। इस दिन जागरुकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरुकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरुआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इन सबके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है।

भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। लोगों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है।

वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्टरी में काम कर या अलग-अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उद्योग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा होता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं, वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी थे।

बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण है निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश के नागरिक शिक्षित नहीं होंगे तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। यह आवश्यक है कि देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने लोगों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निर्देशों की आवश्यकता है जिससे बाल-श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होना चाहिए तथा इसके विरोध में सदैव आगे आना चाहिए।

पूरी दुनिया के लिये बाल श्रम की समस्या एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिये समय समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम को काबू में लाने के लिये विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किये जाने के बाद भी इस स्थिति में सुधार न होना चिंतनीय है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। दुनिया भर में 73 मिलियन बच्चे खतरनाक काम करते हैं। खतरनाक श्रम में मैनुअल सफाई, निर्माण, कृषि, खदानों, कारखानों तथा फेरी वाला एवं घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में काम करना शामिल है। बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यह एक वैश्विक समस्या है। यूनीसेफ के अनुसार बच्चों का नियोजन इसलिए किया जाता है, क्योंकि उनका आसानी से शोषण किया जा सकता है। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता जैसे अन्य कारण भी हैं। बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के जरिए बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) अधिनियम 1986 में संशोधन किया गया है ताकि किसी काम में बच्चों को नियुक्त करने वाले व्यक्ति पर जुर्माना के अलावा सजा भी बढ़ाई जा सके। संशोधित कानून सरकार को ऐसे स्थानों पर और जोखिम भरे कार्यों वाले स्थानों पर समय समय पर निरीक्षण करने का अधिकार देता है जहां बच्चों के रोजगार पर पाबंदी है। संशोधित कानून के जरिए इसका उल्लंघन करने वालों के लिए सजा को बढ़ाया गया है।

## विचार

# नेतन्याहू के राजनीतिक भविष्य के लिए निर्णायक समय

**जेम्स एम डोर्सी**



**हाल ही में हुए एक इजरायली जनमत सर्वेक्षण से पता चलता है कि भले ही वह चुनाव जीत जायेंगे, लेकिन सरकार में उनकी मौजूदगी उन्हें नुकसान पहुंचा रही है। सर्वेक्षण में गैंट्ज को 38 प्रतिशत वोट मिले, जो जनवरी में उनके 46 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से कम है, जबकि नेतन्याहू के वोटों की संख्या छह महीने पहले के 24 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गयी। हालांकि नेतन्याहू फिर भी चुनाव हार जायेंगे, लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि गैंट्ज अपनी लोकप्रियता को और जोखिम में डालने का जोखिम नहीं उठा सकते। गैंट्ज क्या निर्णय लेते हैं।**

आने वाले एक या दो सप्ताह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के राजनीतिक भाग्य का निर्धारण कर सकते हैं और इजरायल के गाजा युद्ध के लिए बाइडेन प्रशासन के समर्थन को नया आकार दे सकते हैं। यानी, अगर नेतन्याहू युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज की इस मांग को पूरा करने में विफल रहते हैं कि प्रधानमंत्री युद्ध के बाद के प्रशासन के लिए एक योजना तैयार करें, तो उनके साथ युद्ध कैबिनेट के सदस्य और इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफगैबीईसेनकोट भी शामिल हो सकते हैं। गैंट्ज के पास अपनी चेतावनी पर अड़े रहने के अच्छे कारण हैं।

हाल ही में हुए एक इजरायली जनमत सर्वेक्षण से पता चलता है कि भले ही वह चुनाव जीत जायेंगे, लेकिन सरकार में उनकी मौजूदगी उन्हें नुकसान पहुंचा रही है। सर्वेक्षण में गैंट्ज को 38 प्रतिशत वोट मिले, जो जनवरी में उनके 46 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से कम है, जबकि नेतन्याहू के वोटों की संख्या छह महीने पहले के 24 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गयी। हालांकि नेतन्याहू फिर भी चुनाव हार जायेंगे, लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि गैंट्ज अपनी लोकप्रियता को और जोखिम में डालने का जोखिम नहीं उठा सकते। गैंट्ज क्या निर्णय लेते हैं, इस पर निर्भर करते हुए चार परिदृश्यों में से एक के सामने आने की संभावना है और संभवतः यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के हमास और इजरायल दोनों पर दबाव बनाने के लिए कतर और मिस्र समर्थित युद्धविराम योजना की आधिकारिक घोषणा करने के निर्णय का हिस्सा था। नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने तक युद्धविराम टाल सकते हैं। वह अपने सबसे उग्रवादी अति-राष्ट्रवादी और अति-रूढ़िवादी गठबंधन सहयोगियों को छोड़ सकते हैं, जिनका प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इटमारबेनग्वीर और वित्त मंत्री बेजेलस्मोट्रिच करते हैं, जो युद्धविराम समझौते का विरोध करते हैं, जिससे हमास द्वारा बंधक बनाये गये लोगों की रिहाई होगी। इसके बजाय, नेतन्याहू गैंट्ज, विपक्षी नेता यायरलैपिड और दो धार्मिक गठबंधन सहयोगियों, शास और यूनाइटेड टोरा यहूदी धर्मावलम्बी, जो युद्ध विराम और बंधक समझौते के पक्षधर हैं, के साथ मिलकर सरकार बना सकते हैं। एक और संभावना यह है कि नेतन्याहू पासा पलट सकते हैं और गैंट्ज और ईसेनकोट के इस्तीफा देने पर तुरंत चुनाव की घोषणा कर सकते हैं। अंत में, गैंट्ज और ईसेनकोट इस्तीफा दे सकते हैं, जिससे नेतन्याहू और भी ज्यादा जिम्मेदार बन सकते हैं। बेनग्वीर और स्मोट्रिच ने युद्ध विराम वार्ता में नेतन्याहू के स्थान को सीमित करने की कोशिश की, क्योंकि उनके हजारों समर्थक 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में पूर्वी यरुशलम पर इजराइल की विजय का जश्न मनाने के लिए यरुशलम के मुस्लिम क्वार्टर से यरुशलम ध्वज दिवस पर मार्च कर रहे थे। मार्च में भाग लेते हुए, बेनग्वीर ने कहा कि इसने हमास को संदेश दिया कि यरूशलम हमारा है। पुराने शहर के एक गेट का जिक्र करते हुए, जिसका मुस्लिम चर्टर हिस्सा है, और मंदिर पर्वत जो इस्लाम के तीसरे सबसे पवित्र स्थल अलअक्सा मस्जिद की मेजबानी करता है, बेनग्वीर ने जोर देकर कहा कि दमिश्कगेट हमारा है। मंदिर पर्वत हमारा है, और, ईश्वर की इच्छा से, पूरी जीत हमारी है उग्रवादी बेनग्वीर अनुयायियों ने फिलिस्तीनी निवासियों और पत्रकारों पर हमला किया, अरबों की मौत, तुम्हारा गांव जल जाये, और शुआफ्त आग की लपटों में है के नारे लगाये, जो पूर्वी यरुशलम के फिलिस्तीनी इलाके का संदर्भ था। गैंट्ज-ईसेनकोटवॉक-आउट जो नेतन्याहू को बेनग्वीर और स्मोट्रिच पर और भी अधिक निर्भर बना देगा, रक्षा मंत्री गैलेंट पर दबाव बढ़ायेगा, ताकि वे भी ऐसा ही करें और इजराइल के लिए बाइडेन के समर्थन को जटिल बना दें। मुझे पता है कि इजराइल में ऐसे लोग हैं जो इस योजना से सहमत नहीं होंगे और युद्ध को अनिश्चित काल तक जारी रखने का आह्वान करेंगे कुछ तो सरकारी गठबंधन में भी हैं। और उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है वे गाजा पर कब्जा करना चाहते हैं, वे वर्षों तक लड़ते रहना चाहते हैं, और बंधक उनके लिए प्राथमिकता नहीं हैं। मैंने इजरायल के नेतृत्व से इस सौदे के पीछे खड़े होने का आग्रह किया है, चाहे जो भी दबाव आये, बाइडेन ने अपने प्रस्तावित युद्धविराम सौदे को आगे बढ़ाते हुए कहा, जो नेतन्याहू द्वारा समर्थित एक मसौदे पर आधारित प्रतीत होता है। वास्तव में, बाइडेन नेतन्याहू को चेतावनी दे रहे थे कि वे ऐसी स्थिति की अनुमति न दें जिसमें वे बेनग्वीर और स्मोट्रिच पर अपनी निर्भरता कम करने के बजाय उसे बढ़ायें। साथ ही, इजरायली विश्लेषकों का सुझाव है कि नेतन्याहू के दिमाग में, प्रधानमंत्री और गैलेंट के युद्ध अपराध के आरोपों पर गिरफ्तारी के लिए संभावित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) वारंट गाजा युद्ध की निरंतरता को एक परिसंपत्ति के बजाय एक दायित्व में बदल रहा है जो सुनिश्चित करेगा कि वह पद पर बने रहें। राज्य अमेरिका और 16 अन्य देश जिनके नागरिकों को 7अक्टूबर को हमास द्वारा बंधक बनाया गया था, ने नेतन्याहू पर दबाव बढ़ा दिया और एक संयुक्त बयान जारी किया जिसमें इजरायल और हमास से युद्धविराम समझौता करने का आह्वान किया गया।

## अब इंडिया की राह क्या हो?

रविवार को नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद सम्हाल लिया है और उनकी सरकार ने एक तरह से कामकाज शुरू भी कर दिया है। 2014 और 2019 के मुकाबले एक बड़ी चुनौती को पार करने के बाद मोदी अपनी सरकार फिर से बनाने में कामयाब तो हो गये हैं लेकिन उनके सामने खड़े कांग्रेस एवं संयुक्त प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया ने उससे कहीं बड़ी बाधाओं को पार करते हुए खुद को ऐसी मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है जहां भाजपा का मुकाबला संसद के भीतर व बाहर दोनों जगहों पर दमदारी से किया जा सकता है।

मोदी के तीसरी बार सरकार बनने के पहले से ही, सच कहा जाये तो 4 जून की रात से ही साफ हो गया था कि वह अपने पैरों पर नहीं खड़ी है। इसलिए अनुमान जताये जा रहे हैं कि यह सरकार बहुत लम्बा चलने से रही। विवादास्पद मुद्दों को लेकर जब भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों- खासकर तेलुगु देसम पार्टी (टीडीपी) एवं जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) से टकराव बढ़ेगा तो इस सरकार के गिरने के अनुमान जाहिर किये जा रहे हैं। तो क्या इंडिया को इन अंतर्विरोधों के बढ़ने और भाजपा प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के अपने आप गिरने का इंतजार करना चाहिये? इसका जवाब ढूंढने के लिये कई आयामों पर गौर करना होगा। पहली बात, यह तो सच है कि परस्पर टकरावों के कारण इस सरकार के गिरने का अंदेशा कई राजनीतिक विश्लेषक व्यक्त कर रहे हैं। कई तो इसकी समयावधि तक निर्धारित करने से नहीं चूक रहे हैं। यह अवधि कुछ दिनों से लेकर कुछ महीनों तक की है। इस तरह के कयासों के कई आधार हैं। इनमें प्रमुख है विभागों का वितरण।

अनुमान जतलाये जा रहे हैं कि गठबंधन के जिन सहयोगी दलों को प्रभावशाली मंत्रालय, जिन्हें मलाईदार विभाग भी कहा जाता है, न मिलें तो खींचतान होगी। माना जा रहा था कि सबसे रौबदार विभाग यानी गृह, रेल, विदेश और रक्षा मंत्रालयों के लिये भी कहा-सुनी सम्भावित है। इसे सभी सहयोगी दल, खासकर बड़े घटक अपने पास रखना चाहेंगे। इनमें टीडीपी एवं जेडीयू शामिल हैं जिनके क्रमशरू 16 व 12 सदस्य हैं और जिन पर सरकार काफी-कुछ निर्भर करती है। किसी भी एक के हाथ खींचने की देर है और मोदी सरकार का पतन हो जायेगा। दूसरा अहम मुद्दा होगा लोकसभा के अध्यक्ष पद का। आने वाली राजनीतिक परिस्थितियों में इस पद का बहुत महत्व होगा। खासकर, टकराव की स्थिति में आसंदी पर बैठे व्यक्ति का आदेश व उसकी प्रतिबद्धता मोदी सरकार के लिये निर्णायक होगी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय टीडीपी ने ही अपने सांसद जीएमसी बालयोगी को इस पद पर बिठाने में सफलता पायी थी। बड़ी बात नहीं कि इस बार भी वह इसकी कोशिश करे। देखना यह होगा कि क्या इस बार जेडीयू यह पद पाना चाहेगी। वैसे अनुमान लगाये जा रहे थे कि दोनों दल ज्यादा मंत्री पद चाहेंगे पर इनके एक-एक सदस्य को ही केबिनेट मंत्री बनाया गया है। फिलहाल तो कोई विवाद होता नहीं दिख रहा है। राकांपा जरूर नाराज है जिसे केवल एक राज्य मंत्री का पद दिया जा रहा था। इसलिये उसका कोई प्रतिनिधि रविवार को हुए शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुआ। इंडिया के लिये असली संदेश तो यही है कि वह एनडीए में विवादों के पनपने और उनके इस कदर बड़ा होने का इंतजार न करे जिससे सरकार गिरे। अगर यह होना है तो वह अपने समय व कारणों से होता रहेगा लेकिन विपक्ष को अपने तईं प्रयासों को जारी रखना होगा। क्या हैं वे प्रयास? उसे वही करना है जो वह पिछले दो वर्षों से करती आई है।

2014 व 2019 के मुकाबले कांग्रेस को बड़ा जनादेश मिला है और दस वर्षों में उसके सदस्यों का आंकड़ा दहाई को छूने जा रहा है। राहुल गांधी द्वारा वायनाड या रायबरेली की एक सीट छोड़ने पर वहां से जो भी कांग्रेस प्रत्याशी लड़े, जीतेगा। इस तरह कांग्रेस 100 तक पहुंच जायेगी। दो राष्ट्रव्यापी यात्राओं के बाद राहुल का कद तो बढ़ा ही है, एक सर्वे में उन्हें पीएम के रूप में देखने वाले मोदी के मुकाबले 4 प्रतिशत ज्यादा पाये गये- यूपी में पीएम की पहली पसंद के तौर पर 36 फीसदी लोगों ने राहुल गांधी और 32 फीसदी लोगों ने नरेंद्र मोदी को चुना।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृषः-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क :-** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा।

**कन्याः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुलाः-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

**वृश्चिकः-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनुः-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेंगे।

**मकरः-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी।

**कुंभः-** ''खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।

**मीनः-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# निरंतरता, अनुभव व उत्साह का संगम है केंद्रीय मंत्रिमंडल

**डॉ. संजय द्विवेदी**



**आईएएस अधिकारी रहे अश्विनी वैष्णव अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उनके सचिव रहे, विविध अनुभव संपन्न वैष्णव सरकार में नवाचारों के वाहक हैं। पिछली सरकार उनके प्रदर्शन की गवाही है। इसी क्रम में नौकरशाह रहे हरदीप सिंह पुरी सरकार की शक्ति हैं। नितिन गडकरी का महाराष्ट्र सरकार से लेकर अब केंद्र में 10 साल का कार्यकाल सबकी नजर में है। देश में हुई परिवहन और सड़क क्रांति के वे वाहक हैं। वे केंद्र में सबसे लंबे समय तक परिवहन मंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं। भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दोराय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव, जोएल ओराम, गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रभावी संचालन का रिकार्ड इनके नाम है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजनाथ सिंह और अमित शाह इस सरकार के संकटमोचक हैं। राजनाथ सिंह के साथ जहां सहयोगी दलों का शानदार संवाद है, वहीं अमित शाह अपने कुशल राजनीतिक प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। इस सरकार में सहयोगी दलों के 11 मंत्री हैं। जबकि 2014 में पांच और 2019 में सहयोगी दलों के चार मंत्री शामिल थे। यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार में कुशल प्रबंधन की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। आने वाले समय में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव भी होने हैं। यही इस सरकार का पहला सार्वजनिक टेस्ट भी है।**

केंद्र सरकार का नया मंत्रिमंडल निरंतरता की गवाही देता है। यह बात बताती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी टीम पर भरोसा कायम है। प्रमुख विभागों में अपनी आजमाई जा चुकी टीम को मौका देकर मोदी ने बहुत गंभीर संदेश दिए हैं। मंत्रिमंडल में अनुभव, उत्साह और नवाचारी विचारों के वाहक नायकों को जगह मिली है। यह मंत्रिमंडल गहरी राजनीतिक सूझबूझ वाले नायकों से संयुक्त है। लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले सात पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश ), शिवराज सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), जीतनराम मांझी (बिहार), एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक), मनोहरलाल (हरियाणा), सर्वानंद सोनोवाल (असम) मुख्यमंत्री रहे हैं। भारत सरकार के विदेश सचिव और पिछली सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एस.जयशंकर अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं।

आईएएस अधिकारी रहे अश्विनी वैष्णव अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उनके सचिव रहे, विविध अनुभव संपन्न वैष्णव सरकार में नवाचारों के वाहक हैं। पिछली सरकार उनके प्रदर्शन की गवाही है। इसी क्रम में नौकरशाह रहे हरदीप सिंह पुरी सरकार की शक्ति हैं। नितिन गडकरी का महाराष्ट्र सरकार से लेकर अब केंद्र में 10 साल का कार्यकाल सबकी नजर में है। देश में हुई परिवहन और सड़क क्रांति के वे वाहक हैं। वे केंद्र में सबसे लंबे समय तक परिवहन मंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं।

भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दोराय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव, जोएल ओराम, गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रभावी संचालन का रिकार्ड इनके नाम है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजनाथ सिंह और अमित शाह इस सरकार के संकटमोचक हैं। राजनाथ सिंह के साथ जहां सहयोगी दलों का शानदार संवाद है, वहीं अमित शाह अपने कुशल राजनीतिक प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। इस सरकार में सहयोगी दलों के 11 मंत्री हैं। जबकि 2014 में पांच और 2019 में सहयोगी दलों के चार मंत्री शामिल थे। यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार में कुशल प्रबंधन की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। आने वाले समय में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव भी होने हैं। यही इस सरकार का पहला सार्वजनिक टेस्ट भी है।

मंत्रिमंडल में प्रतिबद्धता, निरंतरता और वरिष्ठता का ख्याल रखते हुए भी युवाओं को खास मौके दिए गए हैं। इसके साथ ही यह अखिल भारतीय चरित्र की सरकार भी है, केरल, तमिलनाडु से लेकर जम्मू-कश्मीर तक का प्रतिनिधित्व इस सरकार में है। पांच अल्पसंख्यक समुदायों से भी सरकार में मंत्री बने हैं। साथ ही सामाजिक समरसता की दृष्टि से यह समावेशी सरकार कही जा सकती है। अभी तक की स्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सुशासन को लेकर सरकार पर कोई दबाव नहीं है। लेकिन समान नागरिक संहिता, मुस्लिम आरक्षण, जातीय जनगणना, राज्यों को विशेष दर्जा जैसे मुद्दे मतभेद का कारण जरूर बनेंगे। प्रधानमंत्री के कद और उनकी छवि जरूर इन साधारण प्रश्नों से बड़ी है। सरकार के प्रबंधक इन मुद्दों से कैसे जूझते हैं, यह बड़ा सवाल है। सहयोगी दलों के साथ संतुलन और उनकी महत्ता बनाए रखते हुए चलना सरकार की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह अपने अभिभावकत्व और नेतृत्व से एनडीए को संभालते हुए काम प्रारंभ किया है। वे आसानी से साधारण विवादों का हल भी निकाल ही लेंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# पहाड़ की खदान में गिरा डंपर, श्रमिक की मौत

**चालक समेत दो की हालत नाजुक**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में स्थित एक खदान में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक बार फिर अनदेखी के चलते मजदूर की मौत हो गई। खदान में तीन सौ फुट की ऊंचाई से डंपर नीचे गिर गया। इसकी चपटे में आए मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इसके कारण काम बंद करना पड़ा। सुरक्षा नियमों को ताक में रखकर पत्थर खदानों में हो रहे खनन के कार्यों में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पत्थर लेकर खदान से निकल रहे डंपर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे डंपर खदान में गिर गया। डंपर की चपेट में आने से खदान में मजदूरी कर रहे एक श्रमिक की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। मुख्यालय कोतवाली के गांव डहर्रा में मंगलवार को पहाड़ में खनन के दौरान हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि मप्र के चंदवारा गांव निवासी राजकुमार डंपर में पत्थर लोडकर खदान से बाहर आ रहा था। तभी अचानक डंपर का संतुलन बिगड़ने से वो खदान में गिर गया। लगभग तीन सौ फीट ऊंचाई से डंपर गिरने से खदान में काम कर रहे श्रमिकों में हड़कंप मच गया। डंपर की चपेट में आने से विशाल नगर निवासी गजराज की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक राजकुमार सहित बरदानी अनुरागी घायल हो गया। हादसा के बाद खदान में काम कर रहे श्रमिकों में कोहराम मच गया।

**खनन का काम बंद**

आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया। पहाड़ नंबर तीन में हुए हादसा के बाद आस पास के पहाड़ों में खनन काम बंद कर दिया गया। पट्टा धारक हादसे के बाद कार्रवाई से बचने की जुगत भिड़ाने में जुट गया है। जनपद में एकमात्र उद्योग पत्थर खनन उद्योग है। जहां पर मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर बने हुए हैं। बीते दिनों पहाड़ में खनन कार्य करते समय पहाड़ दरकने से पत्थर में दबने से चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी। पत्थर खदानों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर खनन कार्य कराया जा रहा है।

## पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण पद्म श्री उपाधियों के लिए करें आवेदन

**रायबरेली।** आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है, जिसके फलस्वरूप सम्बन्धित महानुभाव/ महानुभावों के बारे में संस्तुतियों राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है। जिला सूचना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उपाधियों के लिए किए महानुभाव/महानुभावों के नाम प्रस्तावित करने एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में वांछित सूचना ''साइटेशन'' दो प्रतियों में प्रपत्र पर वांछित सूचना के साथ जिला सूचना कार्यालय रायबरेली में उपलब्ध करवाने करवा दें।

# होटल व रेस्टोरेन्टों में अग्निशमन विभाग ने किया विद्युत आडिट

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी महोबा के निर्देशानुसार सीएफओ महोबा सहायक निदेशक विद्युत विभाग एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी द्वारा जनपद में स्थापित होटलों और रेस्टोरेन्टों में अग्निशमन सुरक्षा एवं विद्युत ऑडिट किया गया जिसके दौरान अग्निशमन उपकरणों को फायर सर्विस टीम द्वारा चेक किया गया, वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया एवं पायी गई कमियों को समयावधि में पूर्ण करने हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये।

जनपद के होटलो और ढाबों में किये गये सुरक्षा एवं विद्युत ऑडिट के दौरान पायी गयी - कमियों के लिये एक निश्चित समय सीमा संचालकों को दी गयी है यदि निर्धारित की गयी समय सीमा के भीतर कमियों को दूर नही किया गया तो कार्यवाही की बात कही गयी है। भीषण - गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये फायर सर्विस टीम द्वारा लगातार शहर- समेत जिले में चलने वाले होटल,- रेस्टोरेन्ट, ढाबों, वैवाहिक घरों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और अग्निशमन उपकरणों को देखा भाला जा रहा है, तैनात स्टाफ को आग बुझाने के प्रशिक्षण दिये जा रहे है और उन्हें उपकरणों के रखरखाव की बारीकियां भी बतायी जा रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि गर्मी के दिनों में खास अहतियात बरतने की जरूरत होती है क्योंकि जरा सी लापरवाही प्रतिष्ठान की सुरक्षा को मुश्किल में डाल सकती है। लिहाजा मुश्किल से बचने के लिये सावधानी बेहद जरूरी है।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 36 जोड़ों ने थामा हाथ




**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज**

**तीन दर्जन जोड़ों ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाल और धार्मिक अनुष्ठान के साथ दाम्पत्य जीवन में किया प्रवेश**

कस्बे के नेशनल ग्राउंड में आयोजित सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में तीन दर्जन जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी और सोनी समाज के प्रतिष्ठित राधा सोनी और गोपाल जी सोनी द्वारा कस्बे के नेशनल कालेज खेल ग्राउंड में आयोजित सर्व जातीय विवाह सम्मेलन में क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के तीन दर्जन जोडों ने एक दूसरे के गले में वरमाला डाल और धार्मिक अनुष्ठान के साथ दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस दौरान आयोजक मण्डल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

सोनी दम्पत्ति द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्य को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। इस दौरान आदर्श चतुर्वेदी, रिंकू गुप्ता, रामकृपाल यादव, रामनरेश पाल,ब्रजेंद्र परिहार, सूरज सोनी, सौरभ अनुरागी, राहुल अहिरवार, रवि कुशवाहा आदि का विशेष योगदान रहा।

## तृतीय बड़े मंगल पर चुरूवा हनुमतलला मंदिर में भक्तों ने किया पूजन-अर्चन

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज** शास्त्रों में हनुमान जी की अपार महिमा का गान है यहां तक वर्णित है कि उनके नाम-जस का बखान प्रभु राम ने स्वयं किया है रामदूत की यह अपार महिमा ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार पर भी परिलक्षित हुई। वही बछरावां विकासखंड के अंतर्गत जनपद के सिंह द्वार पर स्थित पीपलेस्वर चुरूवा हनुमान मंदिर पर आज माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर भक्तों ने बजरंग बली बाबा का दर्शन व विधि विधान से पूजन अर्चन किया। सुबह सर्वप्रथम हनुमत लाल का श्रृंगार विधि विधान से किया गया। मंदिर के पुजारी चंद्रमणि अवस्थी व अनूप अवस्थी ने बताया की मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के पूजन अर्चन व दर्शन की व्यवस्था कर दी गई है।

# खुले में नहीं होगी जानवरों की कुर्बानी: रविकान्त गौड़

**चरखारी,महोबा समृद्धि न्यूज।**



आयोजित होने वाले ईद-ए-अजहा पर कुर्बानी के संबंध में शासन द्वारा जारी गाइड लाईन का हवाला देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी ने प्रतिबंधित जनवरों की कुर्बानी तथा खुले में कुर्बानी न किए जाने की हिदायत दी। ईद-ए-अजहा यानि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्धपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उददेश्य से थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राध्किारी चरखारी ने की।

इस मौके पर सीओ चरखारी रविकान्त गोंड ने बकरीद की नमाज के स्थलों' नमाजियों की संख्या' नमाज के दौरान रूट डायवर्जन' सफाई' बिजली पानी आदि विषयों पर गंभीरता से चर्चा की। लोक सभा चुनाव सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर मिले जनसहयोग पर आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व की तरह धार्मिक पर्व भी सौहाद्धपूर्ण वातावरण में होना चाहिए। कुर्बानी के संबंध में शासन द्वारा जारी गाइड लाईन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित जनवरों की कुर्बानी कतई नहीं की जाएगी और बकरे की कुर्बानी में घर के अन्दर करें' खुले में कतई कुर्बानी न की जाए और न ही खून व अपशिष्ट को खुले में फेंका जाए। ईद की नमाज के दौरान सुअरों के विचरण पर रोक लगाए जाने की मांग सपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष न्याज अहमद खां उर्फ मोनू खान ने की जिस पर क्षेत्राधिकारी ने पुलिस व नगर पालिका को सुअरपालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कस्बा में गैस लाईन व नल पाईप बिछाए जाने के दौरान बिजली की लाईनों को क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी अवर अभियन्त विद्युत अल्ताफ हुसैन ने दी जिस पर सीओ गौण्ड ने लिखित सूचना दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंनें कहा कि बिना तकनीकी स्टाफ के जो कार्य चल रहा है वह ठीक नहीं है इससे न सिर्फ आम जनमानस की परेशानी बढ़ रहीं हैं बल्कि सुरक्षा को भी खतरा है। बैठक में कोतवाली प्रभारी एसओ गणेश कुमार गुप्ता' नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा,एसएसआई मधुरेश त्रिपाठी, विनोद कुमार गौरहारी चौकी प्रभारी, नगरपालिका वरिष्ठ लिपिक अय्यूब खां, शहर काजी हफिज इमरान' सदर लेखपाल लक्ष्मण सिंह,लखन लाल नायक, सभासद सददाम' यशवंत राजपूत' निर्दोष राजपूत सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मौजूद रहे।

# सर्राफा दुकान से महिलाओं ने उड़ायी चांदी की पायल



**महिला दुकानदार ने तिगैला पर एक महिला को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

**पनवाड़ी,महोबा समृद्धि न्यूज।**

बीते समय बदमाशों के हाथों मारे गए सर्राफा कारोबारी अजयकांत सोनी की दुकान से ग्राहक बनकर आई महिलाएं चांदी की पायल चोरी कर ले गई है। इस घटना से एक बार फिर दिवंगत की सर्राफा दुकान सुर्खियों में आई है।

दिवंगत दुकानदार की पत्नी ने पीछा करते हुए एक महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। उक्त महिलाओं की तस्वीर सीसी टीवी कैमरा में कैद हुई है। इस आधार पर दो अन्य महिलाओं की तलाश में पुलिस जुट गई है। बता दें कि बीते समय अलीपुरा कस्बा निवासी अजयकांत सोनी बदमाशों के हमले से मारे गए थे और बदमाश एक करोड़ के आभूषण नगदी लूट ले गए थे। पुलिस ने बदमाशो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है तथा लूट का माल भी बरामद हुआ था। सर्राफा व्यापारी की मौत के बाद से बच्चों के भरण पोषण के लिए पत्नी मीना दुकान संचालित कर रही है। आज मंगलवार को दुकान पर तीन महिलाएं आई और चांदी की पायलें देखने लगी। आरोप है कि इस बीच पायलें चोरी कर महिलाए भाग गई। महिला दुकानदार ने शक आधार पर सीसी टीवी कैमरे में चेक किया तो महिला चांदी की पायल चोरी करते पाई गई। महिला दुकानदार ने पीछा किया और उनमें से एक महिला को पहचान कर तिगैला पर पकड़ लिया। पकड़ी महिला को थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

**थाना से सटी दुकान में टप्पेबाजी से दुकानदार दहशत में**

**पनवाड़ी।** मुकामी थाना पुलिस का आपराधिक तत्वों में खौफ नहीं है,इसके पीछे लचर कार्यप्रणाली को दोष दिया जा रहा है। आरोप है कि मुकामी थाना पुलिस दिन भर और रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान न देकर एक सूत्रीय कार्य में लगी रहती है। मंगलवार को थाना से सटी दिवंगत सर्राफा व्यापारी अजयकांत सोनी की दुकान से महिला चोर गिरोह दिन दहाड़े चोरी करने में खौफजदा नही रही। इस घटनर पर लोगों ने एसपी का ध्यान अपेक्षित कराते हुए अपराध पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित करने की मांग उठाई है। घटना से व्यापारियों में आक्रोश है।

# गैस लाईन बिछाने में तबाह की बिजली-पानी की सप्लाई

**गैर तकनीकी कर्मचारी कर रहे मनमानी' मुहल्लों में बिजली पानी की बढ़ी किल्लत**

**चरखारी,महोबा समृद्धि न्यूज।**



चरखारी में गैस कनेक्शन के लिए बिछाई जा रही अण्डर ग्राउण्ड गैस सप्लाई लाइन ने नगर के हर खास और आम को बुरी तरह से प्रभावित कर रखा है।

खुद के तकनीकी अधिकारियों के अलावा जल संस्थान व विद्युत विभाग के तकनीकी अधिकारियों की गैर मौजूदगी में चल रहे ड्रिलिंग कार्य से जल एवं विद्युत' नगर पालिका सहित तीन विभागों को भारी क्षति हो रही है वहीं आमजनमानस भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। जल संस्थान की वाटर सप्लाई तो अण्डरग्राउण्ड रहती ही है लेकिन विद्युत वितरण केन्द्र चरखारी का फीडर संख्या एक में 11 केवीए एवं एलटी लाईन पूरी तरह से अण्डर ग्राउण्ड है और एक नम्बर फीडर में हाईवोल्टेज एवं घरेलू सप्लाई की लाईनों का जाल सा बिछा हुआ है जिसकी सम्पूर्ण जानकारी विद्युत विभग के तकनीकी अधिकारियों के नक्शें में दर्ज है लेकिन नगर में बिछाई जा रही गैस पाईप लाइन के ठेकेदार द्वारा बिना जल संस्थान' नगर पालिका व विद्युत विभाग के अधिकारियों को जानकारी दिए बिना ही मनचाही जगह ड्रिलिंग कार्य किया जा रहा है जिसमें खुद कार्यदायी संस्था के तकनीकी अधिकारी भी मौजूद न होने से और मनमाने ढंग से अण्डर ग्राउण्ड पाईप डाले जाने पूरे कस्बा में आधे कस्बा में विद्युत सप्लाई तो पूरे कस्बा में जल सप्लाई प्रभावित हो रही है। अभी हाल में ही तुर्कियाना मोहल्ला में चल रहे कार्य के दौरान आधा दर्जन स्थलों पर पानी की लाईनें तोड़ देने से पूरे मोहल्ले की सप्लाई प्रभावित हुई एवं मकान की तलहटी में पानी जाने से जान माल को नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है।

इस बावत अवर अभियन्ता अल्ताफ हुसैन एवं सहायक अभियन्ता अवधेश कुमार द्वारा पुलिस व प्रशासन को अवगत भी कराया गया है लेकिन कोई प्रभावी कार्यवाही अमल में न आ पाने के कारण ठेकेदारों की मनमानी जारी है। हालांकि मंगलवार को सीओ रविकान्त गौड़ ने एक्शन लेते हुए कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

## मोबाइल हैक करने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मोबाईल फोन हैक करने की बात को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में कई लोगों को चोटें आईं हैं। जिसपर पुलिस ने दोनों ओर से मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम मुटनी निवासी इसरार ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठा हुआ था तभी गांव के पीरमोहम्मद, जीशान, अरमान, चांद बाबू, अलीम आदि अपने हाथ में लाठी डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आ गए और मां बहिन की गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, साथ ही बचाने आए उसके भाई इकरार को भी बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करा मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है जिससे दोनों पक्षों के चोट लगी है, जिसपर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सभासद ने पालिका अध्यक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

**पुलिस क्षेत्राधिकारी बोले तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जाँच कर कार्यवाही की जाएगी**

**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

नगर के एक सभासद ने कोतवाली मौदहा में तहरीर देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पर गुंडागर्दी करते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए हैं सभासद ने शिकायती पत्र देते हुए पुलिस से अध्यक्ष के द्वारा अवैध रूप से एकत्र की गई संपत्ति की जांच की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड नंबर 9 के सभासद मोहम्मद रमजानी ने शिकायती पत्र देते हुए मौदहा कोतवाली पुलिस को बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ द्वारा नगर में भ्रष्टाचार कर अवैध रूप से संपत्ति एकत्र की जा रही है सभासद ने बताया कि उसके वार्ड में एक पुलिया का निर्माण कराया जा रहा था जिसकी उसे जानकारी नहीं थी इसके बारे में पूछताछ करने वह नगर पालिका में अध्यक्ष के कमरे में गया था तो वहां मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद व उसके गुर्गे मौजूद थे जिन्होंने मेरे साथ गाली गलोज करना शुरू कर दिया और कमरा बंद करके मारपीट की है, हालांकि उक्त मामले पर जब नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद से बात की गई तो उसने बताया कि 2011 में कस्बा स्थित वार्ड नंबर 7 में एक मकान सभासद की मां द्वारा मरहूम कबीर अहमद को बेचा गया था जो नगर पालिका में भी दर्ज है मगर उक्त सभासद रमजानी उसमें जबरन कब्जा करना चाहता है और मकान को अपने नाम दर्ज करना चाहता है।

जिसकी शिकायत 23 मई 24 को मकान मालिक कबीर की पत्नी नसीम बानो द्वारा उपजिलाधिकारी से की गई थी जिसकी जाँच पर मामला सही पाया गया था मगर रमजानी पुनः मकान को अपने नाम दर्ज करवाना चाहता है। जिसको मना कर देने पर वह मेरे ऊपर दवाब बनाना चाहता है और इस तरह के आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। तो वहीं उक्त मामले पर तहरीर देकर मोहम्मद रमजानी ने अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर गाली गलौज व मारपीट करने का मामला दर्ज करने के लिए पुलिस से की गुहार लगाई है। उक्त मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रक मालिक ने चालक पर लगाया पैसा लेने का आरोप

**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**



कस्बे की मुख्य सड़क से दिनभर बेखौफ फर्राटा भरने वाले ओवरलोड ट्रकों पर आखिर कार प्रशासन की नजर पड़ ही गई जिसके चलते तहसीलदार ने कपसा रोड से दो बालू से लदी दो ट्रकों को पकड़ लिया वहीं ट्रक मालिक ने तहसीलदार के ड्राइवर पर प्रतिमाह पैसा लेने का आरोप लगाया है।

भीड़ भाड़ वाले कस्बे में सारे दिन बेधड़क निकलने वाले ओवरलोड बालू ट्रक पर प्रशासन ने चाबुक चलाते हुए कपसा रोड से दो ओवरलोड ट्रकों को नगरपालिका के डम्पिंग ग्राउंड के निकट से पकड़ कर गल्ला मंडी मौदहा में खड़ा कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस मामले में बालू के माफियाओं में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बालू माफिया मण्डी में इकट्ठा होने शुरू हो गए और मामला न सुलटते बालू माफियाओं में खासा आक्रोश व्याप्त हो गया तो पकड़े गए ट्रक के मालिक शनि ने खुलेआम तहसीलदार के ड्राइवर लल्लू पर बीस हजार रुपये महीना प्रति गाड़ी लेने का आरोप लगाते हुए मीडिया बयान जारी कर दिया।उसने बताया कि हर माह पैसा लेने के बावजूद भी आज ड्राइवर द्वारा लोकेशन क्लियर की थी मगर धोखे से ट्रकों को पकड़ लिया। ट्रकों पर कार्यवाही के बाद ट्रक संचालकों में हड़कंप मच गया है हालांकि जब ड्राइवर से इस बावत पूंछा गया तो वह कोई जबाव नही दे सके। वहीं इस सम्बंध में तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बताया कि आरोप अनर्गल हैं और अगर वह आरोप लगा रहे हैं तो उसका प्रमाण दें ड्राइवर के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## प्रधान पति द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर किया जा रहा अवैध कब्जा

**डलमऊ, रायबरेली।** प्रधान पति के द्वारा रातों-रात अवैध खनन कराकर ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है तहसील प्रशासन को भनक लगी तो सुबह मौके पर लेखपाल जांच करने पहुंचे हैं एक ओर जहां सरकार अवैध कबजेदारों पर अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की बात कह रही है वहीं डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खलीलपुर में ग्राम प्रधान पति के द्वारा ही ग्राम पंचायत की सुरक्षित जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है रातों-रात अवैध खनन कर कर ग्राम समाज की जमीन पर मिट्टी डाल दी गई और अवैध कब्जा किया जाने लगा सुबह जब इसकी भनक ग्रामीणों को लगी तो शिकायत डलमऊ तहसील प्रशासन से की गई शिकायत मिलने पर तहसीलदार डलमऊ ने लेखपाल को मौके पर जांच पड़ताल करने के लिए भेजा है।

# वाहन ने कार में मारी टक्कर, दो लोग घायल

**हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**




कानपुर सागर हाईवे स्थित आनूपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार एक वाहन ने परियोजना निदेशक की कार में टक्कर मार दी। इस घटना में परियोजना निदेशक व उनका चालक घायल हो गया। मंगलवार की दोपहर करीब चार बजे हमीरपुर में परियोजना निदेशक के पद पर तैनात करीब 40 वर्षीय साधना दीक्षित अपनी कार से किसी काम से कानपुर जा रही थीं।

जैसे ही इनकी कार आनूपुर के पास पहुंची कि तभी हैलट से मरीज को लेकर आ रही चंद्रपुरवा गांव निवासी एक युवक की गाड़ी ने पीडी की कार में सामने से टक्कर मार दी। जिससे पीडी की कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठी पीडी साधना दीक्षित व उनका चालक घायल हो गया। इस घटना में पीडी के पैर में चोटें आई हैं। वहीं घटना की जानकारी होने पर जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल पीडी का हालचाल जाना और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए। इस घटना से उनकी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम भी लग गया। घटना की सूचना मिलने पर सजेती पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की।

# चोरों ने घर में घुसकर की लूटपाट

**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े दो अज्ञात चोरों ने तमंचे की बल पर महिला के घर में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया है, इसके बाद उक्त महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर उन अज्ञात चोरों की शिनाख्त तथा उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लूटा हुआ माल वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया गांव निवासी अनसुइया देवी पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जब वह दिनांक 9 जून को दोपहर 12 बजे के लगभग घर में सो रही थी और उसके दो बच्चे खेलने के लिए घर से बाहर निकले थे तभी दो अज्ञात चोर तमंचा लिए हुए उसके एक लड़के आयुष को पकड़ कर घर के अंदर आ गए और लड़के की कनपटी में तमंचा रखकर घर में जो कुछ भी हो निकालने की बात कहने लगे जिससे भयभीत होकर उक्त महिला ने घर में रखी सोने की झुमकी तथा मंगलसूत्र सहित नगद रुपए उन्हें सौंप दिए, इसके बाद वह दोनों अज्ञात चोर उक्त घटना की जानकारी किसी को देने पर लड़के को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। पीड़ित महिला ने बताया कि इस घटना से पूर्व भी उक्त दोनों अज्ञात चोर उसके यहां दो बार और भी धावा बोल चुके हैं और कुछ ना कुछ नकदी तथा जेवरात आदि लूट कर ले जाते हैं। उसने बताया कि वह घर में अकेली थी तथा पुरुष लोग कमाने के उद्देश्य से बाहर चले जाते हैं। महिला ने बताया कि उपरोक्त दोनों चोर घटना की जानकारी किसी को बताने पर उसके लड़कों को जान से मारने की धमकी देते हैं जिससे वह घटना की जानकारी अभी तक किसी को नहीं देती रही है।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति,गोला गोकर्णनाथ,खीरी**

**सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान मण्डी स्थल गोला गोकर्णनाथ की सफाई हेतु अनुभवी एवं सुद्रण इच्छुक फर्म/व्यक्तियों से स्वीकृति दिनांक से दिनांक 31.03.2025 तक वार्षिक/मासिक ठेके पर कार्य कराये जाने हेतु अलग-अलग सील बन्द निविदायें निर्धारित शर्तों के अधीन तीन लिफाफा पद्धित से (जिसमें एक लिफाफे में तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड का अलग-अलग लिफाफा) दिनांक 18.06.2024 तक अपरान्ह-02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाये समिति कार्यालय से किसी कार्य दिवस में राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट जो ए.पी.एम.सी. गोला गोकर्णनाथ के पक्ष में देय हो अथवा नकद धनराशि पर 590.00 रु0 के भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा की धरोहर राशि 85,000.00 रु0 की राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. जो सचिव मण्डी समिति, गोला गोकर्णनाथ के नाम बंधक हो तथा उक्त कार्य की निर्धारित शर्त नं0 2 एवं 3 के द्वारा अपेक्षित सभी अभिलेख/ प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओ को उप जिलाधिकारी / सभापति मण्डी समिति गोला गोकर्णनाथ के द्वारा की दिनांक 18.06.2024 को अपरान्ह 04 बजे तकनीकि बिड एवं अपरान्ह - 04:30 बजे वित्तीय बिड कार्यालय मण्डी समिति गोला गोकर्णनाथ में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अतः इच्छुक फर्म/व्यक्ति उक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्ते नोटिस बोर्ड पर एवं कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में पढ़ी अथवा देखी जा सकती हैं। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार उप-जिलाधिकारी सभापति मण्डी समिति गोला गोकर्णनाथ में निहित होगा।

**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति**

**उप-जिलाधिकारी/ सभापति**
**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)**

# प्रभु कृपा के आगे बेअसर रही बड़ी-बड़ी चुनौतियां : एसपी सिटी

▸ प्रोन्नति मिलने पर एसएसपी ने एसपी सिटी को लगाया प्रोन्नति स्टार,दी बधाई



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ थाना पुलिस ने 151 की कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस अपराध रोकने व अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चला रही। पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की है। पकड़े गये आरोपियों में रंजीत कुमार पुत्र रामप्रसाद, सुनील कुमार, मुकेश कुमार पुत्रगण रामावतार निवासीगण ग्राम दनियापुर थाना शमशाबाद, उमा शंकर पुत्र चरण लाल, धर्मेंद्र पुत्र उमाशंकर निवासी मोहल्ला सरैया थाना शमशाबाद, अनमोल पुत्र अनूप कुमार निवासी ताड़ वाली हवेली तथा हनी पुत्र विपिन कुमार निवासी टिकुरिया नगला थाना शमशाबाद सभी लोगों के खिलाफ थाना पुलिस द्वारा 151 की कार्वाई की गई है। यह सभी लोग शांति व्यवस्था भंग करने का आरोप है।

### दो पक्षों ने मारपीट की दी जवाबी तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव रायपुर खास निवासी जीशान उम्र 19 वर्षीय पुत्र गुलजार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह गांव में लगे मेले में झूला झूल रहा था, तभी गॉव के भल्लू, अरविन्द वर्मा, अनलोम, सुन्दरम ने एक राय होकर हमारे साथ मारपीट करने लगे। इन्हीं लोगों में से किसी एक ने हमें जान से मारने कि नियत से चाकू मार दिया। बांह में चाकू लगने से वह घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष कि ओर से अनमोल उम्र 14 वर्षीय पुत्र ब्रजेश ने भी पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि हमारे गाँव में झूला लगा है। जिस पर हम अपने पड़ोसी सुन्दरम उम्र 13 वर्षीय पुत्र विजय कुमार के साथ झूला झूलकर नीचे खड़े हो गये। उसी दौरान जीशान हमारे कन्धे पर लात रखकर झूले से नीचे उतरते समय नीचे गिर गया। विरोध करने पर वह हम दोनों लोगों के साथ गाली -गलौज कर मारपीटी करने लगा। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर तीनों लोगो का मेडीकल परीक्षण करवाया।

### मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद बदायूं के थाना उसैत के गांव जती निवासी कोहनूर बेगम (35) पत्नी आनेर मोहम्मद, थाना मोहम्मदाबाद के मोहल्ला मनोज नगर निवासी रामलखन (25), जनपद मैनपुरी के थाना विछ्वा के गांव भजन नगला निवासी गिरन्द (25), थाना शमसाबाद के गांव अकबरपुर निवासी रामू (26), ब्रजेश (24) व बाँबी (20) घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद रामलखन व रामू को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद मैनपुरी थाना क्षेत्र के गाँव नगला भजन बिरमा निवासी दिनेश कुमार उम्र 27 वर्षीय पुत्र अन्तरामपाल बाइक द्वारा अपने बहनोई विपिन कुमार के यहाँ कायमगंज क्षेत्र के ग्राम अताईपुर जदीद आ रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसके बहनोई ने घायल अवस्था में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य में लाकर भर्ती कराया गया।

# सीएमओ को निरीक्षण में सीएचसी प्रभारी सहित 15 मिले अनुपस्थित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मुख्य चिकित्साधिकारी** ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित करीब 15 स्वास्थ्य कर्मी गायब मिले। सीएमओ ने कार्यवाही करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने सीएचसी राजेपुर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, डॉ0 एसवी सिंह, महिला चिकित्सक सोनू सिंह, डॉ0 अमित वर्मा, फार्मासिस्ट आलोक कटियार, स्टाफ नर्स सपना सोमवंशी, आकांक्षा त्रिपाठी, विजय पाल सीपीएम, एचवी नीरज अवस्थी, अंकित पाल लैब टेक्नीशियन, कार्तिकेय सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, सूरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार वार्ड बॉय, रोहित कुमार, श्याम हरि अनुपस्थित मिले। एंबुलेंस के ईएमटी सरोज बाबू के पास ऑर्स पाउडर उपलब्ध नहीं था दवा के बारे में पूछने पर नहीं दिखा सके। संविदा स्टाफ नर्स अनामिका लेबर रूम में ड्रेस में नहीं थी। प्रसव कक्ष की व्यवस्था सही नहीं थी। बेडशीट गंदी मिलीं। जिस पर उन्होंने अनामिका पर नाराजगी जाहिर की। ओपीडी में डॉ0 रजत कटियार मरीज देख रहे थे तथा इमरजेंसी में फार्मासिस्ट बीके मिश्रा मौजूद थे। सीएमओ ने बताया की निरीक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।



सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ — समृद्धि न्यूज

# पति से प्रताड़ित गर्भवती पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुत्री** होने के शक में पति गर्भवती पत्नी को मारपीट कर प्रताड़ित करता है तथा गर्भ गिराने की बात कहता है। पीड़िता ने अपने माता पिता के साथ थाने जाकर पति के खिलाफ तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला बाजार मंडी निवासी एक महिला ने माता पिता के साथ शमसाबाद थाने पहुंचकर पति के खिलाफ तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा कि वह गर्भवती है और एक बच्ची की मां है, जबकि एक बच्ची की मौत हो चुकी है। पति को शक है कि कहीं फिर पुत्री न हो जाये, इसलिए वह गर्भ गिराने का दबाव बनाता है और मारपीट करता है। जिसमें पति का साथ सास, ननद व अन्य परिजन देते हैं। पीड़िता का आरोप है पति दिल्ली में सिलाई का कार्य करता है। शराब पीकर बिना बजह गाली-गलौज कर उत्पीड़न करता है। विरोध करने पर लात, घूसों, बेल्ट से पिटाई करता है। पीड़िता ी मां मुन्नी देवी पत्नी शौकीन अली निवासी जनपद मैनपुरी ने बताया आरोपी दामाद को कई बार समझाया गया। फिर भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा है और मेरी बेटी का उत्पीड़न कर रहा। पुत्री की शिकायत पर वह बेटी को घर बुला ले गई थी। जिस पर दामाद बीमारी का बहाना बनाकर बेटी को बुला लाया। पीड़ित ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही करने की बात कही।



घटना की जानकारी देती पीड़ित महिला

### दो लोगों ने पिया जहर, दोनों की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर कम्पिल क्षेत्र के गांव चांदपुर कच्छ निवासी शिवकुमार (18) व नगर से सटे गांव दत्तू नगला निवासी सुमित (24) ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग, पांच घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**बीती रात** जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट व फायरिंग हुई। जिससे एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम पुठरी में बीती रात्रि करीब 9 बजे दो पक्षों में तालाब के पीछे स्थित जगह को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। देखते ही देखते हवाई फायरिंग होने लगी। जिससे एक पक्ष से छविनाथ सिंह पुत्र गेंदनलाल उम्र 65 वर्ष, रामजी पुत्र महेश सिंह उम्र 40 वर्ष, आलोक पुत्र शिवमंगल सिंह उम्र 31 वर्ष, राजीव कुमार पुत्र शिवमंगल सिंह उम्र 40 वर्ष सभी निवासीगण पुठरी थाना नवाबगंज, शिव वेदपाल पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी मरैना थाना कांठ जनपद शाहजहांपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर 108 एंबुलेंस को बुलाया तथा सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सभी का उपचार जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि उपरोक्त जगह पर कब्जे को लेकर काफी समय से दो पक्षों में विवाद चला आ रहा है।



सीएचसी में भर्ती घायल — समृद्धि न्यूज

### महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव लालबाग निवासी शब्बो उम्र 44 वषीय पत्नी अन्सार की हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर अमरेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# बिना खाद्य लाइसेंस संचालित कोल्ड स्टोरेज मालिकों को नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनपद** में लाइसेंस एवं पंजीकरण की संख्या में 10 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 11.06.2024 को मुख्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के पर्यवेक्षण में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिजेन्द्र कुमार, डॉ0 शैलेंद्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा द्वारा बिना खाद्य लाइसेंस प्राप्त किये। खाद्य कारोबार करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 निम्न कोल्ड स्टोरेज को नोटिस निर्गत किये गये। समृद्धि कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0 कनकापुर, सरोजनी कोल्ड स्टोरेज जसमई दरवाजा, चंद्रा कोल्ड स्टोरेज पचपुखरा, बाबू सिंह दद्दू कोल्ड स्टोरेज एल.एल.पी., बेवर रोड फर्रुखाबाद, एस.एन.सन्स कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0 महरुपुर सहजू, भगवान कोल्ड स्टोरेज वाहिद्पुर, डॉ0 नागेंद्र सिह राजा भैया कोल्ड स्टोरेज आवाजपुर, श्रीराम कोल्ड स्टोरेज पांचालघाट, यशोदा कोल्ड स्टोरेज बाग लकूला, सी.पी. सिंह कोल्ड स्टरोज करधिया, मोहम्मदाबाद, हमीद कोल्ड स्टोरेज जहानगंज, अयूब कोल्ड स्टोरोज जहानगंज, लवकुश कोल्ड स्टोरेज कतरौली पट्टी, सरस्वती रेफ्रिजरेशन (इंडिया) प्रा0लि0, कमालगंज, गिरिजा देवी गिरीश बाबू कोल्ड स्टोरेज फतेहगढ़, काश्तकार कोल्ड स्टोरेज फतेहगढ़, के0टी0 कोल्ड स्टोरेज फतेहगढ़, श्रीमती कृष्णा कोल्ड स्टोरेज, पपियापुर, एम.बी. कोल्ड स्टोरेज हमीरपुर सोमवंशी, सालिगराम तिवारी कोल्ड स्टोरेज अमृतपुर, एस.एम. कोल्ड स्टोरेज अमृतपुर, नारायण हरि कोल्ड स्टोरेज, करनपुर मजरा बांसमई, ए.के. कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0 मंझना, कायमगंज कोल्ड स्टोरोज कायमगंज, श्री रघुवंशी यादव कोल्ड स्टोरेज, अलावलपुर, अशोका



फर्रुखाबाद स्थित कोल्ड स्टोरेज — समृद्धि न्यूज

# एनसीसी का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**11 जून** से 20 जून तक चलने वाला 10 दिवसीय एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 34 आरआरसी फतेहगढ़ में शुरू हो गया है। जिसके सम्पूर्ण दायित्व का निर्वाह्न बटालियन के सूबेदार मेजर हरकेश सिंह को सौंपा गया है। कैंप 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोमिल शर्मा कैंप कमांडेंट तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट 9 यूपी बटालियन हाथरस के कमांडिंग ऑफिसर सुरेंद्र होरा रहेंगे। कैम्प में सम्मिलित होने वाले एनसीसी कैडेट्स का रजिस्ट्रेशन बटालियन के प्रधान लिपिक सुनील कुमार तथा गिरीश चंद्र ने बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कर किया। कैम्प कमांडेंट कर्नल रोमिल शर्मा ने सभी एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन में रहते हुए प्रशिक्षण लेने हेतु निर्देशित किया। इस कैंप में सीपीवीएन कायमगंज एबीआरआईसी मोहम्मदाबाद, एसपीएसआईसी राजेंद्रनगर, एचएलबीएन इण्टर कॉलेज छिबरामऊ, आरपी आईएसी कमालगंज, एसएनएम इंटर कॉलेज कायमगंज, केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज, एमआईसी फतेहगढ़, जेडीजेआईसी छिबरामऊ के एनसीसी कैडेट्स सम्मिलित होंगे। साथ ही लखनऊ, वाराणसी, वाराणसी बी, अलीगढ़, आगरा, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, मेरठ, प्रयागराज 10 ग्रुप्स के कुल 395 एनसीसी कैडेट सम्मिलित होंगे। कैंप को प्रशिक्षण देने के लिए पांच एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स को नियुक्त किया गया है, जो लगातार 10 दिन इन सभी एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, सोशल सर्विस, टेंट पिचिंग, विभिन्न विषयों पर ब्याख्यान तथा डेमो देकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप में कैप्टन संदीप माधव को कैंप एडजुटेंट तथा लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही फर्स्ट अफसर सतीश चंद्र, थर्ड अफसर अचल पाल तथा अमित दयाल, सूबेदार सुरेश सिंह, सूबेदार भीम सिंह, सूबेदार राजवीर, बीएचएम जयराम आदि सैन्य अफसर एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण देंगे।


प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते एनसीसी कैडेट्स — समृद्धि न्यूज

# फर्रुखाबाद महोत्सव मेला शुरु, लगी दुकानें



मेले में लगी दुकानें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बढ़पुर स्थित** क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान में इस बार फर्रुखाबाद महोत्सव मेला लगा हुआ है। जिसका शुभारम्भ 6 जून को हुआ है। विधिवत उद्घाटन होने में अभी दो दिन लगेंगे। प्रदर्शनी में विभिन्न तरीके के व्यंजन, झूला, कपड़ों की दुकानें, खिलौनों की दुकानें आदि लगायी गई है। फर्रुखाबाद महोत्सव मेले के मैनेजर अशोक सागर ने बताया कि जनपद के लोगों के लिए मेला लगाया गया है। गर्मियों की छुट्टी को देखते हुए बच्चे इस मेले का आनंद लें और अपनी मन चाही चीज खरीदें। प्रदर्शनी में ज्यादातर दुकानें लग चुकी है। शाम होते ही फर्रुखाबाद महोत्सव मेले में लोग आते है और उसका लुत्स उठाते है। मेले में रंगीन लाइटों के अलावा झूले व दुकानें सजायी गई है।

# गरीबों की सुविधा के लिए लगायी सीटी स्कैन मशीन दो दिन से खराब, मरीज परेशान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



**डॉ0 राम** मनोहर लोहिया अस्पताल लगी सीटी स्कैन मशीन बीते दो दिनों से खराब चल रही है। जिससे मरीजों का सीटी स्कैन नहीं हो पा रहा है। मरीजों को परेशानियां हो रही हैं। एक्सीडेंट के घायलों को समय पर यह सुविधा नहीं मिल पाने से डॉक्टर भी उनका इलाज करने की बजाय उन्हें रेफर कर देते है। जानकारी के अनुसार आवास विकास स्थित डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गरीबों को मुक्त सेवा उपलब्ध कराने के लिए सीटी स्कैन मशीन लगायी गई है। जो बीते दो दिनों से खराब चल रही है। जिससे मरीजों को बिना सीटी स्कैन कराए ही बैरंग लौटना पड़ रहा है। इससे रोजाना मरीजों को सरकारी सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोहिया अस्पताल में लगी सीटी स्कैन मरीज कम आय वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। दूरदराज से आने वाले मरीजों को लौटाया जाने लगा है। सीटी स्कैन यूनिट प्रभारी चंदन ने बताया कि मशीन में खराबी आने के बाद तुरंत ही कंपनी को मेल से अवगत करा दिया गया था। लखनऊ से इंजीनियर को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि मरीजों के पर्चे जमा कर लिये गये है। सीटी स्कैन मशीन सही होते ही जिन मरीजों के पर्चे जमा है उन्हें फोन करके बुला लिया जायेगा और उनकी जांच की जायेगी।

# सौंदर्य कला विधा में छात्रायें बन रही है आत्मनिर्भर: हेमलता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**संस्कार** भारती द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला नगर की कनोडिया इंटर कॉलेज में बीते दिनों से चल रही है। जिसका आज छात्राओं ने सौंदर्य विधा का प्रदर्शन किया। सौंदर्य विधा ब्यूटीशियन में हेमलता श्रीवास्तव कार्यशाला में लगभग 40 छात्राओं को कला के साथ रोजगार परक शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बना रही है। भारतीय संस्कृति के रूप भारतीय परिधान विभिन्न राज्यों की साड़ी पहनने का ढंग, आधुनिक डिजाइन में साड़ी को बांधना साथ ही व्यक्तित्त में निखार लाना, सौंदर्य कला प्रशिक्षण हेयर स्टाइल, मेनीक्योर बैक्स, पेडीक्योर, आई मेकअप, ब्राइडल मेकअप, फेशियल आदि वर्तमान समय में युवा सुंदर आकर्षक कैसे लिखेंगी। ब्यूटी पार्लर खुल गए हैं। जिसमें अच्छा रोजगार की संभावनाएं दिखाई देती हैं, शादी विवाह या कोई भी उत्सव हो ब्यूटी पार्लर में जाना आवश्यक है और अच्छा कमाई का गृह उद्योग बन गया है। संस्कार भारती के कला साधको का उद्देश्य विविध कलाओं के माध्यम के व्यक्तियों में व्यक्तित्व का विकास करना आत्मनिर्भर बनाना साथ ही परिवार समाज और राष्ट्र के लिए अच्छे नागरिक को का निर्माण करना हमारा भारत स्वर्णिम भारत हो। कार्यशाला की व्यवस्था संयोजक डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र पांडेय, डॉ0 नवनीत गुप्ता, कुलभूषण श्रीवास्तव, अरविंद दीक्षित, नवीन मिश्रा आदि मौजूद रहे हैं।


सौंदर्य कला की प्रदर्शन करती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# मांगों को लेकर प्रधान संगठन ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**ग्राम प्रधान** संगठन ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ब्लाक अध्यक्ष रामनारायन सिंह ने कार्यवाही हेतु मांग की है कि ग्राम पंचायत के खातों के संचालन में जो पंचायत सहायकों की अनिर्वायता व चेहरे व आंखों की स्क्रीनिंग के बगैर भुगतान न हो पाना पंचायती राज को कमजोर करने की सरकार की मंशा का प्रधान संगठन विरोध करता है, तथा इस काले कानून को सरकार वापस लें। मनरेगा में एक ही स्थान पर एनएमएस कराये जाने का विरोध करते है। पक्के व कच्चा काम का भुगतान बहुत लम्बे समय तक न कराया जाना सरकार द्वारा प्रधानों व श्रमिकों का उत्पीड़न करने जैसा कदम है। सरकार गंभीरता से ध्यान दें। मनरेगा में मजदूरी अन्य राज्यों की अपेक्षा बहुत कम है। जिसकों बढ़ाकर 400 रुपये की मांग की गई है। पंचायत सहायक व केयर टेकर का मानदेय दिया जाये। प्रधान संगठन मांग करता है कि प्रधानों के अधिकार व बजट में जो कटौती की गई है वह सरकार वापस दें, आदि बिन्दुओं को लेकर मांग की। ऐसा न हुआ तो सभी संगठन के लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

# मधुक्रांति बीफार्मर्स सोसायटी ने शहद मिलावटी कम्पनियों की जांच कराये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मधुक्रांति** बीफार्मर्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में दर्शाया गया कि सभी ब्रांडेड शहद निर्यात कम्पनियों द्वारा मिलावट की जांच हेतु स्वतंत्र एसआईटी गठित करने तथा पालक, शहद उत्पादक किसानों की शहद खरीददारी शुरु करायी जाये। सोसायटी ने मांग की है कि मौन पालन आज बहुत ही बूरे दौर से गुजर रहा है। क्योंकि मधुमक्खी पालकों के शुद्ध शहद का बाजार में कोई खरीददार नहीं है। बाजार में धड़ल्ले से मिलावटी शहद बिक रहा है और निर्यात भी हो रहा है। वर्ष 2022-23 में लगभग 50 हजार टन का मौन पालन द्वारा उत्पादन हुआ था। जबकि निर्यात 8 हजार टन हुआ। वर्ष 2023-24 में शहद का निर्यात 1 लाख 8 हजार टन हुआ है। देश में शहद का उत्पादन लगभग 50 हजार टन हुआ। तो 80 हजार टन और 1 लाख 8 हजार टन का निर्यात कैसे हुआ है। सभी ब्राडेंड कम्पनियां निर्यातक शहद की खरीददारी पिछले तीन महीने से बंद कर रखी है। मधुमक्खी पालकों का शहद बिक नहीं रहा है। भीषण गर्मी में कृत्रिम फीड देने में असमर्थ है। ऐसे में निर्यातक कम्पनियों के मिलावट की जांच हो और एसआईटी गठित की जाये। साथ ही किसानों का शहद की खरीददारी कराये जाने की मांग की है। साथ ही दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर राजकुमार, अनूप कुमार, दिनेश, आलोक अग्निहोत्री, संजीव, कुनाल आदि लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सोसायटी के लोग — समृद्धि न्यूज

# आर्यावर्त बैंक के दो बकायेदारों के ट्रैक्टर सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आर्यावर्त बैंक** शाखा ताजपुर द्वारा बड़े बकायेदार पर कड़ी कार्यवाही करते हुए बकायादार अरविन्द सिंह पुत्र अच्छेलाल निवासी ग्राम महोई द्वारा ट्रैक्टर लोन का बकाया रुपया 5.94 लाख का कई नोटिस भेजने के बाद न जमा करने पर मंगलवार 11 जून को बैंक द्वारा ट्रैक्टर को सीज का तहसील भेज दिया गया है। मौके पर बैंक की ओर से शाखा प्रबंधक नितिन सिंह, ऋण अधिकारी मनीष कुमार जायसवाल, शुभम जैन व तहसील की ओर से अमीन नवीन दीक्षित, सरोज दुबे, नारायन अवस्थी मौजूद रहे। अमीन नवीन दीक्षित ने बताया कि लोक धन का दुरुपयोग ससमय अदायगी न करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के प्रशासन ने निर्देश दिये है। वहीं आर्यावर्त बैंक शाखा शमशाबाद के बकायेदार पर बड़ी कार्यवाही करते हुए खुशीराम पुत्र अंगद निवासी नगला देवीदास पहाड़पुर शमशाबाद पर बकाया रुपया 8 लाख था। कई नोटिस भेजने के बाद जमा न करने पर मंगलवार 11 जून को बैंक द्वारा ट्रैक्टर को सीज कर तहसील भेज दिया गया है। मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय से अधिकारी अभिनव, राकेश, शाखा प्रबंधक अंकित सिंह, नायाब तहसीलदार अनरव हुसैन, अमीन हरिश्चन्द्र, जगदीश शंकर तिवारी, रामपाल मौजूद रहे। नायाब तहसीलदार अनवर हुसैन ने बताया कि लोक धन का दुरुपयोग व ससमय अदायगी न करने पर अधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाही की गई है।


ट्रैक्टर को सीज कर तहसील भेजते बैंक अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अजमल के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।
**दिलशाद पुत्र सिराज निवासी मो0 कुकी खेल कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

# आप ने नीट परीक्षा को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते आप नेता — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आम आदमी** पार्टी ने नीट परीक्षा को लेकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्यवाही की जाये और दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है।

बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहें नौजवानों को सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक ओर जहां संवेदनहीन केंद्र सरकार में भर्तियों का टोटा हैं। वहीं दूसरी ओर पेपर लीक करवाने में कहीं न कहीं सरकार के लोग भी जिम्मेदार है। नौजवानों का भविष्य इस सरकार में नहीं दिख रहा है। आप जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह ने कहा कि परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था। चुनाव को देखते हुए 4 जून को ही परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे कहीं न कहीं गुनाह को छिपाने के लिए परिणाम घोषित कराया गया। जिस पर 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये। एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिये जाना व कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिये गये जो कि असम्भव हैं क्योंकि एक प्रश्न छो? देने या गलत करने पर 04 या 05 नंबर कम होने चाहिएए तो 718 और 719 नंबर कैसे दिये जा सकतें हैं। इससे प्रतीत होता हैं कि नीट के परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया हैं। दोषियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाये। जिससे अभ्यार्थियों के साथ न्याय हो सके। इस अवसर पर अवनीश सिंह तोमर, जगतपाल सिंह, जितेंद्र दीक्षित, जितेंद्र सिंह, मोहम्मद शकील, ठा0 यशभान सिंह, विकास राठौड़, रोहित यादव, साहब सिंह, कृष्णपाल सिंह, प्रताप सिंह यादव, पवन यादव, रोहित पाल, अंकित शाक्य, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 भटपुरा की द्वितीय बैठक ग्राम गांधी नगर में 12 जून को सम्पन्न होगी। श्रृंगीरामपुर व ब्लाक कमालगंज के सभी लोगों को उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी सर्वेश कश्यप ने दी है।

**सूचना**

मैं No 3006658Y HAV JITENDRA PRATAP SINGH R/O Vill - Bheliya, Block - Chhatoh, Tehsil - Salon, Distt - Raebareli (UP) घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों मेरी पुत्री का गलत नाम JANHAVI दर्ज है उसका वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार JANHVI SINGH है, जिसे दर्ज किया जाए।

**सूचना**

मेरे पिता स्व0 लालाराम के आर्मी नम्बर 2847994E RAJ RIF रिकार्ड में मेरी माता का नाम SAUTRI त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि आधार व अन्य दस्तावेजों में मेरी माता का नाम SAVTRI दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरे पिता के आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाये।
**संजय श्रीवास्तव पुत्र स्व0 लालाराम निवासी अपर दुर्गा कालोनी, भोलेपुर-फतेहगढ़, जनपद फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**
**पत्रांकः-259/ न0पा0 परि0का0/2024-25** **दिनांक 7/06/2024**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जवाहर लाल पुत्र स्व0 भगवान दास निवासी मोहल्ला गंगादरवाजा ने पंजीकृत विक्रय/ वसीयत विलेख विरासतन के आधार पर भवन संख्या 57 मोहल्ला गंगादरवाजा कायमगंज पर श्रीमती महादेवी पत्नी कलियान के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**
**पत्रांकः-281/ न0पा0 परि0का0/2024-25** **दिनांक 10/06/2024**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहितास कुमार गुप्ता पुत्र नरेश चन्द्र गुप्ता निवासी मोहल्ला बजरिया वेगराज ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 968/969 मोहल्ला रेलवे रोड कायमगंज पर श्री संजय कुमार पुत्र नरायन हरी के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

**कार्यालय ग्रा0पं0 खिरिया मुकुन्द वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**
पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/राज्य 15वां वित्त/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 11/06/2024
**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यवित्त/15वांवित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खिरिया मुकुन्द विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/06/2024 से दिनांक 18/06/2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 18/06/2024 को 2.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय खिरिया मुकुन्द में प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/06/2024 से दिनांक 18/06/2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय खिरिया मुकुन्द मे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु0 100-00 अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रकाश के घर से रामबहादुर के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य | 3.83 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | महावीर के घर से अलीसार के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य | 1.38 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | शंकर के घर से अली मोहम्मद के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य | 1.96 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान** **ग्रा0पं0 खिरिया मुकुन्द, मोहम्मदाबाद** **ग्राम विकास अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**
**पत्रांकः291/न0पा0परि0का0/2024-25** **दिनांक 10/06/2024**
**अल्पकालीन मैन्युअल निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद कायमगंज को बोर्ड फण्ड/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न नाला सफाई कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए निविदा नगर पालिका परिषद कायमगंज में वर्ष 2024-25 में समस्त ठेकेदार/फर्मों से सीलबंद निविदा के माध्यम से दिनांक 19/06/2024 तक समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आगणन धनांक की 02 प्रतिशत जमानत राशि एवं निविदा मूल्य हेतु नकद/आर.टी.जी.एस./एफ.डी.आर. के माध्यम से जमा करना होगा। अनुबन्ध की शेष जमानत धनराशि 08 प्रतिशत देय होगी। बिना धरोहर राशि एवं निविदा मूल्य के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। सील बन्द निविदा डालने का दिनांक 12/06/2024 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 19/06/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक है। दिनांक 19/06/2024 को समय अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित समस्त ठेकेदारों/फर्मों के समक्ष निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि | जमानत धनराशि 2% | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोर्ड फण्ड/ राज्य वित्त आयोग | पुलिया पुलगालिब से अमित राईस मिल तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 72415 | 1448 | 100 | 15 दिन |
| 2 | | पुल गालिब तिराहे से लाल बाग तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 89598 | 1792 | 100 | 15 दिन |
| 3 | | गुड्डू अंसारी की गोदाम से अमित राईस मिल तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 74256 | 1485 | 100 | 15 दिन |
| 4 | | शिवाला भवन से टिलियां ग्राम तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य | 98101 | 1962 | 100 | 15 दिन |
| 5 | | जटवारा नलकूप से लेकर हरी वर्मा की गोदाम तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 73642 | 1473 | 100 | 15 दिन |
| 6 | | हरी वर्मा की गोदाम से प्रेम नगर तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य | 65051 | 1301 | 100 | 15 दिन |
| 7 | | मो0 गंगादरवाजा नलकूप से फूलमती नाले तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 49095 | 982 | 100 | 15 दिन |
| 8 | | ट्रांसपोर्ट से स्टेशन छायागृह तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य | 99134 | 1983 | 100 | 15 दिन |
| 9 | | ट्रांसपोर्ट से दुर्गा टॉकीज तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य | 73642 | 1473 | 100 | 15 दिन |
| 10 | | मो0 बगिया मंगूलाल नलकूप से लेकर प्रेमनगर ग्राम तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 55232 | 1105 | 100 | 15 दिन |
| 11 | | फूलमती मंदिर से हमीरपुर रोड तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 92938 | 1859 | 100 | 15 दिन |
| 12 | | नवाज अण्डा वाले से फूलमती मंदिर तक नाला सफाई एवं सिल्ट उठाने का कार्य। | 36821 | 736 | 100 | 15 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, कायमगंज**
**फर्रुखाबाद।**

# आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती करें सुनिश्चत : पुष्कर सिंह धामी

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण की जाएं। सभी विभाग 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती करना सुनिश्चत करें। एसटीपी प्लांट और पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली की तारों से कोई घटना न हो।

मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को चिह्नित किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आगामी मानसून की तैयारियों की बैठक के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपदों में ऐसे क्षेत्र जहां भू-स्खलन की समस्याएं रहती हैं, उन्हें चिह्नित कर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं करवाने की आवश्यकता है, समय पर की जाए। जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं, उनके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान बना कर रखे जाएं। मानसून के दृष्टिगत विभिन्न कार्यों के लिए शासन स्तर से जो धनराशि की आवश्यकता है, उसका यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। अतिवृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का तुरंत आकलन कर मानकों के अनुसार यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति की व्यवस्था रखी जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था रखी जाए।

# हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत दिसंबर 2025 में होने वाले पहले जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को भारत को जूनियर हॉकी विश्व कप के मेजबान के रूप में नामित किया। यह पहली बार होगा जब एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार, एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, ÷अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है।

इकराम ने कहा, इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ा दी है और मैं अगले साल हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इन 24 युवा टीमों को देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक और शानदार आयोजन आयोजित करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं! हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ÷हमें खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना है। हम इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी हमें सौंपने के लिए एफआईएच और एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम को अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहते हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम भारत के समृद्ध हॉकी इतिहास को साझा करने और युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और हम एफआईएच के हम पर भरोसे की सराहना करते हैं। यह आयोजन हॉकी को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने और भारत और विश्व भर में खिलाड़ियों और प्रशंसकों की एक पूरी नई पीढ़ी को प्रेरित करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। हम इस टूर्नामेंट को एक यादगार अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हॉकी से जुड़ी हर चीज का जश्न मनाए।÷ एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप का पिछला संस्करण 2023 में मलेशिया में हुआ था, जिसका खिताब जर्मनी ने जीता था।

### शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार किया ग्रहण, कहा

# विकसित भारत के लिए मिलकर करेंगे काम

**किसान कल्याण प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया। श्री चौहान सुबह कृषि भवन मंत्रालय के कार्यालय पहुंचे जहां वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर कार्य करेगा। किसान कल्याण प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



किसानों के कल्याण के कौन से कदम उठाएंगे, उसके वचन और मोदी जी की गारंटी भी है। किसान कल्याण के प्रत्येक संकल्प को पूरा करने के लिए भी आज काम प्रारंभ होगा। हम सब मिलकर खेती और किसानों के कल्याण के काम में अभी से जुटते हैं और अपने आपको समर्पित करते हैं।

### सभी अल्पसंख्यक समुदायों को मुख्यधारा लाना लक्ष्य



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर काम करते हुए सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों को मुख्यधारा में लाना सरकार का लक्ष्य है। श्री रिजिजू ने केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण करने के बाद आज पत्रकारों से कहा कि देश के हर एक काम में एकजुट होकर समावेशी विकास के सहारे काम किया जाएगा जिसमें सबका साथ सबका विकास मूल सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि वह पहले भी अल्पसंख्यक मंत्रालय में रहे हैं और यह बहुत ही महत्वपूर्ण मंत्रालय है जिसमें कई आयोग और बोर्ड हैं।

### कार्यभार संभालते ही गडकरी ने अफसरों संग की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार (11 जून) को कार्यभार संभालने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। इस मौके पर राज्य मंत्री मौजूद रहे । पदभार संभालने से पहले आज पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित उनके दिल्ली आवास पर भेंट कर शुभकामनाएं दी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के अधिकृत सूत्रों के मुताबिक सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय अब देश में टोल बूथ सिस्टम खत्म करने की तैयारी कर रहा है। अब देश के सभी राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस वे पर सैटेलाइट माध्यम से टोल वसूल किया जाएगा। द्वारका एक्सप्रेस वे पर इसका सफल परीक्षण हो गया है।

उन्होंने कहा, मैं, मेरे साथी मंत्रीगण और अधिकारी एक टीम के रूप में मिलकर काम करेंगे। परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करेंगे।÷ उन्होंने कहा, ÷ संकल्प पत्र अधिकारियों को सौंपा गया है जिसमें

### राजग घटक दलों को खत्म करेगी भाजपा : संजय सिंह

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों को मंत्रिमंडल में सम्मान न देकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने साफ संकेत दे दिया है कि उसने अपने घटक दलों को समाप्त करना शुरू कर दिया है। श्री सिंह ने मंगलवार को कहा कि इंडिया समूह के दलों को जिस बात की आशंका थी वो सच साबित होने जा रहा है। इस सरकार में राजग के घटक दलों को गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, वाणिज्य, रेल, सड़क, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, दूर-संचार में से कोई मंत्रालय नहीं मिला। उन्हें हाथ में केवल मंत्रालय के तौर पर झुनझुना थमा दिया गया। भाजपा ने साफ तौर पर पहला संकेत दे दिया है कि उसकी अपने घटक दलों को अपमानित करने और धीर-धीरे उनकी ताकत समाप्त करने की जो प्रवृत्ति और कार्य शैली है, मंत्रालय के बंटवारे के बाद इसकी शुरुआत हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 10 साल में देश के अंदर जोड़-तोड़ करके, विधायकों और सांसदों की खरीद फरोख्त करके पार्टियों को तोड़ा है। राजग के घटक दलों को ये झुनझुना मंत्रालय देने के बाद अब इनका अगला चरण इन पार्टियों को खत्म करना होगा।



### चम्पाई सोरेन कैबिनेट में खाली पदों पर कांग्रेस के विधायकों की दावेदारी

**रांची।** जेल में बंद आलमगीर आलम के मंत्री पद और कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से इस्तीफे के बाद से ये दोनों पद खाली हो गए हैं। इन दोनों ही पदों पर जल्द नियुक्ति की संभावना जताई जा रही है। साथ ही झारखंड में पहले से ही एक मंत्री पद खाली है, जिसपर कांग्रेस दावा करती रही है। ऐसे में दो मंत्री और एक विधायक दल के नेता का पद खाली है। जेएमएम से बार्गेन करने में यदि कांग्रेस सफल होती है, तो उसके तीन विधायकों को मौका मिल सकता है। पिछले दिनों कांग्रेस के छह से आठ विधायक मंत्रिमंडल में नए चेहरों को शामिल करने की मांग आलाकमान से कर चुके हैं। इस दौरान इनके तेवर भी बेहद तल्ख रहे हैं। बेरमो से विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह को कांग्रेस पहले ही उनकी पत्नी को लोकसभा का टिकट देकर उनकी शिकायत को खत्म कर चुकी है। रही बात शिल्पी नेहा तिर्की की, तो वह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की की बेटी हैं। फिलहाल, बंधु तिर्की झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में शिल्पी को मंत्री बनाने की संभावना कम ही लग रही है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट : बिटकॉइन 67 हजार डॉलर से भी नीचे लुढ़का

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मंगलवार को कोहराम मचा हुआ है। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज रेड जोन में कारोबार कर रहे हैं। आज बाजार में आई गिरावट के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी 67 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे गिर गई है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम में भी आज करीब 4 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 3.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66,997.56 डॉलर यानी 56 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 3.83 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,533.72 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.06 प्रतिशत, बीएनबी 5.42 प्रतिशत, सोलाना 3.26 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.54 प्रतिशत, डॉगकॉइन 2.05 प्रतिशत, टॉनकॉइन 3.35 प्रतिशत और कार्डानो 3.95 प्रतिशत की कमजोरी के साथ रेड जोन में कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 3.55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.44 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 203.95 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 8,128 करोड़ डॉलर यानी 6.79 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 37.82 प्रतिशत अधिक है।

### कमान अधिकारी से एनसीसी प्रमाण-पत्र पाकर खिले कैडेटों के खिले चेहरे




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को 67 यूपी बटालियन में एनसीसी सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके तहत उत्तीर्ण कैडेटों को 67 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में कुल 53 उत्तीर्ण कैडेटों को प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त अवसर पर कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने एनसीसी कैडेटों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रमाण पत्र कागज का टुकड़ा नहीं है बल्कि आपकी मेहनत, साहस, धैर्य, ज्ञान और देश सेवा का सबूत है। इस प्रमाण पत्र के जरिए आप अपनी सफल होने की राह में इसकी भागीदारी से अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। उक्त अवसर पर 67 बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल जे पी मिश्रा और सूबेदार मेजर रंजीत कुमार, ट्रेनिग जेसीओ सूबेदार जितेंद्र गुप्ता ट्रेनिंग एनसीओ हवलदार शोभनाथ, हवलदार आनन्द सहित अन्य जेसीओ व एनसीओ भी मौजूद रहे।

# फसल बीमा के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए क्षेमा जनरल इंश्योरेंस ने शुरु किया अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने देश में अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए एक सार्थक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य खरीफ सीज़न शुरु होने पर किसानों को फसल बीमा के बारे में जागरूक करना है। यह संपूर्ण अभियान एक टीवी विज्ञापन पर आधारित है, जो मानसून के आगाज़ के साथ बुआई शुरू करते ही किसानों तक पहुँच जाएगा। यह टीवी अभियान प्रिंट, डिजिटल और आउटडोर मीडिया में अतिरिक्त अभियानों के समर्थन से चलाया जा रहा है। यह अभियान किसानों को बताता है कि वित्तीय सुरक्षा के रूप में फसल बीमा का क्या महत्व है, खासकर तब, जब जलवायु घटनाएँ चरम पर हैं और लगातार तीव्र होती जा रही हैं।



30 सेकंड के टीवी विज्ञापन को क्षेमा की इन-हाउस टीम ने बनाया है। इसका उद्देश्य किसानों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करना और क्षेमा की अभिनव फसल बीमा योजना, सुकृति और प्रकृति तक आसान पहुँच सुनिश्चित करना है। यह उत्पाद क्षेमा के प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जिसे गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। बीमा योग्य आय वाला कोई भी किसान या परिवार का सदस्य फसल बीमा को खरीद सकता है, जिसकी शुरुआती कीमत 499 रुपए प्रति एकड़ है। एक बड़ी और एक छोटी आपदा के संयोजन से यह बीमा 100 से अधिक फसलों को कवर करता है। इसके लिए आपको ऐप डाउनलोड करके अपना पंजीकरण करना होगा, अपने खेत को जियो-टैग करना होगा और प्रीमियम का भुगतान करना होगा।

टीवी विज्ञापन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, भास्कर ठाकुर, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड, ने कहा, ÷मुझे खुशी है कि हम इस टीवी विज्ञापन के माध्यम से फसल के नुकसान और आय की क्षति को कम करने में फसल बीमा की उपयोगिता बता रहे हैं और किसानों को इसके बारे में जागरूक कर रहे हैं। यह टीवी विज्ञापन पिता और बेटी के खूबसूरत रिश्ते की कहानी पर आधारित हम मानते हैं की प्रदर्शित किया गया पिता और बेटी का भावनात्मक रिश्ता, किसानों को प्रभावित करेगा और उन्हें वित्तीय सुरक्षा का महत्व समझाने में कारगर सिद्ध होगा। बच्चे अक्सर बेहद सरलता से दिल छू लेने वाले ऐसे प्रश्न पूछ बैठते हैं, जो हमें कहीं न कहीं गहराई से विचार करने के लिए प्रेरित करते हैं। यही वजह है कि हमने फसल बीमा खरीदी का संदेश देने के लिए इस रिश्ते को चुना, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले वित्तीय नुकसान को कम किया जा सके। फिल्म की शुरुआत खेत में काम कर रहे एक किसान से होती है, जो अपनी बेटी के साथ भोजन करने के लिए काम से कुछ देर के लिए विराम लेता है।

## खबरें एक नजर में

### अमेजन ने लखनऊ में लॉन्च किया फाइर टीवी स्टिक 4के



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अमेजन ने मंगलवार को लखनऊ में अपने नए फाइर टीवी स्टिक 4के को 5,999 रुपये में लॉन्च करने की घोषणा की। फाइर टीवी परिवार का यह नवीनतम उत्पाद्वअमेजन का भारत में सबसे शक्तिशाली स्ट्रीमिंग स्टिक है। फाइर टीवी स्टिक 4के, शानदार अल्ट्रा एचडी पिक्चर क्वालिटी, डॉल्बी विज़न, एचडीआर10 + और डॉल्बी एटमॉस ऑडियो के साथ सिनेमाई 4के कंटेंट के लिए तेज़ स्ट्रीमिंग की पेशकश करता है, जो होम एंटरटेनमेंट के अनुभव को और बेहतर बना सकता है। ग्राहक इस डिवाइस को अपने टीवी के एचडीएमआई पोर्ट से जोड़ कर अपना पसंदीदा कंटेंट देख सकते हैं।ग्राहक कई किस्म के फाइर टीवी स्टिक, फाइर टीवी स्टिक 4के मैक्स औरफाइर टीवी क्यूब सहित फाइर टीवी डिवाइस पर लोकप्रिय ओटीटी प्रदाताओं, यूट्यूब और अन्य वीडियो ऐप से वीडियो मनोरंजन सामग्री स्ट्रीमिंग का आनंद लेते हैं। आज, देश के 99 प्रतिशत पिन कोड में, ग्राहकों ने फाइर टीवी डिवाइस खरीदे हैं। 2023 में, पठान, जेलर, फ़ज़ी, दृश्यम 2 और रॉकी और रानी, मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में फाइर टीवी पर सबसे अधिक देखे जाने वाले अमेज़न प्राइम वीडियो टाइटल रहे। अलेक्सा का उपयोग कर आवाज़ के ज़रिये खोजे गए लोकप्रिय टाइटल में तारक मेहता का उल्टा चश्मा, बिग बॉस, अनुपमा, रामायण और सीआईडी शामिल रहे। अमेजन डिवाइसेज़ इंडिया के महाप्रबंधक, अनीश उन्नीकृष्णन ने कहा ÷नए स्टिक 4के को हमारे ग्राहकों को स्ट्रीमिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 1.7 गीगाहट्र्ज क्वाड कोर प्रोसेसर की मदद से तेज़ प्रदर्शन के अलावा, नया स्टिक 4के एलेक्सा को सरल कमांड के ज़रिये विभिन्न किस्म के 12,000 से अधिक ऐप, वॉयस सर्च और कंटेंट कंट्रोल, बेहतर तस्वीर और ऑडियो गुणवत्ता, गेम के लिए इमर्सिव ग्राफिक्स आदि तक पहुंच प्रदान करता है। भारत के टीवी दर्शक फाइर टीवी के माध्यम से हर दिन औसतन चार घंटे अपनी पसंदीदा फिल्में, टीवी शो, क्रिकेट मैच, गेम खेलना, संगीत सुनने आदि का आनंद लेते हैं।

### अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया

**नई दिल्ली।** सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद वैष्णव ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि लोगों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की सेवा करने का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा अपने कार्यकाल के पहले दिन सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों और किसानों को लेकर समर्पित फैसला लिया। उन्होंने युवाओं के लिए बहुत मजबूत नींव रखी है। उन्होंने एक बार फिर मंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

### प्रधानमंत्री का सभी से नियमित योगाभ्यास का आह्वान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पोस्ट पर आज योग के महत्व पर चर्चा की है। उल्लेखनीय है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। महत्वपूर्ण यह है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सूत्रधार प्रधानमंत्री मोदी हैं।उन्होंने लिखा है, जैसे-जैसे योग दिवस नजदीक आ रहा है, मैं वीडियो का एक सेट साझा कर रहा हूं जो विभिन्न आसन और उनके लाभों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मुझे आशा है कि यह आप सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करेगा।प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, %% योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। योग शांति का अभयारण्य प्रदान करता है, जो हमें शांति और धैर्य के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट की केंद्रीय अनुबंध सूची में लॉरेन डाउन की वापसी

एजेंसी

**वेलिंगटन।** बल्लेबाज लॉरेन डाउन न्यूजीलैंड क्रिकेट की अनुबंधित महिला खिलाड़ियों की सूची में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह 2024-25 के लिए केंद्रीय अनुबंध की पेशकश करने वाली 17 खिलाड़ियों में से एक हें।

डाउन ने पिछले सीजन में मातृत्व अवकाश के दौरान अनुबंध की पेशकश को अस्वीकार कर दिया था, लेकिन इस महीने के अंत में इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम में उनका नाम शामिल किया गया। डाउन, जिन्होंने 28 एकदिवसीय और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। 2024-25 अनुबंध अवधि 1 अगस्त से शुरू होगी, जिसमें खिलाड़ियों के पास प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए 17 जून तक का समय होगा। अनुबंध सूची में विकेटकीपर-बल्लेबाज पॉली इंगलिस का भी नाम है, जिन्हें पहली बार प्रस्ताव मिला है। इंगलिस ने मार्च में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड ए के खिलाफ तीन एक दिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड ए के लिए 103 रन बनाए, जिसमें मेजबान टीम ने 2-1 से श्रृंखला जीती।

इससे पहले, उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट की महिला वन-डे प्रतियोगिता में 324 रन बनाए थे - जो महिलाओं के लिए घरेलू 50 ओवर का टूर्नामेंट है। न्यूजीलैंड की महिला टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ÷हमने 17 नामों की एक मजबूत सूची बनाई है, जो हमें लगता है कि अगले 12 महीनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे... इस साल चयन प्रक्रिया का एक बड़ा हिस्सा यह देखना था कि 2025 के वनडे विश्व कप में कौन हिस्सा ले सकता है।

# पेरिस ओलंपिक टेनिस : रोहन बोपन्ना, सुमित नागल ने भारत के लिए हासिल किया कोटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमशः युगल और एकल प्रतियोगिता में एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग के जरिए भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल कर लिया है। टेनिस के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना ने आराम से अपना कोटा हासिल कर लिया, जो पिछले साल नवंबर से युगल प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में शामिल हैं पिछले हफ्ते एकल रैंकिंग में 18 स्थानों की छलांग लगाने के बाद नागल ने भी कोटा हासिल किया।

ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रविवार को जर्मनी के हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद नागल 95वें स्थान से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 77वें स्थान पर पहुंच गए। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धा में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार पुरुष एकल स्पर्धा के शीर्ष 56 खिलाड़ियों को अपने कोटा मिल गए हैं। प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है। फ्रांस के पास मेजबान देश के तौर पर एक कोटा स्थान आरक्षित था, ताकि अगर उनका कोई भी खिलाड़ी रैंकिंग के ज़रिए ओलंपिक में सीधे स्थान हासिल न कर पाए तो उसे यह स्थान मिल सके। लेकिन चूंकि फ्रांस ने अपनी रैंकिंग के ज़रिए सभी चार पुरुष एकल कोटा हासिल कर लिए थे, इसलिए मेजबान देश के कोटे को पूल में वापस जोड़ दिया गया और कट-ऑफ 56 से बढ़कर 57 खिलाड़ी हो गया।नागल हालांकि रैंकिंग में 77वें स्थान पर हैं, लेकिन विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाले पात्र खिलाड़ियों में वह अंतिम स्थान पर हैं। टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारत के लिए खेलने वाले नागल जनवरी में रैंकिंग में 138वें स्थान पर थे। उन्होंने इस साल की शुरुआत में चेन्नई ओपन में खिताब जीतकर एटीपी के शीर्ष 100 में जगह बनाई। ओलंपिक टेनिस के लिए, दुनिया भर की राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 19 जुलाई तक कोटा के उपयोग की पुष्टि करनी होगी। उनके पास बहु-खेल आयोजन में अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने का विशेष अधिकार है और खेलों में एथलीटों की भागीदारी इस बात पर निर्भर करेगी कि वे ओलंपिक में देश के ध्वज का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन कैसे करते हैं। इस बीच, युगल स्पर्धा में पुरुष और महिला वर्ग में 32-32 टीमें भाग लेंगी, जिसमें प्रत्येक देश से दो टीमें होंगी। इस स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले पहले खिलाड़ी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 खिलाड़ी थे, बशर्ते उनके पास युगल प्रतियोगिता के शीर्ष 300 में कोई साथी उपलब्ध हो।

